भोपाल
शनिवार, 9 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 12, अंक : 130
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# 'ऑपरेशन सिंदूर' में वार जोन में तैनात रहे भाइयों के हाथों में आज बंधेगी राखी, कोई 6 तो कोई 10 साल बाद आ रहा

## रक्षाबंधन पर्व पर विशेष

मधुरिमा राजपाल ▶▶भोपाल

फिर उड़ गई नींद ये सोच कर कि सरहद पर बहा वो खून मेरी नींद के लिए था.. यह पंक्तियां हर उस वीर जवान के लिए सटीक बैठती हैं जो सरहद पर तैनात है ताकि हर एक भारतीय चैन की नींद सो पाए। और यह पंक्तियां 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तो मानो सार्थक प्रतीत हुईं। इस दौरान हर एक दिल से उन वीर भाइयों के लिए सलामती की दुआ ही निकली, जो सरहद पर तैनात थे, ऐसी ही सलामती की दुआ उन ▶▶शेष पेज 6 पर

### कहानी 1 [ सौम्या विहार निवासी सुमित कौर

### भाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा करती

**करीब 7 साल बाद बांधेंगी राखी**


एलबम फोटो

बैंक में कार्यरत, सौम्या विहार निवासी सुमित कौर का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर का वक्त इतना जटिल था कि केवल वर्दीधारी बेटे की मां ही चिंतित नहीं थी बल्कि हर एक बहन भी अपने भाई की कलाई ▶▶शेष पेज 6 पर

### कहानी 2 [ अरेरा कॉलोनी निवासी स्वाति सचदेवा

### मेरे लिए सिर्फ रक्षाबंधन ही नहीं बल्कि मेरी होली और दिवाली भी

**भाई करीब 10 साल के बाद राखी बंधवाने आ रहा**


एलबम फोटो

अरेरा कालोनी निवासी स्वाति सचदेवा कहती हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेरे भाई कर्नल गुलशन मेहता नॉर्थ ईस्ट में तैनात थे, साथ ही मेरे पति भी नेवी में हैं और वो उस दौरान विशाखापट्टनम में पोस्टेड थे। मेरी चिंता दोनों के लिए ही ▶▶शेष पेज 6 पर

### कहानी 3 [ नीलबड़ निवासी ममता और सरिता मीणा

### दुआ मांगी थी कि सब ठीक हो जाए यही हुआ, हम राखी सजाए खड़ी हैं

**आज भाई करीब 6 साल बाद आएगा**


एलबम फोटो

नीलबड़ निवासी ममता और सरिता मीणा का कहना है कि मेरा भाई ओमप्रकाश मीणा करीब 19 साल से आर्मी में पोस्टेड है और राखी पर बमुश्किल ही आ पाता है, आज रक्षाबंधन के लिए वह करीब 6 साल के बाद आएगा ▶▶शेष पेज 6 पर

## 297 साल बाद श्रवण नक्षत्र-सौभाग्य योग

## मकर राशि में चंद्रमा के विशेष संयोग में मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्योहार

**राखी बांधने के लिए यह रहेंगे श्रेष्ठ मुहूर्त**

- शुभ चौघड़िया : सुबह 7 बजकर 27 मिनट से 9 बजकर 7 मिनट तक
- चल चौघड़िया : दोपहर 12 बजकर 27 मिनट से 2 बजकर 5 मिनट तक
- लाभ चौघड़िया : दोपहर 2 बजकर 6 मिनट से 3 बजकर 46 मिनट तक
- अमृत चौघड़िया : दोपहर 3 बजकर 47 मिनट से 5 बजकर 26 मिनट तक

### रक्षाबंधन पर 8 ग्रह उन्हीं राशियों में रहेंगे, जिनमें 1728 में थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रक्षाबंधन का त्योहार इस बार शनिवार को खास संयोग के साथ मनेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने 'हरिभूमि' को बताया कि भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक का ये पर्व इस बार श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग, करण, मकर राशि में चंद्रमा और पूर्णिमा तिथि में मनाया जाएगा। ऐसा योग 297 साल बाद बना है। ग्रहों की वर्तमान स्थिति 1728 में बने दुर्लभ संयोग को दोहरा रही है। रक्षाबंधन पर 8 ग्रह उन्हीं राशियों में रहेंगे, जिनमें 1728 में थे। इनमें सूर्य कर्क, चंद्र मकर, मंगल कन्या, बुध कर्क, गुरु और शुक्र मिथुन, राहु कुंभ और ▶▶शेष पेज 6 पर

**देश में सबसे पहले महाकाल को अर्पित होगी राखी**



### भस्म आरती में बाबा महाकाल को राखी बांधकर मनेगा रक्षाबंधन

**उज्जैन।** इधर, देशभर में सबसे पहले शनिवार तड़के 3 बजे बाबा महाकाल को राखी अर्पित की जाएगी। यह खास राखी हर वर्ष पुजारी परिवार की महिलाएं ही तैयार करती हैं। वे बाबा महाकाल को अपना भाई मानकर ये राखी बनाती हैं। महाकाल को अर्पित की जाने वाली राखी इस बार मंदिर समिति के अमर पुजारी के परिवार की महिलाएं बना रही हैं। वे तीन दिन से इसमें जुटी हैं। मखमल का कपड़ा, रेशमी धागा और मोती का उपयोग कर राखी पर भगवान गणेश को विराजित किया गया है। मान्यता है कि हिंदू रीति-रिवाज से मनाए जाने वाले सभी पर्वों की शुरुआत महाकाल मंदिर से ही होती है। भगवान महाकाल को राखी बांधने के बाद सवा लाख लड्डुओं का महाभोग अर्पित किया जाएगा। ये लड्डू शुद्ध देसी घी, बेसन, शक्कर और ड्रायफ्रूट्स से तैयार किए जा रहे हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### डंपर ने मारी टक्कर दो कावड़ियों की मौत



**सिवनी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पैदल चल रहे कावड़ियों के पीछे चल रहे ट्रैक्टर को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, इस हादसे में 2 कावड़ियों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाईवे-44 पर देर रात हादसा हुआ। इस घटना के बाद चालक मौके पर डंपर छोड़कर फरार हो गया।

### हाउसिंग बोर्ड का बाबू रिश्वत लेते पकड़ाया



**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस ने मप्र हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अमन कोष्ठा है, जो सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ है। आरोपी, शिकायतकर्ता को कई दिनों से मकान के नामांतरण को लेकर रिश्वत भी मांग रहा था।

### सीबीएसई प्रमुख राहुल का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह राहुल सिंह को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के अध्यक्ष पद पर दो वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। बिहार कैडर के 1996 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी सिंह को पिछले साल 13 मार्च को नियुक्त किया गया था। सिंह का कार्यकाल 11 नवंबर, 2027 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

**टैरिफ पर तनाव : यूएस से पी-8I पोसीडन प्लेन, स्ट्राइकर कॉम्बैट व्हीकल्स, एंटी मिसाइल टैंक खरीदे जाने हैं**

# यूएस से 'हथियार खरीद' पर वार्ता जारी पर रक्षामंत्री की अमेरिका यात्रा पर 'संशय'

*रूसी तेल खरीद से नाराज ट्रंप को भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इससे अमेरिका का व्यापार काफी मार खाएगा। साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था में अमेरिका का पिछड़ना तय माना जा रहा है*



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत-अमेरिका रक्षा सौदों को रद्द करने पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा की कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा, सूत्रों ने बताया कि अमेरिका से आपूर्ति मौजूदा अनुबंधों के अनुसार जारी रहेगी और आगे के ऑर्डर पर बातचीत जारी रहेगी। मंत्रालय के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित वार्ता रोकने की खबरें झूठी और मनगढ़ंत हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद के विभिन्न मामलों में मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार प्रगति हो रही है। यह प्रतिक्रिया रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के बाद आई है, ▶▶शेष पेज 6 पर

**यह डील 31,500 करोड़ रुपए की है**



- *राष्ट्रपति ट्रंप ने 50 फीसदी का टैरिफ लगाया है, 25 फीसदी टैरिफ 8 अगस्त से लागू हो गया*
- *50 फीसदी टैरिफ किसी भी अमेरिकी व्यापारिक साझेदार के लिए सबसे अधिक*

**ट्रंप के बयान का असर**

### अधर में लटकी अमेरिकी दल की भारत यात्रा

दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए इस महीने की 25 तारीख को एक अमेरिकी दल भारत की यात्रा पर आने वाला था। लेकिन उससे ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान ने अमेरिकी दल की यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी है। जबकि पूर्व में यह अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिकी दल की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच जो चर्चा होगी। उससे कई मुद्दों का समाधान निकल सकता है।

### ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार वार्ता से किया इनकार



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारतीय आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50% करने के उनके प्रशासन के फैसले के बाद, टैरिफ पर विवाद सुलझने तक भारत के साथ कोई व्यापार वार्ता नहीं होगी। ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप से सवाल किया कि भारत के टैरिफ के संबंध में, क्या आप 50% टैरिफ की घोषणा के बाद व्यापार वार्ता में वृद्धि की उम्मीद करते हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा- नहीं, जब तक हम इसे हल नहीं कर लेते, तब तक नहीं। ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिससे कुल लेवी (टैरिफ) 50% तक बढ़ गई। इस कार्यकारी आदेश में दावा किया गया है कि भारत की तरफ से किए जा रहे ये आयात, चाहे प्रत्यक्ष या बिचौलियों के माध्यम से, अमेरिका के लिए असामान्य ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 12 भी

**महामंडलेश्वर रामदास महाराज बोले**

### हिंदू बहनें मुसलमानों को न बांधें अब राखी

**इंदौर।** हिंदू त्योहारों पर आपत्तिजनक रील बनाए जाने को लेकर संत समाज ने सख्त नाराजगी जताई है। महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने हिंदू बहन-बेटियों से अपील की है कि वे केवल हिंदू भाइयों को ही राखी बांधें। उन्होंने कहा कि किसी मौलवी या मुस्लिम युवक को राखी न बांधें और न ही उन्हें अपने घर बुलाएं। यह लोग पहले राखी बंधवाते हैं और बाद में घात लगाकर बहन-बेटियों व उनके परिवार को लव जिहाद में फंसा देते ▶▶शेष पेज 6 पर


- आपत्तिजनक रील बनाने पर जताई आपत्ति

**पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकी का मामला**

### ठेकेदार को लाभ पहुंचाने 50 करोड़ की पहुंचाई क्षति

**रीवा।** लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिकी डिवीजन में लंबे समय तक प्रभारी कार्यपालन यंत्री रहे विनय कुमार श्रीवास्तव अब आर्थिक अपराध अन्वेषण विंग (ईओडब्ल्यू) के रडार पर आ चुके हैं। शासन को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाने और नियमों की अनदेखी कर मनचाही फर्मों को फायदा पहुंचाने के गंभीर आरोपों में उनके खिलाफ प्राथमिक जांच शुरू हो गई है। ईओडब्ल्यू की रीवा इकाई ने प्रकरण दर्ज ▶▶शेष पेज 6 पर


- ईओडब्ल्यू ने प्रकरण दर्ज किया

**रक्षाबंधन पर बड़ा फैसला**

### पीएम उज्ज्वला योजना में 12000 करोड़ रु. की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपए की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण ▶▶शेष पेज 6 पर


- 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा

**दस्तावेजों का पेपरलेस ई-पंजीयन करने वाला देश का पहला राज्य बना**

## मप्र को 'संपदा 2.0' सॉफ्टवेयर के लिए मिलेगा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार

**यह सम्मान 28वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस में प्रदान किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू किया है। यानी, रजिस्ट्री कराने के लिए पंजीयक कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी।

यह प्रक्रिया इम्परसनेशन एवं भूमि संबंधी विवादों को कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। यह भारतीय स्टाम्प अधिनियम के तहत लगभग 140 प्रकार के दस्तावेजों में से 75 दस्तावेजों का वीडियो के-वाई-सी के माध्यम से फेसलेस पंजीयन से संभव हुआ है। इस पहल के लिए संपदा 2.0 को वर्ष 2025 के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार में 'स्वर्ण' श्रेणी के सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान 28 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस में प्रदान किया जाएगा।

### दस्तावेजों पर होते हैं डिजिटल साइन

पहले की संपदा 1.0 की तुलना में संपदा 2.0 में पक्षकारों और संपत्ति की पहचान आधार ई-ओथ एवं ई-केवाईसी के माध्यम से की जाती है, संपत्ति का विवरण संबंधित विभाग से सीधे एकीकृत कर लिया जाता है और दस्तावेज का प्रारूपण स्वचलित रूप से विधिक आवश्यकताओं सहित तैयार होता है। दस्तावेजों ▶▶शेष पेज 6 पर

**शीर्ष कोर्ट ने 4 अगस्त के फैसले से दो पैरा हटाए**

## हाईकोर्ट जज को आपराधिक केसों की सुनवाई से रोकने वाला आदेश 'रद्द'

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने 4 अगस्त के आदेश से दो पैराग्राफ हटा दिए हैं, जिसमें उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक रोस्टर से हटाने का निर्देश दिया था। दरअसल, जज ने टिप्पणी की थी कि धन वसूली विवादों में एक विकल्प के रूप में आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। कोर्ट ने यह साफ किया कि उसका इरादा उन्हें शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दोहराया कि ये टिप्पणियां न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर से मामले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इन टिप्पणियों को हटा रही है। कोर्ट ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं। हम इस मामले में फैसला लेने का काम उन पर छोड़ते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के कम से कम 13 ▶▶शेष पेज 6 पर

- खुद सुप्रीम कोर्ट के कई जज इन टिप्पणियों से असहमत थे



**28 हजार से अधिक बाढ़ प्रभावितों के लिए अंतरित की 30 करोड़ की राशि**

## जब मुख्यमंत्री ने बुजुर्ग से कहा- आपको भगवान की कसम, सच-सच बोलना, बुजुर्ग ने कहा- ऐसा मैनेजमेंट तो मैंने अपनी जिंदगी में नहीं देखा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से प्रदेश के 28 हजार से अधिक बाढ़ प्रभावितों को 30 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस दौरान वे प्रभावितों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने प्रशासन की खूब तारीफ की। बुजुर्ग की बात सुनकर मुख्यमंत्री मुस्कुराए और पूछा कि आप प्रशासन की इतनी तारीफ कर रहे हो, कहीं आपको सिखा-पढ़ाकर तो नहीं बैठाया गया है कि यही बोलना है।

डॉ. यादव ने कहा कि आपको भगवान की कसम है, सच-सच बोलना। इस पर ▶▶शेष पेज 6 पर

- *डॉ. यादव ने पूछा- कहीं, आपको सिखा-पढ़ाकर तो नहीं बैठाया*
- *बुजुर्ग ने कहा-प्रशासन ने वहां से निकालने के, खाने-पानी के सारे इंतजाम किए*

**सरकार संकट की घड़ी में बाढ़ प्रभावितों के साथ**



मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ है। उन्होंने शिवपुरी, गुना, दमोह, रायसेन, छिंदवाड़ा के बाढ़ प्रभावितों से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने प्रभावितों से बाढ़ के दौरान प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून काल में अब तक 37 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है, जिससे प्रदेश ▶▶शेष पेज 6 पर

### अतिवृष्टि और बाढ़ के दृष्टिगत रहें सावधान

डॉ. यादव ने कहा कि वर्षा ऋतु अभी समाप्त नहीं हुई है। हमें अतिवृष्टि और बाढ़ के दृष्टिगत सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ ▶▶शेष पेज 6 पर

# हमीदिया अस्पताल से लेकर अपेक्स बैंक, रोशनपुरा सहित अन्य प्रतिबंधित जगहों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे कई ई-रिक्शे




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला प्रशासन की ओर से राजधानी की व्यस्ततम और अहम 12 सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाई थी। इन आदेश का यातायात पुलिस की ओर से पालन नहीं कराया जा रहा। इसके चलते इन प्रतिबंधित क्षेत्र में बेधड़क ई-रिक्शा दौड़ रहे है।

## 12 स्थानों पर लगाई गई रोक

*जिनको रोकने में यातायात पुलिस नहीं रोक रही है। आदेश को जारी हुए आधा माह से अधिक का समय बीत गया। लेकिन इसका पालन होता नहीं दिख रहा है। रक्षाबंधन के त्योहार के एक दिन पहले यानी शुक्रवार को हमीदिया अस्पताल से लेकर अपेक्स बैंक, रोशनपुरा सहित अन्य प्रतिबंधित जगहों पर खुलेआम ई-रिक्शा दौड़ते नजर आए।*



### रोशनपुरा में दिनभर सवारी ले जाते नजर आए ई-रिक्शे

रोशनपुरा क्षेत्र में ई-रिक्शा का संचालन हो रहा। यहां पर चालक सवारियों को छोड़ने व रिक्शे में बैठाते नजर आ रहे है। तो वहीं अपेक्स बैंक के यहां से भी ई-रिक्शा चालक दिन सवारियां बैठाते दिखाई दे रहे है।

### हमीदिया रोड पर लग रहा जाम

कलेक्टर के आदेश के तहत हमीदिया अस्पताल के सामने ई-रिक्शों के संचालन पर रोक लगाई गई थी। लेकिन अभी तक इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते यह रिक्शा यहां पर संचालन हो रहे है। सवारियों के इंतजार में यह रिक्शा चालक यहां पर सड़कों पर खड़े रहते है। इसके चलते जाम की स्थिति बन रही है।



### यहां ई-रिक्शा चलाने व पार्किंग पर प्रतिबंध

- राजभवन से पॉलिटेक्निक चौराहा
- पॉलिटेक्निक चौराहा से स्टेट हैंगर
- बोट क्लब
- हमीदिया रोड-अल्पना से भोपाल टॉकीज
- अपेक्स बैंक से रोशनपुरा
- लिंक रोड-1 बोर्ड ऑफिस चौराहा से अपेक्स बैंक तक
- काटजू अस्पताल तिराहा से रंगमहल तिराहा तक
- वन्दे मातरम से 10 नंबर स्टॉप तक
- 10 नंबर से नेशनल अस्पताल तक
- सेंटर प्वाइंट से रोशनपुरा तक
- जीजी फ्लाईओवर

---

### भद्रा का नहीं रहेगा असर, भाइयों की कलाई पर दिनभर बहनें सजाएंगी स्नेह की डोर

# श्रवण नक्षत्र आयुष्मान व सौभाग्य योग के विशेष संयोग के साथ आज धूमधाम से मनेगा रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन श्रवण नक्षत्र आयुष्मान व सौभाग्य योग के विशेष संयोग में मनाया जाएगा। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा-पंचक का प्रभाव नहीं रहेगा। ऐसे में शनिवार को दिन भर राखी बांधी जाएगी।

इस बार रक्षाबंधन पर विशेष आयुष्मान व सौभाग्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। दोपहर 3.30 बजे तक श्रवण नक्षत्र है। इसके बाद धनिष्ठा नक्षत्र लगेगा। आयुष्मान योग सुबह 5.56 बजे तक है। इसके बाद दिनभर सौभाग्य योग रहेगा। इसमें राखी बांधना अत्यंत कल्याणकारी होता है। हालांकि राखी के मौके पर सूर्योदय से पहले ही भद्रा समाप्त हो जाएगी, लेकिन इस बार राहु काल का साया रहेगा। भद्रा की तरह राहु काल में भी राखी बांधना अशुभ माना जाता है। ऐसे में इस दौरान बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधने से बचना चाहिए। इस बार सावन की पूर्णिमा 8 अगस्त को दोपहर को लगेगी और 9 अगस्त के दिन में करीब 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि होने की वजह से 9 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा।


न्यू मार्केट में सजी राखी की दुकानें।

### राखी बांधते समय इस बात का रखें विशेष ध्यान

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि राखी बांधने से पहले पूजा थाली तैयार करना चाहिए। उसमें राखी, अक्षत, रोली, मिठाई और दीपक रखें। इस थाली को सबसे पहले आराध्य अर्पित करके पूजा करना चाहिए। थाली में से पहली राखी भगवान गणेश को बांधना चाहिए। फिर एक स्वच्छ स्थान पर भाई को पूर्व दिशा की तरफ मुख करके बिठाएं। बहन-भाई किसी कपड़े से अपना सिर ढकें। राखी बांधते समय तीन गांठ लगाना शुभ माना जाता है।


न्यू मार्केट में मेहंदी लगवाती युवती।


न्यू मार्केट में भीड़ पर नजर रखे पुलिसकर्मी।

### रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों से नशे से दूर करने का लें संकल्प

*अखिल विश्व गायत्री परिवार पर की ओर से रक्षाबंधन के पर्व को श्रावणी पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत शनिवार को 7:30 से भोपाल के सभी परिजन 10 स्नान किया जाएगा। जिसमें गोबर, गोमूत्र मिट्टी, गौमय पंच द्रव्य आदि से स्नान कर यज्ञोपवित्र (जनेऊ) बदलकर वैदिक गायत्री यज्ञ संपन्न होगा। इसके बाद आपस में एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाएं देंगे। गायत्री परिवार रक्षाबंधन के पर्व बहन भाई को राखी बंधते समय भाई से वचन ले। इसमें जहां एक व्यसन बुराई, फैशन या नशे व्यसन से दूर रहे। कलश यात्रा कोलार क्षेत्र में पहुंची दिव्या ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को कोलार क्षेत्र में जन जागरण के लिए पहुंची। इस दौरान प्रियंका नगर के हनुमान मंदिर पर दीप यज्ञ के साथ समापन हुआ।*





### बच्चियों ने सेवा मंडल के सदस्यों को बांधी राखी

*ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सदस्यों को जरूरतमंद बालिकाओं ने गोविंद गार्डन में राखियां बांधी। मंडल सदस्यों ने राखी बंधवाकर उनको स्वल्पाहार कराकर मिठाई एवं उपहार दिए गए। राखी बंधवाने बालों में रिंकू भटेजा, सचिन सेवारमांनी, विजय विश्वकर्मा, रामेश्वर गुप्ता, दुर्गेश तिवारी, गजेंद्र ठाकुर, सचिन आर्य, प्रदीप सोनी सहित अनेकों मंडल सदस्य मौजूद थे।*

---

### वित्त विभाग ने सभी डीन को भेजा फॉर्मेट

# मेडिकल टीचरों को 10 अक्टूबर 2023 से प्रदान किया जाएगा डीएसीपी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के सभी सरकारी व ऑटोनोमस मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को जल्द ही डीएसीपी (डायनामिक एश्योर्ड कैरियर प्रोग्राम) का लाभ मिलने वाला है। शुक्रवार को शासन ने इस संबंध में सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन को निर्देश जारी कर दिए हैं।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि डीएसीपी का लाभ 10 अक्टूबर 2023 से दिया जाएगा। इसके आदेश उसी समय हो गए थे, लेकिन किन्हीं कारणों से आदेश पर अमल शुरू नहीं हो सका था। अब शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश के मेडिकल टीचर्स को डीएसीपी का लाभ देना। डीएसीपी का लाभ प्रदेश के लगभग तीन हजार मेडिकल टीचरों को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि मई 2023 में डीएसीपी की मांग को लेकर प्रदेश के सरकारी क्षेत्र के चिकित्सकों ने हड़ताल भी की थी, हड़ताल खत्म करवाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया था कि मेडिकल टीचरों को डीएसीपी का लाभ दिया जाएगा।

### एरियर भी दिया जाएगा

डीएसीपी को लेकर चिकित्सा शिक्षक लगातार सरकार के वित्त विभाग से सवाल कर रहे थे। जिसमें टीचरों के कई सवाल होते थे, इन सवालों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने जो मसौदा तैयार किया है, उसके मुताबिक भले ही किसी मेडिकल टीचर की ज्वाइनिंग कभी भी हुई हो, डीएसीपी की गणना 10 अक्टूबर 2023 से की जाएगी। इसी के आधार पर मेडिकल टीचरों का जो समयमान वेतनमान बढ़ेगा, उसका एरियर दिया जाएगा।

**डॉ राकेश मालवीय,** अध्यक्ष, पीएमटीए

# पीएमश्री स्कूल बरखेड़ा की 200 छात्राओं को स्टेशनरी वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि बरखेड़ा भेल के सभागार में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा भोपाल द्वारा छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें संस्थान से कार्तिकेय बाई, सम्पदा बाई, तपस्वी बाई एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में मानव उत्थान सेवा समिति के जिला प्रधान डॉ. जितेंद्र खत्री एवं पीए कलेक्टर कमल मीना के मार्गदर्शन में प्राचार्य स्मिता मेश्राम की उपस्थिति में कक्षा-1 से 8वीं तक की लगभग 200 छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। उक्त भव्य आयोजन के लिए शाला प्राचार्य स्मिता मेश्राम ने मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर 12 को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

# आजादी का महोत्सव धूमधाम के साथ शुरू पहले दिन स्कूलों में बनाई गई तिरंगा राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग मनाने के अभियान शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत पहले चरण में शुक्रवार को सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, निबंध, तिरंगा राखी सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेकर हर घर तिरंगा फहारने का संदेश दिया। दूसरे चरण की शुरूआत शनिवार से 12 अगस्त की जाएगी, जिसके तहत तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें घर व वाहनों पर तिरंगे फहराना, तिरंगा के साथ सेल्फी अपलोड करने, तिरंगे की दृश्यता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता/" स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है।

### अमृत सरोवर पर फहरेगा तिरंगा

जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुजल गांव प्रतिज्ञाएं सामुदायिक सफाई अभियान परिसंपत्तियों की सफाई जागरूकता गतिविधियों जल संरक्षण और 15 अगस्त को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों सहित प्रमुख स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा। अभियान के तहत 11 अगस्त को ग्राम पंचायत, संस्था स्तर पर तिरंगा फहराना, आकर्षक साज-सज्जा, 12 अगस्त को तिरंगा वाहन, साइकिल रैली, जन भागीदार के साथ तिरंगा यात्रा आयोजन, 13 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तर पर मानव श्रृंखला निर्माण तिरंगा गान और 14 अगस्त को ब्लाक, जिला स्तर ग्राम पंचायत स्तर पर घर संस्था कार्यालय पर ध्वज फहराया जाएगा।

---

### बीएमएचआरसी में आयोजित ओपन स्कूल-डे में छात्रों को मिला विज्ञान को देखने, समझने और जीने का मौका

# विज्ञान हर उस जगह पर जिंदा जहां लोग बीमारियों से लड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विज्ञान सिर्फ किताबों में नहीं होता, ये तो हर उस जगह पर जिंदा है जहां लोग बीमारियों से लड़ रहे हैं। यह बात सरदार पटेल संदीपनी विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा ऋषिका केसरी ने कही। ऋषिका की तरह अन्य स्कूली छात्र-छात्राएं शुक्रवार को बीएमएचआरसी में आयोजित 'आईसीएमआर शाइन 2025 ओपन स्कूल डे' तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और विज्ञान को लेकर अपने विचार रखे।



### स्कूली छात्र-छात्राओं ने विज्ञान की दुनिया को करीब से समझा

*शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निशातपुरा के कक्षा 12वीं के छात्र अमित प्रजापति ने कहा कि कार्यक्रम में हमने बड़ी-बड़ी मशीनें देखीं, जिन्हें हमने पहले सिर्फ किताबों में पढ़ा था। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने बताया कि कैसे वे टीबी, फेफड़ों की बीमारी और दूसरे रोगों पर रिसर्च करते हैं। मुझे हैरानी हुई कि कितनी मेहनत और तकनीक लगती है सिर्फ एक बीमारी की जांच में। यह सब जानकर मेरे मन में भी यह ख्याल आया कि क्या मैं भी आगे चलकर रिसर्चर बन सकता हूं। शुक्रवार को दिन आईसीएमआर-बीएमएचआरसी में बच्चों के नाम रहा, जब स्कूली छात्र-छात्राओं ने विज्ञान की असली दुनिया को करीब से देखा, समझा और महसूस किया।*



### जिज्ञासा को हमेशा जागृत रखना चाहिएः डॉ मनीषा

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों को एक वीडियो संदेश के माध्यम से आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल और बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने संबोधित किया।

### प्रेरणा और खोज से भरा एक दिन

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी रिसर्च डॉक्यूमेंट्री फिल्में और संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया।

### सिंह को राज्य मुक्त स्कूल बोर्ड का प्रभार

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने अपर संचालक रवीन्द्र कुमार सिंह को अपने वर्तमान दायित्व के साथ संचालक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और निदेशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान का प्रभार सौंपा है। सिंह वर्तमान में सांदीपनी विद्यालयों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी कार्य देख रहे हैं।

## जान हथेली पर लेकर सफर... रक्षाबंधन पर किसी को अपने जीवन की रक्षा की चिंता नहीं

# 'बोरियों' की तरह बोगियों की हालत, कोई टॉयलेट तो कोई दरवाजे पर हैंडल थामे ही कर रहा यात्रा

### टिकट काउंटर पर लगीं यात्रियों की लंबी-लंबी लाइन, रेलवे ने खोला अतिरिक्त काउंटर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन त्यौहार के चलते ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। भोपाल स्टेशन पर शुक्रवार को समान्य दिनों की अपेक्षा 3 से 5 गुना अधिक भीड़ रही। टिकट काउंटर पर लंबी लाइन लगी नजर आई। रेलवे को अतिरिक्त काउंटर खोलना पड़ा।

15 हजार अधिक यात्री पहुंचे शाम के समय 5:30 के बाद तो स्टेशन पर पैर रखने तक के लिए जगह नहीं दिखाई दे रही थी। राज्यरानी एक्सप्रेस शाम के समय जैसे ही प्लेटफार्म पर लगी। ट्रेन में सवार होने को लेकर लोगों की आपा-धापी मच गई। कई लोग पटरी के पास खड़े होकर दूसरी साइट से बैठने की कोशिश करते नजर आए। रक्षाबंधन के पर्व एक दिन पहले शुक्रवार को शाम के समय जैसे ही ऑफिस की छुट्टी होने के बाद बड़ी संख्या में यात्री भोपाल-आरकेएमपी स्टेशन पहुंचने लगे। भोपाल स्टेशन पर अन्य दिनों की अपेक्षा 15 हजार से अधिक यात्री पहुंचे, जिससे प्लेटफार्म व गाड़ियों में भीड़ बढ़ गई। इसके चलते भोपाल सहित कई स्टेशनों से जाने वाली ट्रेनें यात्रियों से फुल देखने को मिली। लोग ट्रेन के टॉयलेट में बैठकर सफर करते नजर आए। रेलवे सूत्रों के अनुसार रोजाना करीब 70 से 80 हजार यात्री सफर करते है। लेकिन रक्षाबंधन पर्व के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा डेढ़ गुना से अधिक यात्री पहुंचे। शुक्रवार को 95 हजार से अधिक यात्री स्टेशन पहुंचे। इसके चलते रेलवे की ओर से टिकट काउंटर पर अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई। तो वहीं रेलवे अधिकारियों द्वारा रक्षाबंधन के मौके पर जहां कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेनें चलाई है। रेलवे की ओर से इस साल जनरल व स्लीपर कोच नहीं बढ़ाने से सामान्य यात्रियों को ट्रेनों में सीट के लिए अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं कोटा रेल मंडल से एक स्पेशल ट्रेन को शॉर्ट नोटिस पर इमरजेंसी के तौर बुलाना पड़ा। यह ट्रेन शुक्रवार की अल सुबह भोपाल पहुंची।

1. रक्षाबंधन त्यौहार के चलते ट्रेनों में देखने को मिल रही भारी भीड़
2. राज्यरानी एक्सप्रेस के आते ही प्लेटफॉर्म पर लोगों की मची आपाधापी
2. अन्य दिनों की अपेक्षा 15 हजार से अधिक यात्री स्टेशन पर पहुंचे

### स्लीपर में जरनल कोच जैसी भीड़



रक्षाबंधन के त्यौहार चलते ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ इस कदर उमड़ी रही है कि यात्रियों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही है। सामान्य दिनों में भीड़ का जो नजारा जनरल कोच में नजर आता था, वैसा ही नजारा स्लीपर कोच में देखने में आ रहा है। यात्रियों से ठसाठस भर गई ट्रेनें सोमवार से रक्षाबंधन पर्व को लेकर जाने वाले यात्रियों के चलते भोपाल से चलने और गुजरने वाली ट्रेनों में खासा यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। भोपाल स्टेशन में यात्रियों को भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में आरपीएफ व जीआरपी को व्यवस्था बनाए रखने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बसें रहीं फुल, सीट को लेकर परेशान हुए यात्री

रक्षाबंधन के अवसर पर राजधानी के विभिन्न बस स्टैंड पर भी खासी भीड़ देखने को मिली। नादारा बस स्टैंड,आईएसबीटी बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख बस स्टैंडों से रवाना होने वाली सभी बसें यात्रियों से खचाखच भरकर जा रही हैं। बस चालक क्षमता से अधिक सवारियों को बैठा रहे है। 50 सीटर बसों में 70 से 80 यात्रियों बैठा रहे है।

### सीट कंफर्म न होने से परेशान यात्री

घर जाने के लिए ट्रेन में महीनों पहले ई-टिकट करवाए थे। लेकिन बर्थ कंफर्म नहीं हो पाई। इससे इसके चलते कई परेशान यात्रियों ने टीटीई से अधिक चार्ज देकर टिकट बनवाते नजर आए। इन ट्रेनों में यात्रियों की अधिक भीड़ देखने मिली भोपाल स्टेशन पर राज्यरानी, कुशीनगर एक्सप्रेस, दक्षिण एक्सप्रेस, सहित अन्य ट्रेनों जैसे ही प्लेटफार्म पर यात्री उनमें सवार होने के लिए के दौड़ते देखे जा रहे थे। कई लोग तो रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेन के अंदर जाने में मशक्कत करते नजर आए। इस दौरान ट्रेन बैठे यात्रियों से उनका विवाद हुआ।

### जनरल की तरह होगा उपयोग

### रानी कमलापति-आधारताल एक्सप्रेस में 10 व 11 अगस्त को लगाएंगे अतिरिक्त कोच



रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल-रानी कमलापति एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी का कोच जोड़ा गया है। यह कोच सामान्य श्रेणी कोच के रूप में उपयोग किया जाएगा। रेलवे की ओर से 10 एवं 11 अगस्त को यह कोच जोड़ा जाएगा, जिससे अधिक यात्रियों को इस पर्व के अवसर पर यात्रा करने का अवसर मिलेगा। इस अतिरिक्त कोच से सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी और बिना आरक्षण वाले यात्रियों को भी यात्रा में राहत मिलेगी।

## रीवा जाने वाले यात्रियों की भीड़ देखकर रेलवे को देर रात अचानक चलानी पड़ी स्पेशल ट्रेन, 6 घंटे पहले लिया फैसला

भोपाल। रक्षा बंधन पर रीवा जाने वाले यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे को अचानक एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लेना पड़ा। रेलवे ने शनिवार रात को चलने वाली स्पेशल ट्रेन का फैसला ठीक 6 घंटे पहले चलाने की घोषणा की। इसके चलते कई यात्रियों को इस ट्रेन को लेकर जानकारी ही नहीं थी। यह ट्रेन सिर्फओर से एक फेरे के लिए चलाई गई। इसमें ट्रेन संख्या 01667 रक्षा बंधन एकतरफा एक्सप्रेस स्पेशल को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से 8 अगस्त की रात मध्य रात्रि को 00.40 बजे रीवा के लिए रवाना हुई। जो कि रीवा सुबह लगभग 10:50 बजे पहुंची। इस ट्रेन में कुल 17 कोच शामिल किए गए, जिसमें 12 स्लीपर, 3 जनरल और 2 एसएलआर कोच हैं।



### बढ़ती डिमांड को देख लिया फैसला

हर साल रक्षा बंधन पर रीवा के लिए रेलवे की ओर से विशेष ट्रेन चलाई जाती है। इस साल यात्रियों की अधिक भीड़ देखते हुए। रेलवे की ओर से इस रूट की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए। तो वहीं अतिरिक्त भीड़ की क्लियरेंस करने व यात्रियों की सुविधा के लिए एकतरफा विशेष ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया।

**नवल अग्रवाल, प्रवक्ता भोपाल रेल मंडल**

## पार्किंग को लेकर यातायात पुलिस के इंतजाम नाकाफी, बाजारों में लोगों की भारी भीड़, वाहन पार्क करने परेशान होते रहे लोग



इन दिनों रक्षा बंधन के चलते बाजार में भीड़ बढ़ गई है। तो वहीं ट्रैफिक व भीड़ को देखते हुए अभी यातायात पुलिस की ओर से पार्किंग को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। लेकिन बाजारों में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ उमड़ने से सभी इंतजाम रखे के रखे रह गए। राखी की खरीदारी करने आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग को लेकर परेशान होना पड़ा। तो कई लोगों को काफी दूर अपने वाहन पार्क करना पड़ा। सबसे ज्यादा लोग न्यू मार्केट,नंबर मार्केट, चौक बाजार सहित अन्य मार्केट में खरीदारी कराने वाले लोगों को खासी परेशानी देखने को मिली।



### यातायात पुलिस नहीं आई नजर, इसलिए बिगड़ी व्यवस्था

यातायात पुलिस की ओर से रक्षाबंधन त्योहार के दौरान आंतरिक बाजार क्षेत्र (जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में पार्किंग व ट्रैफिक परिवर्तित तो किया गया था। लेकिन इन बाजारों में यातायात पुलिस जवानों की तैनाती नहीं होने से खरीदारी करने आने वाले कई लोगों ने अपनी मनमर्जी से वाहनों को पार्क कर दिया। इस वजह से यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। इसके चलते जाम की स्थिति बन गई। जिससे कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ बढ़ जाने से बाजार में भी जाम की स्थिति बन रही है। इसके चलते पुराने भोपाल से लेकर न्यू मार्केट आदि जगहों पर घंटों तक जाम लगा रहा। इसी तरह बरखेड़ी रोड़ व पुल बोगदा सहित अन्य जगहों पर भी शाम 5 बजे से देर रात तक वाहन चालक जाम से दो-चार होते नजर आए। इसी तरह न्यू मार्केट व बागसेवनिया से मिसरोद तक जाम लगा रहा है।

## बहनों की पहली पसंद बनी 'ऑपरेशन सिंदूर' राखियां, खूब हुई बिक्री

रक्षाबंधन के त्योहार ने बाजारों में अलग ही रौनक बढ़ाई। हर बार की तरह इस बार भी रंग-बिरंगी राखियों से बाजार सजे हैं। लेकिन इस बार बाजारों में सजी राखियों में कुछ अलग सा दिखाई दिया, जिसने सबका ध्यान अपनी ओंर खींचा। दरअसल, बाजारों में सजी राखियों में इस बार एक खास राखी रही, जिसका नाम 'ऑपरेशन सिंदूर'था। यह अनोखी राखी हर कहीं चर्चा का केंद्र बनी रही। जिन पर ऑपरेशन सिंदूर लिखा है। इसके अलावा 'वोकल फॉर लोकल' से 'डिजिटल राखी' तक , ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मोदी राखी, आत्मनिर्भर भारत राखी, जय हिंद राखी, भारत माता की जय, विकसित भारत, वंदे मातरम राखी जैसी अनेक प्रकार की आकर्षक राखियों की बाजार में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि आपरेशन सिंदूर वाली राखी की खास बात सिर्फ इसका नाम नहीं, बल्कि इसकी पैकिंग भी कमाल की है। हर पैकेट में राखी के साथ-साथ सिंदूर और चावल (अक्षत) भी शामिल हैं। विक्रेताओं के अनुसार यह राखी त्याग, संकल्प और शुभता का प्रतीक हैं और जब ये तीनों चीजें एक साथ आती हैं, तो भावना और श्रद्धा का मेल खुद-ब-खुद हो जाता है।



### थीम बेस्ड और इको-फ्रेंडली राखियों की खरीदी

बाजारों में पारंपरिक राखियों के साथ नवाचार से भरी 'थीम बेस्ड' राखियां धूम मचा रही हैं जिनमें इको-फ्रेंडली राखियां- मिट्टी, बीज, खादी, बांस व कपास से बनी राखी और कस्टमाइज राखियां- भाई-बहन की फोटो और नाम के साथ राखियों की धूम है।

### रक्षाबंधन का तोहफा, बहनें 70 सिटी बसों में फ्री कर सकेंगी सफर



शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर राजधानी में बहनों के लिए फ्री बस सेवा उपलब्ध रहेगी। हर साल की तरह इस साल भी महापौर मालती राय और एमआईसी ने बसें फ्री चलाने की घोषणा की है। इधर नगर निगम की होल्डिंग कंपनी भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड ने अपने सभी ऑपरेटरों को निर्देश दिए हैं कि बसों में सफर करने वाली किसी भी महिला से किराया न लिया जाए। ऑपरेटरों ने अपने स्टॉफ को इस बारे में जानकारी दे दी है।

दरअसल हर साल रक्षाबंधन पर नगर निगम में महापौर की ओर से सिटी बसों में फ्री यात्रा का तोहफा दिया जाता है। शुक्रवार को देर शाम महापौर की अध्यक्षता वाली मैयर इन कौंसिल के मेंबर और बीसीएलएल के डॉयरेक्टर मनोज राठौर ने बताया कि एक दिन के लिए बसें पूरी तरह फ्री कर दी गई हैं। किसी भी रूट पर महिलाओं से बस में किराया नहीं लिया जाएगा। बीसीएलएल के डॉयरेक्टर का कहना है कि शनिवार को शहर के सभी रूटों पर लगभग 70 बसों का संचालन किया जाएगा। सुबह से लेकर देर शाम तक किसी भी रूट की बस में महिलाओं से किराया नहीं लेने के लिए ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए हैं।

## रक्षाबंधन के पहले लिए सैंपल, पंद्रह दिन बाद मिलावट का चलेगा पता

### इस बार खाद्य विभाग नहीं पकड़ पाया मावे की खेप

शनिवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर में क्विंटलों से मिठाइयां बनाई गई हैं, जिसको लेकर पिछले तीन दिनों में खाद्य विभाग के अमले ने 70 से अधिक मावे और मिठाईयों के सैंपल लिए हैं। हालांकि इस बार विभाग मावे की खेप नहीं पकड़ पाया है। जिसे मावे और मिठाईयों के सैंपल लिए गए हैं, उनके सैंपल की जांच रिपोर्ट भी रक्षाबंधन के बाद ही आएगी। ऐसे में अगर सैंपल की जांच रिपोर्ट में मिलावट का खुलासा होता है, तो दुकानदार यह मावा और मिठाईयां ग्राहकों को बेच चुके होंगे। खाद्य प्रशासन विभाग की टीम ने रक्षाबंधन से पहले करीब 70 से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए है। इन सैंपल को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है, जहां से रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि मिठाईयां, नमकीन, बेसन के लड्डू, बर्फी सहित अन्य खाद्य पदार्थ की क्वालिटी कैसी थी।



### महालक्ष्मी बीकानेर, आनंद मावा से लिए सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने ने बताया कि अयोध्या बायपास स्थित महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से मलाई टिकिया, मलाई पेड़ा, सोन पपड़ी, सलैया स्थित मेसर्स चाय हो जाए से मैंदा, दही, जैन डेयरी कोलार से मावा, नेहरू नगर स्थित मधुरम स्वीट्स से मिठाई कुंदा, सलैया स्थित श्री बीकानेर नमकीन सेंटर से मावा पेड़ा और पतिसा, अयोध्या बायपास स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार से सोन पपड़ी के सैंपल लिए हैं।

### भरोसेमंद और विश्वसनीय हलवाई से ही खरीदते हैं मिठाई



संजय रावत



साहिल शर्मा

इधर, दुकानों में सजी मिठाईयों को खरीदने वाले ग्राहकों का कहना है कि मिठाईयों को लेकर अकसर पता चलता है कि सुंदर दिखने वाली मिठाईयों में मिलावट की जाती है। जिसको देखते हुए हम कोशिश करते हैं, कि त्यौहार के मौके पर भरोसेमंद दुकानदार से ही मिठाईयां खरीदी जाएं। ग्राहक साहिल शर्मा और संजय रावत का कहना है कि मिठाईयों की नियमित जांच होती रहनी चाहिए, जिससे मिलावट को लेकर दुकानदारों में डर बना रहे।

### पर्व को देखते हुए स्पेशल मिठाइयों का निर्माण किया गया है



अजीत जैन



सौरभ पाल

रक्षाबंधन को लेकर मिठाई दुकान संचालकों ने पहले से भारी मात्रा में मिठाईयों को तैयार कर लिया है। दुकानों के बाहर टेंट लगाकर मिठाईयों को बेचा जा रहा है। पाल डेयरी के संचालक सौरभ पाल का कहना है कि रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए शुद्ध मावे और अन्य सामग्री से मिठाईयों को तैयार किया गया है। स्वच्छता का भी ध्यान रखा जा रहा है। भाई अपनी बहनों के लिए अच्छी मिठाईयां ले सकते हैं। इधर इब्राहिमपुरा स्थित जैन मिठाई दुकान के संचालक अजीत जैन का कहना है कि पर्व को देखते हुए स्पेशल मिठाईयों का निर्माण किया गया है। सभी मिठाईयों को बनाने में शुद्धता का पूरा ध्यान रखा गया है।

## भोपाल सेंट्रल जेल में रक्षाबंधन को लेकर विशेष व्यवस्था

भोपाल सेंट्रल जेल में रक्षाबंधन की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस बार बंदियों को राखी बांधने आने वाली महिलाओं को आधा से एक घंटे तक का पर्याप्त समय मिल सकेगा। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक बंदियों को राखी बांधी जा सकेगी। महिला और उनके साथ 6 सात तक के बच्चों को आने की अनुमति दी गई है। बाहर का सामाल लाने पर जेल प्रबंधन ने पूरी तरह रोक लगाई है। जेल केंटीन से ही महिलाएं मिठाई सहित अन्य सामग्री ले सकेगी। वहीं मोबाइल ले जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे के मुताबिक इस बार महिलाओं को राखी बांधने के लिए पर्याप्त समय दिया जा रहा है। जेल प्रबंधन ने विशेष व्यवस्थाएं की ह ताकि बहनें अपने भाइयों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मना सके। वर्तमान में भोपाल जेल में 3600 बंदी है, जिनको राखी बांधने के लिए हर साल सात से आठ हजार बहनें केन्द्री य जेल भोपाल पहुंचती है। इस बार भी इतनी ही संख्या में महिलाओं के आने की उम्मीद है।

सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बांधी जा सकेंगी राखी




## तहसीलदारों की हड़ताल का तीसरा दिन लोकसेवा गारंटी के प्रमाण-पत्र अटके

### लोकसेवा गारंटी के प्रमाण पत्र हुए टाइम लिमिट से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में तहसीलदार और नायब तहसीलदार पिछले तीन दिन से काम से दूरी बनाए हुए हैं। न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन से नाराज राजस्व अधिकारियों ने लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी काम नहीं किया। जिससे अकेले भोपाल में ही एक हजार से ज्यादा कोर्ट केस की पेशियां आगे बढ़ाई गई हैं। अगले 2 दिन सरकारी छुट्टी है। इस वजह से आम लोगों के काम पर ज्यादा असर पड़ेगा।

नई व्यवस्था को लेकर प्रदेश के 11 सौ अफसर अगस्त से विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने अपनी गाड़ियों की चाबी कलेक्ट्रेट में जमा कर दी थी। वे दफ्तरों में तो बैठ रहे, लेकिन काम नहीं कर रहे। इस वजह से कोर्ट केस की पेशियां आगे बढ़ाई जा रही हैं।



### रोजाना पांच सौ से ज्यादा केस, आवेदन

शहर के तहसील और वृत्तों में नामांतरण, सीमांकन, फौती नामांतरण, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म, मत्यु आदेश, ईडब्ल्यूएस सहित करीब 500 से अधिक मामले आते हैं। इसके अलावा हर दिन करीब तीन सौ प्रकरणों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सुनवाई करते हैं। इस वजह से तीन दिन में करीब एक हजार से ज्यादा केस की पेशियां आगे बढ़ा दी गई है। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कलम बंद करते हुए तहसीलों के काम से दूरी बनाई गई है।

जेवर चुराने के बाद नागपुर में रहने वाले अपने मंगेतर को बेचने दिए थे जेवर पुलिस ने किया गिरफ्तार

# बेबी केयर के लिए काम पर रखी नौकरानी ने चोरी किए थे 70 ग्राम सोने के जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने घर से सोने के 70 ग्राम वजनी गोल्ड के जेवर चुराने वाली नौकरानी और उसके मंगेतर को गिरफ्तार किया है। करीब छह लाख कीमत के जेवर चुराने के बाद नौकरानी ने उसे बेचने के लिए अपने मंगेतर को दिए थे। पुलिस ने मंगेतर को नागपुर से गिरफ्तार कर जेवर बरादम कर लिए है।

पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी यासिर अहमद कुरैशी ने कोहेफिजा पुलिस को शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि घर में अलमारी में रखे सोने के चार कड़े और दो चूड़ियां



किसी ने चुरा ली है। पुलिस ने यासिर अहमद और उसकी पत्नी से पूछताछ की तो उन्होंने अपने घर बेबी बच्ची की देखरेख करने वाली नौकरानी पर संदेह व्यक्त किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने तान्य भार्गव निवासी मल्टी शाहजहांनाबाद से जेवरात के बारे में पूछताछ की। उसने पहले इंकार किया बाद में बताया कि उसने अपने मंगेतर आशीष तुरंकर निवासी नागपुर महाराष्ट्र को उक्त जेवर बेचने के लिए दिए है। पुलिस ने नागपुर से तान्या के मंगेतर आशीष तुरंकर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के जेवर बरामद कर लिए। आरोपी तान्या भार्गव वाजपेयी नगर मल्टी शाहजहांनाबाद में रहती हैं और यासिर अहमद के घर पांच साल से काम कर रही थी। उस पर यासिर अहमद और उनकी पत्नी को विश्वास था। आरोपी तान्या ने उनके साथ विश्वासघात किया और अलमारी के रखे जेवर चुराने के बाद अपने मंगेतर आशीष को बेचने के लिए दे दिए थे।

## एमडी ड्रग्स मामलाः सनब्बर को फरार कराने वाला भाई शाकिर गिरफ्तार

**भोपाल।** पब और क्लब में युवाओं को ड्रग्स सप्लाई करने वाले यासीन मछली, शाहवर के साथ ड्रग्स के अवैध कारोबार में जुड़े ऐशबाग निवासी मुनब्बर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि उसे फरार कराने में उसके भाई शाकिर का अहम योगदान है। लिहाजा क्राइम ब्रांच की टीम ने मुनब्बर के भाई शाकिर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। वहां से शाकिर को जेल भेज दिया गया है। इधर ड्रग्स मुहैया कराने वाले यासीन मछली और उसके साथियों को अवैध हथियार की तस्करी करने वाले अंशुल उर्फ भूरी ने शुभम शर्मा से हथियार खरीदकर बेचने की बात कही है। पुलिस ने उक्त मामले में शुभम शर्मा को हिरासत में लिया है। शुभम से पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि एमडी तस्करी और अवैध हथियार की तस्करी मामले में लगातार जांच की जा रही है। शुभम शर्मा से पूछताछ के बाद और भी लोगों के इस अवैध कारोबार से जुड़े होने पुष्टि की जा सकेगी।

# औबेदुल्लागंज में मुख्यमंत्री का फूलों की वर्षा कर किया स्वागत, तिरंगा लेकर चले सीएम डॉ. यादव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य स्वागत किया गया। हेलीपैड से लेकर महावीर कॉलोनी रोड, सीएम सनराइज स्कूल के सामने और डॉ. भीमराव आंबेडकर चौराहे, जनपद के सामने, थाने के सामने, सनोति चौराहे, पटेल चौराहे पर लोगों ने भव्य स्वागत कर फूलों की वर्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव तिरंगा हाथ में लेकर लोगों के बीच चले।





वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, वचन लोधी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, भूपेंद्र नंदवंशी, वागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, पवन खालसा, सोनू चौकसे, सुजीत यादव, आमीर ममनून, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, नमीता अग्रवाल, भारती सेठी, लोकेश परमार, विक्रम यादव, माधव यादव, गजेंद्र नागर, कांता पटेल, राजेश गौर, दिलीप गौर, राजेंद्र गुड्डू साहू, कमलेश मीणा, नरेश सेठी, सर्वेश गौर, संजय प्रजापति, पूजा लोधी, आरती यादव, सपना रैकवार, सुनील सेरिया आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के दशहरे ग्राउंड पर हेलीकॉप्टर से उतने पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने गुलदस्ता देकर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।



डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा।

## खबर संक्षेप

### दर्जनों कॉलोनियों में लो प्रेशर से आ रहा पानी

**भोपाल।** राजधानी में पानी की सप्लाई बीते 5 दिन से परेशानी का सबब बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी कोलार फिल्टर प्लांट से होने वाली सप्लाई के कारण शहरवासियों को झेलनी पड़ रही है। चूंकि कोलार फिल्टर प्लांट में तकनीकी खामियां आने से यह हालात बने हैं। इधर बार-बार बिजली गुल होने के कारण शहर की टंकियां पूरी नहीं भर पा रही हैं। पानी का लो प्रेशर आने की वजह से शहर की करीब दो लाख आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप हैं कि वह पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार चार इमली, शाहपुरा, टीला जमालपुरा और नारियलखेड़ा समेत एक दर्जन से अधिक इलाकों में कम प्रेशर से पानी सप्लाई हुआ।

### पटवा ने दी माया राय को जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष माया राय का शुक्रवार को जन्मदिन मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने केक खिलाकर उन्हें बधाई दी। महिला मोर्चा की नमीता अग्रवाल, आरती यादव, सपना रैकवार, राधा कुशवाहा, राधा मालवीय, पार्षद हेमलता चौरसिया, रेखा कपूर आदि ने बधाई दी।

### समाजसेवी केशव पचौरी का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ



समाजसेवी एवं क्रेशर संघ के नेता केशव पचौरी के जन्मदिन शुक्रवार को केक काट कर मनाया। संजय सिंह चौहान, अंकित अग्रवाल, सुमित पचौरी, राजेश खटीक, राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी, श्रीराम गौर, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू आदि ने बधाई दी।

### हाउसिंग बोर्ड क्लर्क 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

**भोपाल।** जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी क्लर्क ने मकान के नामांतरण के एवज में 50 हजार डिमांड की थी। लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक फरियादी हाकम साहू ने लोकायुक्त एसपी जबलपुर कार्यालय में शिकायत की थी कि अमन कोष्ठा है जो कि हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2749 | | |
| दिनः | 114 | 68 | 459 |
| रातः | 124 | 79 | 180 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 160 | 77 | 368 |
| रातः | 239 | 45 | 113 |

## गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में हुआ हृदय विदारक हादसा

# फैक्ट्री में पूजा कर लौट रहे पुजारी के ऊपर से गुजरा क्रेन का पहिया, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह फैक्ट्री से पूजा कर लौट रहे बुजुर्ग पुजारी को क्रेन ने कुचल दिया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस क्रेन बरामद कर ऑपरेटर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार 78 साल के बालमुकुंद वैद्य, गौतम नगर झुग्गी में राम जानकी मंदिर के पास रहते थे। वे मंदिर के पुजारी थे और बाहर भी पूजा करने जाते थे। शुक्रवार सुबह वह पूजा करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री पहुंचे। वहां से पूजा करने के बाद पैदल मुख्य सड़क की तरफ लौट रहे थे। इसी बीच अफलातून फैक्ट्री के सामने क्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरे थे और क्रेन का पहिया उनके शरीर से गुजर गया था। उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 12 नंबर मल्टी के चेंबर में गए पाइप में फंसा मिला भ्रूण



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी में शुक्रवार दोपहर नवजात का भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। भ्रूण अविकसित था और पुराना होने के कारण डिकंपोज हो चुका था। नतीजतन यह पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था कि वह बच्ची या फिर बच्चे का भ्रूण है। पुलिस ने भ्रूण बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार 12 नंबर बीडीए मल्टी में भ्रूण की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पांच नंबर मल्टी में चेंबर में आए पाइप में भ्रूण फंसा मिला। भ्रूण डिकंपोज हो चुका था। पुलिस मल्टी में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्वाल मोहल्ला रोशनपुरा में गुरुवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा दिया गया। पुलिस के अनुसार सुरभि सोंधिया पिता स्वर्गीय विनोद सोंधिया (19) ग्वाल मोहल्ला रोशनपुरा में रहती थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। मां घरों में काम कर अपना और सुरभि का भरण-पोषण कर रही थी। सुरभि गुरुवार सुबह से काम पर निकल गई थी। वहां से शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास वह घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो मां ने पड़ोसियों को जानकारी दी। पड़ोसियों ने झुग्गी की छत पर डली चादर की सीट हटाकर देखा तो अंदर सुरभि बल्ली पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह बीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। दो साल पहले उसके पिता की मौत होने के बाद मां पर उसकी जिम्मेदारी थी। पिता के अलावा उसका एक भाई था, उसकी भी मौत हो चुकी थी। वह पिता और भाई की मौत से दुखी थी।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की क्षत-विक्षत लाश

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर गुरुवार रात करीब दस बजे एक युवक की लाश रेलवे ट्रैक से क्षत विक्षत अवस्था में बरामद की गई। मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक शमशाबाद विदिशा का रहने वाला था और गेहूं पिसाने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या और हादसा दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब दस बजे भानपुर ब्रिज से एक युवक का शव बरामद किया गया था। युवक के पास मिले मोबाइल से उसके परिजन से संपर्क किया। परिजन उसकी पहचान चंदू अहिरवार (19) गांव मोही, थाना शमशाबाद के रूप में कर ली। परिजन ने बताया कि चंदू गुरुवार दोपहर घर से गेहूं पिसाने का कहकर निकला था। इसके बाद उससे बातचीत हुई तो उसने बताया कि वह भोपाल पहुंच गया है। बातचीत करने में वह किसी तरह से परेशान नहीं लग रहा था।

# तामोट पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किया भव्य स्वागत





**तामोट।** तामोट पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और विधायक पटवा को जनपद सदस्य सुलेखा चौहान एवं तामोट स्वसहायता की महिलाओं ने राखी बांधी। इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद रहे। तामोट के संजीव चौहान, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, रामपाल, सुरेश तिवारी, प्रीति विश्वकर्मा, राधिका जाटव, नीलम ठाकुर, दीपा ठाकुर, सुनीता चौहान आदि उपस्थित रहे।

## बीलखेड़ी चौराहे पर जनपद सदस्यों ने सीएम का किया स्वागत

**बीलखेड़ी।** बीलखेड़ी चौराहे पर जनपद सदस्य रूपेश चौहान, प्रकाश पटेल, राधा कुशवाहा, गजेंद्र नागर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, जिला प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री डॉ. प्रभु राम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सुरजीत सिंह चौहान सहित बीलखेड़ी, सिंगल दीप, अमोदा आदि क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया।





तामोट आए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री डॉ. प्रभु राम चौधरी हंसी मजाक करते हुए नगर आए।

क्राइम ब्रांच ने सब्जी मंडी से किया गिरफ्तार, 3 लाख बताई गांजे की कीमत

# कस्तूरबा मार्केट से दो तस्करों से किया 9.890 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास वे 9.890 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है।

एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कस्तूरबा मार्केट सब्जी मंडी के शेड के नीचे दो युवकों के बैठे होने की सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया था कि दोनों के पास एक सफेद रंग की बोरी है, जिसमें गांजा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर टीनशेड के नीचे बैठे दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने



अपने नाम शीतल कुचबंदिया पिता बंशीलाल कुचबंदिया (34) अर्जुन नगर, काका ढाबा के पास औबेदुल्लागंज रायसेन और कुंदन कुचबंदिया पिता मनोहरलाल कुचबंदिया (22) अर्जुन नगर, औबेदुल्लागंज रायसेन बताए। दोनों के पास रखी सफेद रंग की बोरी की तलाशी ली तो उसमें गांजा मिला। गांजे का वजन कराने पर वह 9.980 किलो ग्राम था, जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपए है।

### शराब तस्करी के मामले में फरार, 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

कमला नगर पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसकी कोलार और टीटी नगर पुलिस को तलाश की थी। आरोपी लगातार पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ 50 से अधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस के अनुसार 14 मार्च 2025 को शुभम सरदार व कल्लू अनस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और 76.86 लीटर शराब जब्त की। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला फरार पति गिरफ्तार

**भोपाल।** ईंटखेड़ी पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति को कोलार से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार भानपुर स्थित निजी अस्पताल में रानी सिकरवार पति उमेश प्रजापति (33) निवासी न्यू चौकसे नगर, ईंटखेड़ी की घर के छत से गिरने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। जांच में पता चला कि उमेश प्रजापति रानी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था और बार-बार छत से कूदकर मरने के लिए उकसाता था।

## परिवहन विभाग ने नहीं की बसों की पर्याप्त व्यवस्था

# रक्षाबंधन पर बसों का संकट, सड़कों पर इंतजार करती रहीं लाड़ली बहने, घंटों होती रहीं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है, लेकिन इस बार औद्योगिक नगर में यह पर्व यात्री सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों के लिए परेशानी लेकर आया। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बसों की भारी कमी ने आम जनता को खासी मुश्किल में डाल दिया। हर चौराहे, बस अड्डे और प्रमुख सड़कों पर यात्रियों का भारी जमावड़ा देखने को मिला, जबकि क्षेत्रीय प्रबंधक बसों का इंतजाम करने में नाकाम नजर आए।

त्यौहार पर अपने घर जाने वालों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ गई है, जिसके कारण जो बसें आईं उसमें लोगों को जगह नहीं मिली।



### प्राइवेट वाहनों और टैक्सी वालों ने मनमाना किराया वसूला

त्यौहारा और भीड़ का फायदा उठाते हुए प्राइवेट वाहनों और टैक्सी वालों ने मनमाना किराया वसूला। ओवरलोड बसों में यात्री खड़े होकर सफर करने को मजबूर हुए। गर्मी और उमस के ारण बुजुर्ग और महिलाएं काफी परेशान होती दिखीं। बसों कमी के चलते कई लोग बस के गेट पर लटक कर सफर करते नजर आए।

### ड्राइवरों और कंडक्टरों की कमी

त्यौहार से पहले मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और क्षेत्रीय प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि रक्षाबंधन पर बसों की कमी न हो और सभी मार्गों पर पर्याप्त बसें चलाई जाएं। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में स्थिति जस की तस रही। सूत्रों के अनुसार, विभाग के पास त्योहार के लिए अतिरिक्त बसें लगाने की योजना थी, लेकिन ड्राइवरों और कंडक्टरों की कमी के कारण इन्हें सड़क पर नहीं उतारा जा सका। वहीं, कुछ मार्गों पर बसें तो उपलब्ध थीं लेकिन उनकी संख्या कम थी।

# रेलवे कोच फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने पटवा ने ली बैठक

## कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शुक्रवार देर शाम को विधायक सुरेंद्र पटवा एवं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बैठक आयोजित की। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रेल कोच फैक्ट्री को स्थापित करने के लिए भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य कई मंत्री शामिल होंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे।

पटवा ने बताया कि इस परियोजना में 1800 करोड रुपए का निवेश होगा। जो रायसेन जिले के लिए बड़ी सौगात है। पटवा ने बैठक में सभी भाजपा पदाधिकारी और सरपंचों, जनपद सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों से अपील की है कि 10 अगस्त के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी मिलकर गांव-गांव घर-घर जाकर



प्रचार करें। बैठक में भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, अशोक यादव, कन्हैया नंदवंशी, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, सोनू चौकसे, रविंद्र विजय, ओपी मीणा, आमिर ममनून, नरेश सेठी, बगिश अग्रवाल, सुरजीत यादव, अंकित अग्रवाल, माधव यादव, दीपू परमार, जीतू नंदवंशी, लोकेश परमार, कांता पटेल, राजेश गौर, दिलीप गौर, कमलेश मीणा, जनपद सीईओ, नगर परिषद सीएमओ, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।




# मध्यप्रदेश का जैविक कपास, चीन, जापान और वियतनाम से लेकर स्पेन तक हो रहा एक्सपोर्ट

## उद्योग हमारे लिए मंदिर और देवालय के समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग हमारे लिए मंदिर और देवालय के समान हैं। मप्र का जैविक कपास, चीन, जापान और वियतनाम से लेकर स्पेन तक एक्सपोर्ट हो रहा है। राज्य सरकार कृषि के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और निवेश प्रोत्साहित करने के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। दस अगस्त को रायसेन में ही रेल कोच बनाने के लिए कारखाने का भूमिपूजन होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक क्षेत्र तामोट, जिला रायसेन में सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड की इकाई में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का परिदृश्य बदला है, भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ते हुए 15 वें से चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है। धार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को टेक्सटाइल उद्योग के लिए पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन करेंगे। इससे मालवा और आसपास के जनजातीय अंचल के एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में जारी औद्योगिक विकास की गतिविधियां प्रधानमंत्री के स्वदेशी के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम हैं। प्रधानमंत्री भोपाल को जल्द ही मेट्रो ट्रेन की सौगात भी देंगे।

- *प्रधानमंत्री के स्वदेशी के भाव को चरितार्थ करती हैं प्रदेश की बढ़ती औद्योगिक गतिविधियां*
- *मुख्यमंत्री तामोट रायसेन में रक्षाबंधन महोत्सव में हुए शामिल*
- *सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड टेक्सटाइल प्रोडक्शन का अवलोकन किया*




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टैक्सटाइल यूनिट का भ्रमण कर यहां टैक्सटाइल प्रोडक्शन का अवलोकन किया। कार्यक्रम में ग्रुप की महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधकर पवित्र रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित

### सरकार की लड़ाई किसानों की मेहनत के लिए है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत सरकार की लड़ाई किसानों की मेहनत के लिए है। किसान कपास, सब्जी और फसलें उगाते हैं। उन्होंने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की खुशहाली के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के अवसर पर 1500 रुपए का विशेष तोहफा दिया गया है। रोजगार परक उद्योगों में कार्य करने वाली बहनों को प्रतिमाह 6000 रुपए की वेतन सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार प्रदेश के सभी वर्गों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### हेमंत खण्डेलवाल ने दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समस्त बहनों की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि रक्षाबंधन का मांगलिक पर्व मानवीय संवदेना, जनसरोकार तथा राष्ट्र सुरक्षा का संकल्प है। यह मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनें नई उमंगों और उत्साह के साथ भाईयों की कलाईयां रक्षा सूत्र से सजाती हैं। सदियों से मनाये जा रहे इस पर्व में सात्विकता और सांस्कृतिक बोध समाहित हैं। यह सांस्कृतिक परम्पराओं और भारतीय आदर्शों का पर्व है एवं बहनों की सुरक्षा तथा सशक्तीकरण को रेखांकित करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने प्रदेश की समस्त बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी है।

### जबलपुर में बने प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण 23 को

**भोपाल।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में निर्मित मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर (एलिवेटेड कॉरिडोर) का 23 अगस्त को लोकार्पण करेंगे। 6.855 किलोमीटर लंबाई वाला यह फ्लाईओवर 1052 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से तैयार किया गया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पिछले दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क मंत्री गडकरी से मुलाकात कर फ्लाईओवर के लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया था, केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने 23 अगस्त को जबलपुर में कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी। यह फ्लाईओवर जबलपुर शहर के यातायात दबाव को कम करेगा और प्रदेश में आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में एक नया मानक भी स्थापित करेगा।

> केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

## प्रदेश में अब निरंतर हो रहा है उद्योगों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# स्वदेशी अभियान के जरिए हम बनाएंगे एक बेहतर कल, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी अभियान के जरिए हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत और बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। रायसेन जिले में हो रहा औद्योगिक निवेश मप्र के औद्योगिक परिदृश्य को एक नया आयाम देगा। यह न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा, बल्कि यहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और गतिशील भी बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रायसेन जिले के ग्राम तामोट में 416 करोड़ रुपए की लागत वाली नवीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 300 करोड़ रू लागत से 12 हैक्टेयर में 6 नवीन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ और 116 करोड़ रू लागत की 06 इकाइयों का लोकार्पण हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी औद्योगिक परियोजनाओं से हजारों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से स्थाई रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को साकार करने के लिए मप्र सरकार निरंतर प्रयासरत है। स्वदेशी अभियान के तहत स्थानीय संसाधनों, प्रतिभाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने तामोट, रायसेन में 416 करोड़ की औद्योगिक इकाइयों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



### प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र का दिनों-दिन विस्तार

भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री देश-दुनिया के बड़े-बड़े उद्योगपतियों को निवेश करने के लिए मप्र लेकर आ रहे हैं। प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र का दिनों-दिन विस्तार हो रहा है।

### उमरिया गांव में रेलवे के आधुनिक और मेट्रो ट्रेन के कोच बनाए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के पास उमरिया गांव में रेलवे के आधुनिक और मेट्रो ट्रेन के कोच बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीईएमएल रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री का भूमिपूजन करेंगे, जो मध्य भारत में ट्रेन कोचेस के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनेगा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी 25 अगस्त को पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करने मप्र (धार) आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज 300 करोड़ रुपए की लागत से 12 हेक्टेयर रकबे में 6 नई औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ है, जिसमें जेबीएम ऑटो, बालाजी रोटोमैक आदि शामिल हैं। इनसे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज दो नई औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र बांटे गए हैं, जिनमें लगभग 150 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

### नई नीतियों में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रति फ्लाइट 15 लाख रुपए अनुदान

डॉ. यादव ने बताया कि एविएशन कनेक्टिविटी बढ़ाने प्रदेश की नई नीतियों में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रति फ्लाइट 15 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान है। योजना के तहत हम प्रदेश की एयर टूरिज्म पॉलिसी पर कार्य कर रहे हैं। जबलपुर, रीवा, सीधी को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। हमारी सरकार ने गरीब, श्रमिक और जरूरतमंदों को एयर एंबुलेंस की सुविधा दी है। सरकार मानवता के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए सड़क हादसे के घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर राहवीर योजना में 25 हजार रुपए का पुरस्कार देगी। मप्र इकलौता राज्य है, जो निवेशकों को मेडिकल कॉलेज, अस्पताल खोलने के लिए नगण्य लीज रेंट पर जमीन दे रहा है।

# एसएएस से आईएएस में तीन अफसरों का लिफाफा बंद होने से नहीं हुआ निर्णय

## 16 अफसरों को होगा आईएएस अवॉर्ड



- *कमल सोलंकी, ईला तिवारी का आईएएस बनना तय*
- *छानबीन के बाद जल्दी ही जारी होगी सूची*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करीब दो साल से पेंडिंग चल रहे एसएएस से आईएएस के लिए आखिरकार डीपीसी करा ली गई। दिल्ली में हुई डीपीसी में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को आईएएस अवॉर्ड होने का रास्ता साफ हो गया। डीपीसी के बाद अब 16 अपर कलेक्टर आईएएस कैडर में अफसर बन सकेंगे। इस डीपीसी में वर्ष 2023 और 2024 के लिए एसएएस से आईएएस के पदों पर प्रमोट करने अफसरों के नामों पर विचार किया गया।

दरअसल, 2023 में सूची तैयार नहीं होने से एसएएस के अफसरों को आईएएस में प्रमोट करने 2023 में हुई डीपीसी के बाद बैठक नहीं हो सकी थी। 2023 में हुई डीपीसी में वर्ष 2022 के लिए पात्र 19 अपर कलेक्टरों को आईएएस अवॉर्ड किया गया था। दो साल से डीपीसी नहीं होने के बाद कुल 16 पद रिक्त हो गए थे। इस बार कुल 32 नामों पर विचार किया गया है। डीपीसी की बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ ही जीएडी कार्मिक के अफसर शामिल हुए।

### डीपीसी में इन नामों पर विचार किया गया

इन दोनों वर्षों के लिए वर्ष 2008 व 2009 बैच के एसएएस अफसरों के आईएएस के कुल 16 पदों पर 32 अफसरों के नामों पर विचार किया गया। डीपीसी में जिनके नामों पर विचार किया गया, उनमें एनपी नामदेव, डॉ. कैलाश बुंदेला, कमलचंद नागर और जयेंद्र कुमार विजयवत तथा पंकज शर्मा को लेकर कुछ आपत्ति सामने आई है। इसी तरह मनोज मालवीय, नंदा भलावे कुशरे, सविता झारिया, अनिल डामोर, कमल सोलंकी, सारिका भूरिया, संतोष कुमार टैगोर, जितेन्द्र सिंह चौहान, शैली कनास, राकेश कुशरे, कविता बाटला, रोहन सक्सेना, आशीष पाठक, सपना अनुराग जैन, ईला तिवारी, मिनिषा पांडे, नीता राठौर, सपना लोवंशी, रंजना देवड़ा, रानी पासी, माधवी नागेन्द्र, प्रियंका गोयल, वर्षा सोलंकी, अभिषेक दुबे के नाम शामिल हैं। बताते हैं कि इनमें से कई सीनियर राप्रसे के अफसर विभागीय जांच के चलते लिफाफा बंद होने के कारण प्रमोशन से वंचित हो सकते हैं।

# विधानसभा स्पीकर तोमर ने की स्कूली विद्यार्थियों से भेंट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने राजधानी के शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सौजन्य भेंट की।

इस मुलाकात के दौरान माननीय अध्यक्ष श्री तोमर ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और उत्कृष्ट विद्यार्थी के रूप में राजधानी भोपाल, मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान विद्यार्थियों से किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षकों ने अध्यक्ष तोमर का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने विद्यालय का प्रतीक चिह्न स्पीकर तोमर को भेंट किया। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी। लायब्रेरी देखी। एशिया के नंबर वन विधानसभा परिसर की दिव्यता एवं भव्यता के साथ प्रोटोकॉल टीम के सहयोगी श्री राहुल चन्द्रवंशी ने सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया। लायब्रेरी के संचालक बी.डी.गोयल ने संविधान की मूल प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दिखाई। साथ में समृद्ध लाइब्रेरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

# बैतूल में आईएसबीटी का प्रपोजल भेजने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को बैतूल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैतूल से नागपुर सहित महाराष्ट्र के अनेक स्थानों के लिये बड़ी संख्या में बसें जाती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए यहां अंतर्राज्यीय बस



स्टैंड की आवश्यकता ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में सभी आधुनिक व्यवस्थाओं का प्रावधान रखा जाएगा। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं आवास की योजनाओं की समीक्षा की गई।

### राजस्व वसूली में तेजी लाएं-

आयुक्त भोंडवे ने बैठक में मौजूद जिले के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकायों में गुड गवर्नेंस के लिए फेस रीडिंग अटेंडेंस को सुनिश्चित किया जाएं। स्ट्रीट लाइट के बिल कम करने के लिए एलईडी पेटर्न को अधिक से अधिक विकसित किया जाए। बैठक में विधायक एवं सांसद निधि के किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने शहरी परियोजना अधिकारी कार्यालय में ई-ऑफिस के संचालन की तारीफ की।

### रेप के मामलों में 33% की वृद्धि , बहनें असुरक्षित कर रहीं महसूसः सिंघार



**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रक्षाबंधन के पर्व को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को घेरा है। उन्होने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि रक्षाबंधन का पर्व, यह एक ऐसा अवसर है, जब भाई अपनी बहन की सुरक्षा का वचन देता हैलै किन, भाई होने के नाते आप इस दायित्व में असफल होते दिख रहे हैं। बहनों के साथ हत्या, बलात्कार, गैंगरेप और लापता होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विधानसभा के आँकड़ों के अनुसार प्रदेश में बलात्कार के मामलों में 33% की वृद्धि हुई है।

### राहुल गांधी के खुलासे के बाद उड़ी भाजपा की नींद



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटिंग को लेकर किए गए सनसनीखेज खुलासे ने भाजपा की नींद उड़ा दी है और उनके नेताओं की बौखलाहट अब उनके बयानों में साफ झलक रही है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से स्पष्ट रूप से बताया कि किस तरह चुनावी प्रक्रिया में सुनियोजित तरीके से धांधली कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने अलोकतांत्रिक एवं पक्षपातपूर्ण रवैये का गंभीर आरोप लगाया है। पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी के तथ्यों और सबूतों से यह बात उजागर हुई है कि कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता जोड़े गए, जिनकी वजह से भाजपा को जीत मिली।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल से मिले केंद्रीय मंत्री सिंधिया



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को भोपाल स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की।

# श्रमायुक्त संगठन एवं श्रम विभाग ई-आफिस पूर्णतः लागू करने वाले अग्रणी विभागों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने सुशासन को सुदृढ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्रम विभाग में ई-ऑफिस परियोजना की ओर से कार्यप्रणाली को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। यह डिजिटल परिवर्तन विभाग के मंत्रालय के साथ श्रमायुक्त संगठन के सभी संभागीय एवं जिला कार्यालयों, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय एवं उनके जिला स्तरीय कार्यालयों, विभाग के अधीनस्थ मंडल कार्यालयों, संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं सहित सभी मैदानी कार्यालयों में प्रभावी रूप से लागू किया गया है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और समयवद्ध बनाना है। ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अब विभागीय पत्राचार, फाइलों का संचालन, अनुमोदन एवं निगरानी आदि सभी कार्य डिजिटल माध्यम से संपादित किए जा रहे हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में पारंपरिक फिजिकल फाइलों की आवश्यकता लगभग समाप्त हो गई है।

### मैदानी कार्यालयों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया

प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी मैदानी कार्यालयों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इसके बाद विभाग ने यह अनिवार्य कर दिया कि सभी शासकीय कार्य केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संचालित किए जाए। इस डिजिटल पहल से कार्यों की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा फाइलों की निगरानी और निपटान की प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली बन गई है।

### श्रम विभाग डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक सशक्त उदाहरण

विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा स्वयं श्रम विभाग के सचिव और श्रमायुक्त स्तर से की जा रही है, जिससे कार्यो की गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। इससे ना केवल अधिकारियों-कर्मचारियों में जवाबदेही की भावना विकसित हुई है, बल्कि सेवाओं की गुणवता में भी सुधार देखने को मिल रहा है। राज्य शासन की इस पहल से श्रम विभाग डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है, जो अन्य विभागों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगा।

## मुख्यमंत्री ने राखी बंधवाकर की बहनों के सुखद-स्वस्थ जीवन की कामना

# बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री निवास पहुंची राखी, सीएम ने बंधवाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की बहनों ने बड़ी संख्या में डाक से राखियां और स्नेहिल पत्र भेजे। लगभग पांच हजार पत्रों व राखियों में से प्रतीक स्वरूप राखियां यशा पटेल, शिवा बाथरी, दीपल रघुवंशी और प्राची पंवार ने मुख्यमंत्री को तिलक कर उनकी कलाई पर बांधी। मुख्यमंत्री ने बहनों को नेग प्रदान कर उनके सुखद-स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को दिए संदेश में कहा कि राज्य सरकार परिवार की तरह बहनों के हर सुख-दुख में उनके साथ है। प्रदेश की बहनों को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और त्यौहार संस्कृति और संस्कार का आधार हैं, रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों की ओर से आए आत्मीयता से परिपूर्ण पत्र प्राप्त कर मैं अभिभूत हूं।

**खास बातें**

- बहनों के हर सुख-दु:ख में साथ है राज्य सरकार
- मुख्यमंत्री को राखी भेजकर महिला केंद्रित योजनाओं के लिए बहनों ने माना आभार
- मुख्यमंत्री ने बहनों को नेग प्रदान कर उनके सुखद-स्वस्थ जीवन की कामना

### करीब पांच हजार राखी और स्नेहिल पत्र पहुंचे थे सीएम हाउस



मुख्यमंत्री ने राखियां भेजने के लिए बहनों का आभार माना। इस अवसर पर मंत्री करण सिंह वर्मा, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित थे। यह आत्मीय आयोजन मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुआ। इस अवसर पर प्राप्त पत्रों में बहनों ने लाड़ली बहना योजना सहित महिला सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना है। पत्रों में बहनों ने अपने स्नेहिल भाव को अभिव्यक्त किया।

## पेज एक का शेष...

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में...

बहनों ने भी अपने भाइयों के लिए मांगी जो उस दौरान देश की रक्षा में डटे हुए थे। आज रक्षाबंधन पर्व पर 'हरिभूमि' ने राजधानी की कुछ ऐसी ही बहनों को चुना, जिनके भाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सरहद पर तैनात थे, और दुश्मन को धूल चटा रहे थे। ये बहनें आज अपने सैनिक भाइयों के साथ कैसे रक्षाबंधन मनाएंगी और उनके बारे में क्या सोचती हैं? जरा सुनिए।

### भाई के साथ कंधे...

पर बांधी राखी को याद करती और दुआ मांगती कि ताउम्र अपने भाई की कलाई पर यूं ही राखी सजी रहे। सुमित ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेरा भाई फिरोजपुर बॉर्डर पर तैनात था और उससे बात भी नहीं हो पाती, लेकिन जब एकाध बार बात हुई तो गोलीबारी की आवाज आती, ऐसे में दिल दहल जाता कि कैसे मेरा भाई वहां तैनात है और हम यहां चैन की नींद सो रहे हैं, एक बार तो दिल करता कि काश मैं भी आर्मी में होती और अपने भाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा करती। उस कठिन वक्त में तो मैं 24 घंटे ही उसकी और उस जैसे सभी वर्दीधारी भाइयों की सलामती की दुआ वाहेगुरु से मांगती। सुमित ने कहा कि कई सालों से अपनी डयूटी की वजह से रक्षाबंधन पर मेरा भाई नहीं आ पाता था, लेकिन मैंने वाहेगुरु से अरदास की थी कि इस बार कुछ भी हो मैं उसे राखी जरुर बांधूंगी, और आज करीब 7 साल के बाद मैं अपने भाई के पास रक्षाबंधन मनाने आई हूं और दिल से यही दुआ निकलती है कि वाहेगुरु मेरे भाई को हमेशा खुश और आबाद रखे।

### मेरे लिए सिर्फ...

थी एक ओर सिंदूर था तो दूसरी ओर मेरे दिल का टुकड़ा। स्वाति ने कहा कि उस वक्त लगता था कि हर घंटे में अपने भाई से अपडेट लेती रहूं लेकिन प्रोटोकॉल इतना कड़ा था कि हमारी फोन पर भी बड़ी मुश्किल से बात हो पाती थी। स्वाति कहती हैं कि मेरे मन में वर्दी के लिए शुरु से ही सम्मान रहा है लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मानों हर एक वर्दी धारी के लिए दिल सैल्यूट करता। उन्होंने कहा कि मेरे भाई अपनी डयूटी की वजह से कई सालों से रक्षाबंधन पर नहीं आ पा रहा था, लेकिन इस बार मानो ईश्वर ने मेरी दिल की सुन ली और मेरा भाई करीब 10 साल के बाद मुझसे राखी बंधवाने आ रहा है। जिसमें उसे बमुश्किल एक दिन की छुट्टी मिली। मैं तो यही कहूंगी कि आज 10 सालों के बाद हम रक्षाबंधन का पर्व एक साथ मिलकर मनाएंगे तो यह मेरे लिए रक्षाबंधन ही नहीं बल्कि मेरी होली और दिवाली भी है।

### दुआ मांगी थी कि...

और हम अपने प्यारे भाई को रक्षाबंधन पर राखी बांधेंगे। सरिता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेरा भाई कश्मीर बॉर्डर पर ही तैनात था, जिसमें हमारा मन हर वक्त उसकी सलामती की दुआ मांगता, हम कोशिश करते कि उससे बात हो जाए।

लेकिन बमुश्किल बात हो पाती। जिसमें कभी भाई फोन उठाता और बात होती दिल खुशी से भर जाता। दिल से यही दुआ निकलती की मेरा भाई के साथ साथ वर्दी में तैनात हर एक वीर भारतीय सलामत रहे। उस वक्त हम दुआ मांगते कि ईश्वर सब ठीक हो जाए तो इस बार राखी हम अपने भाई के साथ ही मनाएंगे और हमारी दुआ रंग लाई और आज करीब 6 साल बाद हम मिलकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाएंगे।

### यूएस से 'हथियार...

जिसमें इस मामले से परिचित तीन भारतीय अधिकारियों का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया था कि नई दिल्ली ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी शुल्कों पर अपनी नाराजगी का पहला ठोस संकेत देते हुए अमेरिकी हथियार और विमान खरीदने की योजना को रोक दिया है। रॉयटर्स के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वॉशिंगटन यात्रा के दौरान घोषित की जाने वाली इन खरीदों में जनरल डायनेमिक्स के स्ट्राइकर लड़ाकू वाहन, रेथियॉन और लॉकहीड मार्टिन की जैवलिन एंटी-टैंक मिसाइलें और प्रस्तावित 3.6 बिलियन डॉलर के सौदे में भारतीय नौसेना के लिए छह बोइंग पी 8आई टोही विमान शामिल हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार यह यात्रा रद्द कर दी गई है। गौर हो कि ट्रंप ने 6 अगस्त को भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के लिए भारतीय वस्तुओं पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगाया। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि भारत यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को वित्तपोषित कर रहा है। इससे भारतीय निर्यात पर कुल टैरिफ 50% हो गया - जो किसी भी अमेरिकी व्यापारिक साझेदार के लिए सबसे अधिक है।

**भारत का कहना - उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा:** ट्रंप का टैरिफ पर तेजी से अपना रुख बदलने का इतिहास रहा है और भारत ने कहा है कि वह वॉशिंगटन के साथ बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल है। भारत टैरिफ और द्विपक्षीय संबंधों की दिशा स्पष्ट होने के बाद रक्षा खरीद आगे बढ़ा सकता है। भारत ने कहा है कि उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है और वॉशिंगटन तथा उसके यूरोपीय सहयोगी जब भी उनके हित में हों, मास्को के साथ व्यापार करते रहेंगे।

### ट्रंप ने भारत के...

और असाधारण खतरा पेश करते हैं और इनके खिलाफ आपातकालीन आर्थिक उपायों का इस्तेमाल हो रहा।

### मकर राशि में चंद्रमा...

केतु सिंह राशि में रहेंगे। ऐसे अद्भुत योग शताब्दियों में एक बार ही बनते हैं। जिससे इस बार का रक्षाबंधन और भी पुण्य फलदायी माना जा रहा है। इस साल राखी पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। दरअसल, सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर भद्रा सूर्योदय से पहले खत्म हो जाएगा। रक्षाबंधन पर इस बार राहुकाल रहेगा। यह सुबह 9 बजकर 07 मिनट से शुरू होगा। यह सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक बना रहेगा। इसलिए इस बीच भाई को राखी नहीं बांधना चाहिए।

### हिंदू बहनें मुसलमानों....

हैं। उनका आरोप है कि सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए विदेशों से फंडिंग कर इस तरह की गतिविधियां करवाई जाती हैं। महामंडलेश्वर ने कहा कि पवित्र त्योहारों पर अश्लील या आपत्तिजनक रील बनाकर सनातन को बदनाम किया जा रहा है। पूजा की थाली में शराब की बोतल रखकर रील बनाने वालों का समाज से बहिष्कार होना चाहिए। सरकार को ऐसे लोगों की रील पर तुरंत प्रतिबंध लगाकर उनके खिलाफ केस दर्ज करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ईद जैसे मौकों पर हिंसक घटनाओं पर कोई सवाल नहीं उठाता, लेकिन सनातन त्योहारों पर अशोभनीय कंटेंट बनाकर बदनाम करने की कोशिश होती है। इस वीडियो के सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताया और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

### टेकेदार को ...

कर लिया है और जांच की जिम्मेदारी निरीक्षक हरीश त्रिपाठी को सौंपी गई है। आरोप है कि श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में विभागीय टेंडरों में भारी हेरफेर करते हुए विशेष फर्मों को अनुचित लाभ पहुंचाया। ठेके में रिवाइज कास्ट को 10 प्रतिशत की तय सीमा से कई गुना तक बढ़ा दिया गया। एक प्रोजेक्ट में तो लागत 231.99% तक बढ़ा दी गई, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है।

**शहडोल में भी खुलेंगे पुराने पन्ने:** ईओडब्ल्यू की जांच अब शहडोल संभाग के कार्यों की ओर भी बढ़ रही है, जहां श्रीवास्तव कार्यपालन यंत्री के रूप में पदस्थ रहे थे। वहां भी टेंडर प्रक्रिया में मनमाने संशोधन और चहेते संविदाकारों को लाभ पहुंचाने की शिकायतें हैं।

### पीएम उज्ज्वला योजना...

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

### दस्वावेजों पर होते ...

पर ई-साइन अथवा डिजिटल साइन से हस्ताक्षर किए जाते हैं। पंजीयन पूर्ण होते ही ईमेल और वाट्सएप पर उपलब्ध हो जाते हैं।

### हाईकोर्ट जज को...

जजों ने जस्टिस प्रशांत कुमार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के खिलाफ फुल कोर्ट की बैठक बुलाने के लिए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली को पत्र लिखा था। खुद सुप्रीम कोर्ट के कई जजों ने जस्टिस पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से जारी निर्देश पर आपत्ति जताई है।

### जब मुख्यमंत्री ने....

बुजुर्ग ने कहा कि वह अपने मन से बोल रहे हैं। बुजुर्ग का नाम मलकीत सिंह था। मुख्यमंत्री के सामने मलकीत ने बताया कि हमारे गांव में सुबह करीब पौने 4 बजे बाढ़ आई थी। ऐसी खतरनाक बाढ़ कभी नहीं आई। भयंकर आफत थी। आपकी टीम, शासन-प्रशासन ने हमारी इतनी मदद की कि हम लकड़ी (मरते दम) तक नहीं भूलेंगे। वहां से निकालने की, खाने-पीने की। बसों से छात्रावास तक लाने की, ऐसा मैनेजमेंट मैंने अपनी जिंदगी में नहीं देखा। मलकीत ने कहा कि मैं सच बोल रहा हूं।

पार्वती नदी है न, उसमें भी रात 10 बजे कुछ लोग बह गए थे। ट्यूब डाल-डालकर प्रशासन की टीम ने बाहर निकाला। गाड़ियां भी फंस गई थी, उन्हें नाव से बाहर निकाला गया। डॉ. यादव ने भी गुना प्रशासन की तारीफ की। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उपस्थित थे।

### सरकार संकट की...

के कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी। उन्होंने स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर प्रभावितों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया।

### अतिवृष्टि और बाढ़...

प्रभावितों को 28 करोड़ रूपए की राशि पहले दी जा चुकी है, 30 करोड़ की राशि अब दी गई है। उन्होंने कहा कि यह राशि फसल की क्षति को छोड़कर है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का सर्वे किया जा रहा है।

**श्री श्याम साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक: डी.आर./बी.पी.एल./118144 दिनांक 22.06.2022)
पंजीकृत कार्यालय: 402 सी सेक्टर, सर्वधर्म कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल
पत्र क्र./05/आमसभा/2025
भोपाल दिनांक:-05.08.2025
**सूचना**
संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, संस्था की वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन दिनांक 24.08.2025 दिन रविवार को दोपहर 12.00 बजे से, स्थान म.न. 402 सी सेक्टर सर्वधम कॉलोनी कोलार रोड़ भोपाल में किया गया है। जिसकी सूचना सभी सदस्यों को साधारण डाक के माध्यम से भेज दी गई है। सूचना प्राप्त न होने पर कृपया इसे ही सूचना मानकर उपस्थि होने का कष्ट करें।
नोट:- कृपया सदस्यगण अपने पहचान संबंधी कोई भी दस्तावेज साथ में अवश्य लावें।
अध्यक्ष
(श्री श्याम साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल)

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली निविदा सूचना**
संख्या एम०सी०–237–13–वीएसएस, दि० 06/08/2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लू०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते है:–
**1, कार्य का नाम, लोकेशन के साथ** :कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली की स्थापना और कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्यस्थल:** दानापुर डिविजीन, **2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू 56,61,77,620.05/– (रूपये छप्पन करोड़ इकसठ लाख सतहत्तर हजार छह सौ बीस एवं पांच पैसे मात्र) |, **3. अग्रधन राशि (रूपया में):** रू 29,80,900/– (रूपये उनतीस लाख अस्सी हजार नौ सौ मात्र) , **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 28.08.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी |, **5. वेव साईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS website: www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है |
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक),
पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/0738/डीएनआर/एमईसीएच/टी/25–26/44

**ANAND INSTITUTE OF MANAGEMENT**
(Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
Barkheda Nathu, Neelbad, Bhopal–462044
aimbhopal15@gmail.com, www.anandinstitutebhopal.com, Mobile: 9111888339
**FACULTY RECRUITMENT NOTICE**
**Anand Institute of Management**, invites applications from eligible candidates for appointment under Barkatullah University's Statute 28 (College Code 28) to the post of **Assistant Professor** in the following subjects for **B.com course**:

| Subject | Vacancy |
|---|---|
| Commerce | 3 |
| Computer Application | 1 |

**Qualifications, Experience & Salary** as per **UGC / State Government / Barkatullah University** norms. The number of posts may be changed as per institutional requirement. The Institute reserves the right to make any necessary modifications.
Interested candidates may apply with their **Curriculum Vitae (CV)**, **testimonials**, and a **color passport-size photograph** addressed to: **The Principal, Anand Institute of Management,** Barkheda Nathu, Neelbad, Bhopal–462044. Applications must reach the institute **within 15 days** by **Speed Post or Email** only.
— Principal

**कार्यालय संचालक**
**उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल**
कलियासोत डेम के पास, कोलार रोड, पोस्ट बॉ.-588, रविशंकर नगर पोस्ट ऑफिस, भोपाल-462016
दूरभाष : (0755) 2492433, 2492460, ई-मेल : iehebhopal@mp.gov.in, वेबसाइट : www.iehe.ac.in
**निविदा संबंधी सूचना**
संस्थान में विभिन्न कार्यों हेतु MP E-Tender के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| स.क्र. | निविदा | निविदा क्र. (Tender ID) |
|---|---|---|
| 1. | संस्थान (परीक्षा शाखा) हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर संबंधी सामग्री प्रदाय करने संबंधी। | 2025_HED_443257_1 |
| 2. | संस्थान (परीक्षा शाखा एवं अन्य विभागों) की रद्दी विक्रय करने संबंधी। | 2025_HED_443267_1 |
| 3. | संस्थान (परीक्षा शाखा) हेतु उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामग्रियों की प्रिंटिंग करने एवं प्रदाय करने संबंधी। | 2025_HED_438732_1 |
| 4. | संस्थान के फोरेंसिक विज्ञान विभाग में उपकरणों को क्रय करने संबंधी। | 2025_HED_433187_2 |

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्में MP-E-Tender पोर्टल पर दर्शित नियम एवं शर्तों के अनुरूप में सम्मिलित हो सकते हैं। क्रय प्रक्रिया वर्तमान में मान्य **"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022)"** के अनुसार की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/121522/2025
संचालक

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (M.P.)**
LAKE CONSERVATION CELL
SECTION 1
Notice Inviting e-Tenders
(FIRST CALL)
N.I.T. NO. :02-03/LCC/BMC/2025 — Date 08.08.2025
Online percentage/item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Tender ID | Name Of Work | Probable Amount of Contrnet | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of completion (In Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025 _UAD _ 443423_ 1 | WATERPROOFING AND REPAIRING OF PATROLING BOAT (3 NOS) AND PURCHASE OF WOODEN BOAT FOR CLEANING PURPOSE FOR LAKE CONSERVATION CELL (MIC FUND) | 11,40,000,00 | 8550.00 | 2000/- | 20 DAYS | NON SOR |
| 2. | 2025_UAD _443440_1 | REPAIRING AND MAINTENANCE OF SHAHPURA VISARJAN KUND. CHAR IMLI KUND KAMLAPATI KUND, KHATLA PURA KUND AND PREMPURA GHAT | 16,61,449 | 12460.00 | 2000/- | 45 DAYS (including rainy season) | UADD 2021 SOR |

1. Interested bidders can view the NIT on website Ihttps://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online
3 . The bidder shall have to submit:
a. Valid GST registration certificate.
b. Valid PWD Registration Certificate.
c. Valid EPF Registration Certificate.
4. The lowest bidder shall have to submit 3% of sanction amount as performance security. Performance security submitted from each lowest bidder in the form of DD/ bank guaranty/ FDR in favor of Commissioner Municipal Corporation Bhopal
Executive Engineer
Municipal Corporation Bhopal
District Bhopal
T. N. 2048/025/026

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE**
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह पूर्व नाम भारती खिलवानी पुत्री श्री भागचन्द खिलवानी था' तथा मेरा विवाह श्री शिव कुमार इदनानी पुत्र श्री रामचन्द्र इदनानी के साथ दिनांक 12.12.2005 को हुआ है जिसके उपरान्त मेरा नाम परिवर्तित करते हुए कीर्ति रखा गया है जिसके उपरान्त से मैं कीर्ति इदनानी के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ जिस कारण भारती और कीर्ति मेरे ही नाम है। श्रीमर्ति कीर्ति इदनानी पत्नि श्री शिवकुमार इदनानी मो.9871083024

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक







हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5953



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5952 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | वा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | वा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |

## सूडोकु नवताल - 5963

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5962 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### डीम्ड यूनिवर्सिटी में स्नैप टेस्ट की एडमिशन विंडो खुली

**पुणे।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट ( स्नैप ) टेस्ट 2025 के लिए एप्लीकेशन की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। यह एमबीए में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिम्बायोसिस उन छात्रों के लिए टॉप चॉइस है। स्नैप 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन एवं पेमेंट विंडो की शुरूआत 1 अगस्त 2025 (शुक्रवार को हुई, 20 नवम्बर 2025 (गुरूवार) तक खुली रहेगी।

### प्लेटिनम ज्वेलरी के विस्तृत कलेक्शन पेश

**नई दिल्ली।** इस रक्षाबंधन मौके पर मेन ऑफ प्लेटिनम के बोल्ड और लचीले डिजाइन या प्लेटिनम इवारा ने महिलाओं के लिए सुंदर और अभिव्यक्तिपूर्ण डिजाइन का विस्तृत कलेक्शन उपलब्ध कराया है। प्लेटिनम के हर कलेक्शन में गहराई, व्यक्तित्व और भाई-बहन के बीच का अनकहा प्रेम झलकता है। प्लेटिनम ज्वेलरी रिश्तों की भावनाओं, मजबूत इरादों और स्थायी संबंधों की अभिव्यक्ति बनती जा रही है। अपनी दुर्लभ शुद्धता और मजबूत शक्ति के लिए मशहूर, प्लेटिनम ज्वेलरी युवाओं के दिलों में अपनी जगह बनाती जा रही है।

### फनस्कूल ने गेम्स की नई रेंज लांच की

**नई दिल्ली।** फनस्कूल इंडिया लिमिटेड ने इस रक्षाबंधन के त्यौहार को और भी शानदार बनाने के लिए रोमांचक टॉयज और गेम्स की एक नई रेंज लांच की है। इस सीजन की सबसे खास पेशकश है फनस्कूल है डिक्राफ्ट्स डीआईवाय रिस्ट बैंड किट, जिससे बच्चे अपने मन से कुछ खास बना सकते और इसके मजे उठा सकते हैं। फनस्कूल की डीआईवाय रिस्ट बैंड किट एक तोहफा, कभी न भूलने वाली याद और भाई-बहन के रिश्ते का जश्न है।

### फोकस को हुई 42 करोड़ रुपए की आय

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। इस दौरान कंपनी को 42.11 करोड़ रुपए की कुल आय हासिल हुई। कंपनी एबिटडा 4.95 करोड़ रुपए रहा और शुद्ध लाभ 2.16 करोड़ रुपए हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित शेट ने कहाकि हम तिमाही के दौरान हुई प्रगति से संतुष्ट हैं। प्रतिष्ठित ग्राहकों से हाल ही में मिले प्रोजेक्ट जीत और एक महत्वपूर्ण सरकारी पात्रता के जुड़ने से हमारी गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक-केंद्रित समाधानों पर निरंतर फोकस दर्शाता है।

### राजपूताना इंडस्ट्रीज की आय 40 फीसदी बढ़ी

**मुंबई।** राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित करते हुए बताया कि पहली तिमाही में कंपनी को 167.19 करोड़ रु. की कुल आय प्राप्त हुई। अतः आय में 40.46 फीसदी वार्षिक वृद्धि हुई। कंपनी एबिटडा 6.63 करोड़ और कर पूर्व लाभ 3.75 करोड़ रु. का हुआ। जबकि शुद्ध लाभ 22.74 फीसदी वार्षिक वृद्धि के साथ 2.79 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर शिवानी शेख ने कंपनी के रूप में जो गैर-लोहे की धातु पुनर्चक्रण में गहराई से जुड़ी है।

### होम क्रेडिट ने नीरज जैन की नियुक्ति की

**गुरुग्राम।** होम क्रेडिट इंडिया ने ऐलान किया है कि वह लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी बिजनेस सेगमेंट में विस्तार करने के लिए तैयार है। इस बिजनेस की कमान संभालने के लिए कंपनी ने नीरज जैन को लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी का नया प्रमुख नियुक्त किया है। होम क्रेडिट इंडिया ने सिक्योर्ड प्रोडक्ट्स के अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में विविधता लाने और भारतीय वित्तीय सेवा बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। नीरज जैन को वित्तीय सेवा उद्योग में 22 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

मिठाई नारियल रूमाल और उपहारों की खूब खरीदारी

### दुकानों से लेकर फुटपाथ तक राखियां ही राखियां

# रक्षाबंधन आज: बाजारों में देर रात तक भीड़ उमड़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राजधानी के बाजारों में चौतरफा खरीदारी का उल्लास रहा है। बाजार में खरीदारी के लिए बहनों की खूब भीड़ उमड़ी। राखियों से लेकर गिफ्ट और नारियल की खूब खरीदारी हुई। शहर के न्यूमार्केट, आजाद मार्केट, ललवानी रोड, मारवाड़ी रोड सराफा बाजार, लखेरापुरा, पीरगेट,कोलार, करोंद, बिट्टन , दस नंबर मार्के ट, कोटरा सुल्तानाबाद, बागसेवानिया, विजय मार्केट बरखेड़ा, बरखेड़ा पठानी, पिपलानी, इंद्रपुरी, आनंद नगर सहित शहर के तमाम बाजार भाई- बहनों से गुलजार है। अच्छी ग्राहकी से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हैं। शुक्रवार आधी रात बारह बजे से महिलाएं खरीदारी व्यस्त दिखी। गौरतलब है कि शहर सभी बाजारों में आलम यह है कि दुकानों से लेकर फुटपाथ तक राखियां ही राखियां बिकती नजर आई। दुकान पर स्वास्तिक व ऊं आकृति के ब्रेसलेट, सिल्वर वर्क वाली राखी, रुद्राक्ष व स्टोन वाली राखियां इस बार खास हैं। जिनकी बिक्री भी काफी अधिक हुई है।

### *मिठाई की दुकानों पर छाई रौनक, जमकर हुई बिक्री*

*राजधानी में संचालक छोटे-बड़े सभी मिठाई की दुकानों पर बहनों भीड़ होने से सुबह से देर रात तक रौनक छाई रही। गुलाब जामुन, रसगुल्ला, बर्फी, काजू कतली, जैसी मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। साथ ही गिफ्ट आइटम्स, ड्रेस, चॉकलेट की भी खूब खरीदारी हुई। रक्षाबंधन को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया।*

*घोड़ा निक्कास स्थित कुंदन नमकीन सेंटर के प्रेमनारायण यादव ने बताया कि मिठाइयों में ज्यादातर सूखी मिठाइयों को अधिक स्थान दिया गया है। इसके अलावा मलाई चमचम, मलाई पान, मलाई रोल और काजू कतली समेत कई ड्राईफ्रूट की मिठाइयों की अच्छी खरीदी हो रही है।*

व्यापारिक तनाव से बनी तेजी की धार

# सोना एक लाख रु. के पार ऑल टाइम हाई पर, चांदी भी चमकी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बढ़ते व्यापार तनाव और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते सोने के भाव घरेलू बाजार में 1,02,100 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी के भाव 1,14,700 रुपए प्रति किलो के भाव पर कारोबार की। बाजार जानकारों के अनुसार सोने -चांदी में यह तेजी की धार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा दर्जनों देशों पर 10-50 फीसदी के व्यापक टैरिफ लागू होने के बाद धारणा से बनी है। जिसमें आयातित अर्धचालकों पर 100 फीसदी टैरिफ भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 482 रुपए की तेजी के साथ 1,01,950 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 691 रुपए की तेजी के साथ 1,02,169 रुपए के भाव पर कारोबार किया। जबकि चांदी का एमसीएक्स पर बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 355 रुपए की तेजी के साथ 1,14,641 रुपए पर खुला। पिछला और वायदा भाव ने इस साल 1,16,641 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है। बाजार जानकारों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में वैश्विक सोने की मांग सालाना आधार पर 3 फीसदी बढ़कर 1,248.8 टन हो गई, जो निवेश मांग में 78 फीसदी की बढ़ोतरी और सोने की छड़ों की खरीद में 21 फीसदी की वृद्धि के कारण हुई, जबकि आभूषणों की मांग में 14 फीसदी की गिरावट और केंद्रीय बैंक की खरीद में 21फीसदी की गिरावट आई।

केंद्र सरकार आई हरकत में

# आलू-प्याज-टमाटर की कीमतों पर निगरानी रख रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार टमाटर के दाम तेजी से बढ़ने के बाद हरकत में आ गई है। सरकार ने कहा कि वह टमाटर के साथ ही आलू व प्याज की स्थिर कीमतों को सुनिश्चित करने के लिए नजर रख रही है। साथ ही इनकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप कर रही है। सरकार ने बाजार भाव से कम दाम पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया है और अगले महीने से प्याज भी बेच सकती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि बारिश के कारण दिल्ली में टमाटर की कीमतों में अस्थायी रूप से उछाल आया है, लेकिन इसकी कीमत अखिल भारतीय औसत से नीचे बनी हुई है। दिल्ली में टमाटर का वर्तमान औसत खुदरा मूल्य 73 रुपए किलो है, जो मुख्य रूप से जुलाई और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण इसकी फसल को नुकसान का परिणाम है। चेन्नई और मुंबई में टमाटर की वर्तमान औसत खुदरा कीमतें क्रमशः 50 रुपए और 60 रुपए किलो है। वर्तमान में टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 52 किलो है, जो पिछले साल की औसत खुदरा कीमत 54 रुपये और 2023 की 136 रुपए किलो से अभी भी कम है।

### *दाम नियंत्रित करने रियायती भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की*

*केंद्र सरकार ने रियायती भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू कर दी है। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) 4 अगस्त से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीदकर उपभोक्ताओं को न्यूनतम मार्जिन पर बेच रहा है। अब तक एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 से 60 प्रति किलोग्राम के खुदरा मूल्यों पर 27,307 किलो टमाटर बेचे हैं।*

सरकार की सक्रियता और सरकारी घोषणाएं से साकार हो रही 'कमाल' की जुबानी

# रंग ला रहा 'कमाल का भोपाल' अभियान अब होने लगीं सुखद सरकारी घोषणाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में क्रेडाई मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष द्वारा चलाए गए 'कमाल का भोपाल' अभियान रंग लाने लगी है और इसके सुखद परिणाम भी दिखाई देने लगे है। क्योंकि भोपाल को क्षेत्र नीति, नवाचार और नागरिक ऊर्जा का केंद्र बनाने के लिए, सरकारी घोषणाएं की जाने लगी है जो एक दीर्घकालिक नागरिक सोच का प्रतिफल हैं।

'कमाल का भोपाल' के फाउंडर मनोज मीक के अथक प्रयास के चलते राजधानी क्षेत्र में ग्रीन डेटा सेंटर, टेक नवाचार पार्क, रेल कोच कारखाना, तामोट औद्योगिक हब, विश्वस्तरीय विद्यालय ये सब परियोजनाएं उस ऐतिहासिक उत्तरदायित्व की पुनःस्थापना है जो भोपाल ने वर्षों से ओढ़े रखा है। फाउंडर मनोज मीक ने कहाकि कुछ समय पहले यह कहना कि राजधानी क्षेत्र में अति आधुनिक डेटा केंद्र स्थापित होंगे, मेट्रो कोच बनेंगे या यहां वैश्विक विद्यालय और शायद एक भावुक स्वप्न लगता था पर आज जब यह सब वास्तव में साकार हो रहा है तो यह मानना होगा कि कल्पना और क्रियान्वयन के बीच की दूरी बहुत कुछ नागरिकों की आस्था और सरकार की सक्रियता से तय होती है।

### भोपाल में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का बिग बैंग

हाइपरस्केल डेटा सेंटर, फिनटेक ग्रीन क्लस्टर, ड्रोन व यूएवी चिप्स, सेमीकंडक्टर यूनिट्स, पीसीबी निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पार्क, एआई पार्क स्टार्टअप हब, स्मार्ट अर्बन इंफ्रा । यह सब सीधे 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट के क्लीन कंप्यूट कैपिटल, एआई लाइटहाउस सिटी, कैपिटल इनोवेशन बेल्ट प्रस्ताव से मेल खाता है।

### ताजा घटनाएं कई दिशाओं से करती हैं राजधानी को प्रकाशित

राजधानी में नवाचार, सेमीचालक, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिकी क्षेत्र की इकाइयां जिनके बारे में अभी तक हम केवल हैदराबाद या बेंगलुरु की चर्चा करते थे। तामोट में रेल कोच निर्माण कारख़ाना जिसमें मेट्रो और वंदे भारत जैसे अति आधुनिक डिब्बे बनाए जाएंगे। ब्रिटेन की सदियों पुरानी शैक्षिक संस्था का पहला भारतीय परिसर जो शिक्षा और सांस्कृतिक साझेदारी की एक नई कहानी रच रहा है। यह सब उन मानचित्रों की पुष्टि है, जो 'कमाल का भोपाल' जैसी नागरिक पहलों ने विगत वर्ष प्रस्तुत किए थे।

### ये परियोजनाएं हैं आत्मनिर्भरता की भाषा



'कमाल का भोपाल' के फाउंडर मनोज मीक ने कहाकि इस समय जबकि दुनिया व्यापारिक अवरोधों, टैरिफ नीति की लड़ाइयों और रणनीतिक निर्भरता से जूझ रही है, भोपाल जैसे शहरों का स्थान एक नए प्रकार के राष्ट्रीय स्वराज्य में बन रहा है डेटा स्वराज्य, उत्पादन स्वराज्य, और निर्णय स्वराज्य। एआई आधारित सेमीकंडक्टर और ड्रोन निर्माण भविष्य के उद्योग है, सुरक्षा और वैज्ञानिक संप्रभुता के औजार हैं। मेट्रो डिब्बों का निर्माण तकनीकी उत्पादन के साथ, आयात पर निर्भरता से मुक्ति का प्रतीक है। और नवाचार आधारित वैश्विक शिक्षा, मानव पूंजी का जागरण है।

रजिस्ट्रेशन में करीब 14.95 फीसदी की कमी

# मध्यप्रदेश में जुलाई माह में हुई कुल 118699 वाहन की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मध्य प्रदेश के जुलाई 2025 खुदरा डेटा जारी किया है। फाडा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने जुलाई 2025 के प्रदर्शन पर कहाकि गत वर्ष 2024 की तुलना में 14.95 फीसदी कम बिक्री हुई। उन्होंने कहाकि चालू वित्त वर्ष के जुलाई माह 68094 दोपहिया वाहन, 5411 तिपहिया, 2905 कॉमर्शियल व्हीकल, 145 कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक व्हीकल और 12842 पैसेंजर व्हीकल बिक्री हुई। कुल वाहन ,10559 वाहनों की बिक्री हुई। जो कि वर्ष 2024 जुलाई में कुल 118699 वाहन बिके थे। अतः गत वर्ष की तुलना में 14.95 फीसदी कम बिक्री हुई।

### *खेती-किसानी में व्यस्त होने से बिक्री पर पड़ा असर*

*फाडा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने किया भारी बारिश और किसानों के धान व सोयाबीन की बुवाई में व्यस्त होने के कारण, ग्रामीण मध्य प्रदेश में ग्राहकों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वित्तपोषकों के हाल के रूढ़ीवादी रवैए और बिक्री को अगस्त तक स्थगित करने से, जिसमें मुख्यतः त्यौहारी सीजन होता है, शहरी और ग्रामीण मध्य प्रदेश दोनों में बिक्री पर असर पड़ा है। वैश्विक सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में अनिश्चितता और टैरिफ कारकों ने धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।*

### *बेहतर क्वालिटी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बढ़ रही उपलब्धता*

*पिछले कुछ सालों में भारत की सडक़ों पर इलेक्ट्रिक स्कूटर बहुत तेजी से बड़े हैं। लोग नौकरी, कॉलेज या अन्य जगहों पर जाने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर का उपयोग करना पसंद कर रहे हैं। इस बारे में जागरुकता और बेहतर क्वालिटी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों की उपलब्धता बढ़ रही है, तथा एक मजबूत परिवेश का निर्माण हो रहा है, जिससे इस परिवर्तन में और ज्यादा तेजी आ रही है, लेकिन पहली बार इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वालों के मन में अभी भी कई सवाल उठते हैं। पेट्रोल स्कूटरों के स्वामित्व से हर कोई भलीभांति परिचित है। उन्हें मालूम है कि उसमें कब पेट्रोल भरवाना है, उसकी सर्विसिंग कैसे करानी है और उसकी रिसेल क्या होती है।*

# रिलायंस ने रक्षाबंधन पर लांच किया 'बचाते रहो' अभियान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने रक्षाबंधन के अवसर पर एक विशेष अभियान बचाते रहो लांच किया है, यह अभियान एक भावुक फिल्म के माध्यम से भाई-बहन के रिश्ते की गहराई और भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाता है।

यह फिल्म उन छोटे-छोटे पलों को उजागर करती है, जिनमें भाई-बहन एक-दूसरे की परवाह और समर्थन करते हैं, ऐसे लम्हे जो दिखने में मामूली होते हैं, लेकिन जीवनभर याद रहते हैं और इस रिश्ते को खास बनाते हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहाकि रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो अटूट रिश्तों, दिल से किए गए वादों और अपनों की सच्ची हिफाज़त के संकल्प का उत्सव है।

# एमएसएमई से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एफआईआईओ से किया समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (एफआईईओ) के साथ अमेजन इंडिया ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। अमेजन और एफआईईओ इस गठजोड़ के जरिए एक समर्पित ई-कॉमर्स निर्यात कार्य बल का गठन करेंगे, जो संयुक्त रूप से एक नीति और बुनियादी ढांचे का खाका तैयार करेगा। इस नीति और बुनियादी ढांचे के जरिए विक्रेताओं की मदद की जाएगी और पूरे भारत में एमएसएमई के बीच ई-कॉमर्स से जुड़े निर्यात अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। यह साझेदारी देश भर के छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं की क्षमता बढ़ाने में मदद करेगी।

# सबसे बड़ा वाटर पार्क इमेजिका एक्वा का भव्य उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के अब तक के सबसे बड़े और अत्याधुनिक वॉटर पार्क 'इमेजिका एक्वा' का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट और धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी की उपस्थिति में किया। 25 एकड़ क्षेत्र में फैले इस भव्य पार्क का निर्माण 220 करोड़ रुपए की लागत से हुआ। 'इमेजिका वर्ल्ड एंटरटेनमेंट लिमिटेड के अनुसार विकसित एक्वा इमेजिका सिर्फ एक वॉटर पार्क नहीं है, बल्कि यह खुशियों, मस्ती और पारिवारिक जुड़ाव का उत्सव है। इसमें 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की राइड्स, थीम आधारित ज़ोन और आधुनिक आतिथ्य सुविधाएं हैं। पार्क पालिया में, वैष्णव कॉलेज के पास, इंदौर-उज्जैन हाईवे पर स्थित है।

## बिजनेस न्यूज

### एलआईसी का शुद्ध लाभ 11,000 करोड़ रु. हुआ

**भोपाल।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने प्रीमियम में धीमी वृद्धि के कारण 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ में मामूली 5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 10,986 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इसकी कुल प्रीमियम आय वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 4.77 प्रतिशत बढ़कर 1.19 ट्रिलियन रुपये हो गई, जिसमें व्यक्तिगत खंड में प्रीमियम 6.4 प्रतिशत बढ़कर 71,474 करोड़ रुपए हो गया, और समूह व्यवसाय प्रीमियम 2.5 प्रतिशत बढ़कर 47,726 करोड़ रुपए हो गया। बीमा कंपनी के नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,944 करोड़ हो गया। जीवन बीमा कंपनियों की लाभप्रदता का एक पैमाना, एलआईसी का वीएनबी मार्जिन, इस तिमाही में 15.4 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही से 150 आधार अंक (बीपीएस) अधिक है। एलआईसी के पोर्टफोलियो में गैर-सममूल्य उत्पादों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 24 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई।

### सभी कानूनों में कर निर्धारण की मूल बातें लगभग एक जैसी : पांडे



**भोपाल।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट ध्रुव पांडे ने संबोधित किया। सलाहकारों को बताया कि आयकर ,जीएसटी, बेनामी प्रॉपर्टी आदि सभी कानूनों में कर निर्धारण की मूल बातें लगभग एक जैसी हैं। पूर्वता का नियम कर प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण है जिसका उपयोग किसी कर निर्धारण या अपील प्रकरण में किया जा सकता है। कर अधिकारियों के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी अधिकारी द्वारा पारित आदेश का उच्च अधिकारी पुनर्वालोकन कर सकते हैं एवं अगर उन्हें लगता है की कोई छूट गलत दे दी गई है, तो उसके विरुद्ध विभाग भी अपील कर सकता है। अगर शोकाज नोटिस धारा 73 में जारी किया गया है एवं अधिकारी को प्रकरण में जांच करने पर कोई कर की चोरी मिलती है तो प्रकरण में धारा 73 की कार्रवाई समाप्त किए बिना धारा 74 के अंतर्गत आदेश पारित नहीं किया जा सकता। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य राजेश जैन ,अशोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

### पिरामल ने मप्र में 'परख' लांच किया

**भोपाल।** पिरामल फाइनेंस अपनी डॉक्यूमेंट्री-सीरीज परख की पहुंच का विस्तार करते हुए इसे जियोहॉटस्टार और सन नेक्स्ट जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा रहा है। परख वित्तीय चुनौतियों से जूझ रहे ग्राहकों की प्रामाणिक, वास्तविक जीवन की कहानियाँ प्रस्तुत करता है, जो आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देने और वंचित उधारकर्ताओं का समर्थन करने के लिए पिरामल फाइनेंस के समर्पण को उजागर करता है।

### युवा विद्यार्थियों ने एसआरएम इंस्टीट्यूट को आधार सोपान के रूप में चुना

**नई दिल्ली।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) ने 2025 अकादमिक सत्र के लिए अपने रामापुरम और तिरुचिरापल्ली कैंपस में 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का स्वागत किया है। एसआरएमआईएसटी ने भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव लेने में उनकी मदद के लिए एक विशेष हेरिटेज विजिट का आयोजन किया। एसआरएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. कतिरवन कन्नन ने कहाकि युवा विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के लिए एसआरएम इंस्टीट्यूट को आधार सोपान के रूप में चुना।

### ई-गिफ्ट कार्ड में नया पर्सनलाइजेशन फीचर जोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल गिफ्टिंग को और भी खास बनाने के लिए अमेज़न पे ने अपने ई-गिफ्ट कार्ड में नया पर्सनलाइजेशन फीचर जोड़ा है। इस फीचर की मदद से ग्राहक अब गिफ्ट कार्ड में अपनी फोटो या आर्टवर्क अपलोड कर सकते हैं, जिससे हर अवसर की बधाई और भी व्यक्तिगत और यादगार हो जाएगी। अमेजन पे द्वारा 1.34 बिलियन यूनिट्स की बिक्री और ग्राहकों के खर्च में सालाना 18 फीसदी की वृद्धि के मील के पत्थर से स्पष्ट होता है। लगभग 3,500 रुपए का औसत गिफ्ट कार्ड मूल्य, ग्राहकों के बढ़ते विश्वास और विभिन्न अवसरों और जनसांख्यिकी में व्यापक रूप से अपनाए जाने को दर्शाता है।

**संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास**
**6 नम्बर बस स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश**
दूरभाष नं. 0755-2573832, E-mail Id-siddhantawasthi@mpurban.gov.in
क्रमांक / शाखा- 03/2025/16681 दिनांक. 30.07.2025
**ई-निविदा सूचना**
संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल, मध्यप्रदेश, द्वारा कार्यालय में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर दैनिक उपयोग की सामग्री यथा कम्प्यूटर उपकरण (With Installation) तथा संबंधित कार्यों की सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु दरों के आमंत्रण तथा Empanelment हेतु ई-निविदा क्र. 2025_UAD_440988_1 आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 70,00,000 है। निविदा दिनांक 26.08.2025 शाम 5:30 तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र व कार्य की विस्तृत शर्ते https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई भी परिवर्तन / संशोधन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा।
उप संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल, मध्यप्रदेश
जी - 16898/25 स्वच्छता ही सेवा

**पश्चिम मध्य रेल**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय–कोटा
(भंडार आपूर्ति हेतु ई–निविदा सूचना संख्या ई–99255632 खुलने का दिनांक 28.08.2025) वरि मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय–कोटा भारत के राष्ट्रपति की ओर सं ई खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते है। कोई भी व्यक्तिगत / डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेंगे। पूर्ण विवरण / विनिर्देशन के लिये http://www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं, **निविदा संख्या:** E-99255632, **मद का संक्षिप्त विवरण:** Supply, Installation testing & commission of DG Set, **निविदा मात्रा:** 14 Nos, **खुलने का दिनांक :** 28/08/2025 12:30 Hrs.
(हस्ता)
वरि मंडल सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)**
(NAAC द्वारा प्रदत्त ग्रेड 'A+') email: hegjhpgcbet@mp.gov.in
क्रमांक /36/ भण्डार/2025 बैतूल दिनांक 04/08/25
**विज्ञप्ति**
वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु महाविद्यालय के लिए स्टेशनरी एवं परीक्षा सामग्री का क्रय फुटकर/आवश्यकतानुसार किया जाना है। इस हेतु स्टेशनरी एवं परीक्षा सामग्री के क्रय हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित होने के दिनांक से 21 दिवस के भीतर सील बंद लिफाफे में डाक/कोरियर/स्पीड पोस्ट/स्वयं के हस्ते प्राचार्य/सचिव प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल को कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा की नियम एवं शर्तों की पूर्ण जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट http://highereducation.mp.gov.in पर उपलब्ध है।
भण्डार लिपिक — ज.हा. शासकीय महाविद्यालय, बैतूल
प्राचार्य — ज.हा. शासकीय महाविद्यालय, बैतूल
जी - 16920/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला - धमतरी (छ.ग.)**
Email ID- cmoamdi@gmail.com
क्रमांक /695/ न.पं./लोनिवि/2025-26 **ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना** आमदी, दिनांक 04/08/2025
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173195 | Design, Construction, Testing. Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand only) TDR/FDR in Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | INR 10000 (Rupees Ten Thousand only) in form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | Construction Period- 15 months (including rainy season+03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order | 02.09.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा शर्ते / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब साईट Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)



# मोहम्मद रफी एवं किशोर दा के गीतों ने बांधा समा



एंजेल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रविंद्र भवन में संगीत संध्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एंजेल म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा शुक्रवार को रविंद्र भवन में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। संगीत संध्या में मोहम्मद रफी एवं किशोर दा के गीतों की प्रस्तुति ने समा बांधा। संगीत संध्या की विशेषता यह रही कि आयोजक द्वारा संगीत के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। एंजल ग्रुप द्वारा भोपाल के वरिष्ठ गायक अनुज सक्सेना, हरिओम झरिया, गोविंद गोयल, डॉ. दुबे .अवतार मेहर, राजेश मिश्रा आर के शर्मा सहित संगीत के क्षेत्र में अमूल योगदान देने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। एंजल ग्रुप के सराहनीय कार्य के लिए इंजीनियर आशु विनोद मेहरा, प्रदीप सक्सेना ने पूरे एंजल ग्रुप का आभार व्यक्त किया गया।

### मानव संग्रहालय में विश्व देशज जन दिवस के अवसर पर डाक टिकट प्रदर्शनी का शुभारंभ

# किसी ने प्रदर्शित किए वाटर कलर से बने डाक टिकट तो किसी ने कर्मा नृत्य के डाक टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय विश्व देशज जन दिवस के अवसर पर भारतीय डाक विभाग एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, के संयुक्त तत्वावधान में जनजातियों एवं संस्कृति पर केंद्रित डाक टिकट प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को संग्रहालय के वीथि संकुल भवन में किया गया। इस प्रदर्शनी में भोपाल शहर के करीब 14 प्रसिद्ध फिलाटेलिस्ट ने भाग लिया है, जिन्होंने अपने संग्रहित दुर्लभ डाक टिकटों के माध्यम से भारतीय जनजातीय जीवन, संस्कृति, कला, परंपराओं एवं लोक जीवन की झलक प्रस्तुत की है। प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनजातियों की सांस्कृतिक धरोहर, पारंपरिक वेशभूषा, लोककथाएं, हस्तशिल्प और लोकनृत्यों से संबंधित डाक टिकटों का संग्रह दर्शकों के आकर्षण का केंद्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मा नृत्य का टिकट भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा एक विशेष आवरण का विमोचन भी किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य डाक टिकटों के माध्यम से भारत की समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचाना है।

**भोपाल शहर के करीब 14 प्रसिद्ध फिलाटेलिस्ट ने भाग लिया**

### भारतीय डाक विभाग ने एक विशेष आवरण का विमोचन भी किया





### सिकल सेल डिजीज और औषधीय पौधों पर आधारित सौ डाक टिकट प्रदर्शित



एम्स में कार्यरत डॉ. राजेश जोशी ने कहा कि मैंने प्रदर्शनी में दो फ्रेम में सौ डाक टिकट प्रदर्शित किए हैं। मेरे डाक टिकट सिकल सेल डिजीज और औषधीय पौधों पर हैं। इनमें भारतीय समेत विदेश के डाक विभागों द्वारा जारी चित्रों को मैंने प्रदर्शित किया है। वनस्पतियों में भारत के अतिरिक्त भूटान, नेपाल, बंग्लादेश और आफ्रीका के डाक टिकट और सिकल सेल डिजीज में भारत के साथ- साथ कीनिया और अमेरिका के डाक टिकट प्रदर्शित हैं। औषधीय वनस्पतियों में सबसे पुराना डाक टिकट नेपाल का है, जिसमें तुलसी के पौधे का डाक डिकट 1980 में जारी हुआ था। भारत का सबसे पुराना 1998 में जारी हुआ नीम के पौधे का डाक टिकट है। भारत में सिकल सेल का पहला डाक टिकट 15 नवंबर 2024 को जारी हुआ था।

### एक दिन में ही वापस हो गए थे वाटर कलर से बने डाक टिकट



वहीं, डाक टिकट संग्राहक अरविंद खोडके ने कहा कि अन्य विषयों की श्रेणी में मैंने नेचुरल हेरिटेज इन इंडियन स्टांप पर आधारित डाक टिकटों का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी में किया है। मैंने पांच फ्रेम में करीब चार सौ डाक टिकट प्रदर्शित किए हैं, जो जंगल, पहाड़, नदी, मैदान और पठारों पर जारी हुए थे। भारतीय डाक विभाग ने 1958 से प्रकृति पर आधारित डाक टिकट जारी करने आरंभ किए थे। तब से लेकर अब तक के सभी डाक टिकट मेरे पास मौजूद हैं। इनमें सबसे दुर्लभ 1994 में जारी हुआ डाक है। दरअसल, भारतीय डाक विभाग ने गलती से वाटर बर्ड के डाक टिकट वाटर कलर में प्रिंट करा लिए थे। ये डाक टिकट जारी तो कर दिए गए, लेकिन पानी के संपर्क में आते ही चित्र मिट जाते थे। इन्हें विभाग ने शिकायत मिलने पर जारी होने के अगले दिन ही वापस मंगा लिया था। इसलिए ये ज्यादा लोगों तक पहुंचे नहीं। ये चार टिकट भोपाल में सिर्फ मेरे पास हैं। इसके अतिरिक्त रेयर्स आफ बर्ड पर जारी हुए डाक टिकट भी मैंने प्रदर्शित किए हैं।

# पाकीजा फिल्म के गीत इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा....में मीना कुमारी ने ओढ़ी थी चंदेरी की ओढ़नी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चंदेरी एक ऐसा फैब्रिक है, जिसमें हुस्न छिपता भी है और निखर कर सामने भी आता है। चंदेरी की इसी खूबसूरती की वजह से 1972 में पाकीजा फिल्म के गीत इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा.... में मीना कुमारी ने चंदेरी की ही ओढ़नी ओढ़ी थी, जिस पर बूटी वर्क किया गया था, तब उनकी खूबसूरती उसे ओढ़नी में अलग ही नजर आ रही थी।

यह कहना है मृगनयनी एम्पोरियम के संचालक एम एल शर्मा का, जो हैंडलूम उद्योग के संवर्धन हेतु वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा होटल पलाश में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमिश्नर हैंडलूम एवं हथकरघा विभाग मदन विभीषण नागरगुर्जे द्वारा की गई।


### वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज की होटल पलाश में हैंडलूम उद्योग के संवर्धन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



*हैंडलूम से जुड़े हर एक संस्था को एक ही मंच उपलब्ध कराना उद्देश्य*

*कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन को करने का उद्देश्य डिजाइनर, बुनकर, विपणन विशेषज्ञ, शिक्षाविद, छात्राओं और उद्योग से जुड़े अन्य लोगों को एक ही मंच उपलब्ध कराना है।*

### 1998 में टीटी नगर कम्युनिटी हॉल से हुई सावन मेले की शुरुआत



हैंडलूम की इसी विशेषता को आगे बढ़ाते हुए शर्मा ने कहा कि मप्र का टेक्सटाइल सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी पसंद किया जाता है और बाहर की महिलाएं भी इस फैब्रिक से बनी हुई ड्रेसेस पहनना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि हैंडलूम को प्रमोट करने और आम आदमी से परिचित कराने भोपाल में पहली बार सावन मेले की शुरुआत 1998 में टीटी नगर कम्युनिटी हॉल से हुई थी, जिसमें मप्र के टेक्सटाइल के साथ, बिंदी, चूड़ी, मेहंदी और श्रृंगार की सभी सामग्री मौजूद थी।

### फैशन शोज में हैंडलूम को शोकेस कर, हैंडलूम प्रोडक्ट्स की डिमांड हाई क्लास में बढ़ाती है



वहीं, शहर के जाने-माने फैशन डिजाइनर मुमताज खान ने कहा कि हैंडलूम के प्रमोशन में फैशन डिजाइनर बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। फैशन शोज और फैशन वीक्स में हैंडलूम को शोकेस कर उसकी ब्रांडिंग कर हैंडलूम प्रोडक्ट्स की डिमांड हाई क्लास में बढ़ाते हैं, क्योंकि जब डिमांड ज्यादा होती है तो प्राइस भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हैंडलूम नाजुक कपड़ा होता है। इसकी कीमत भी थोड़ी ज्यादा होती है और केयर भी ज्यादा करनी पड़ती है। इसके बावजूद लोग इसकी हाई प्राइस चुकाने को तैयार होते हैं। इसलिए इसका प्रॉपर प्रमोशन बहुत जरूरी है।

### राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस उत्सव की दूसरी शाम रही सांस्कृतिक प्रस्तुति के नाम


# ऑपरेशन गंगा की थीम से दिया सामाजिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल में जारी सावन मेले के तहत आयोजित राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर केंद्रित विशेष उत्सव की दूसरी शाम पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंगी नजर आई। इस अवसर पर नूतन और एमएलबी कॉलेज की छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। शाम का आरंभ दोनों कॉलेजों की छात्राओं की सुमधुर नृत्य प्रस्तुतियों से हुआ, जिनमें भारतीय सांस्कृतिक विरासत और विविधता की झलक साफ दिखाई दी। छात्राओं ने ऑपरेशन गंगा की थीम पर आधारित प्रस्तुति में सामाजिक संदेश और देशभक्ति का समावेश करते हुए एक भावपूर्ण मंचन किया।







### भारतीय शास्त्रीय, लोक, और पारंपरिक नृत्य शैलियों का सुंदर संगम

इसके साथ ही विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह और जोश का संचार किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय शास्त्रीय, लोक, और पारंपरिक नृत्य शैलियों का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, गिद्दा, गरबा और कालबेलिया जैसे विविध नृत्यों ने मंच पर रंगारंग छटा बिखेरी। प्रत्येक प्रस्तुति में कलाकारों के उत्कृष्ट नृत्य कौशल, भाव-भंगिमा और अद्भुत तालमेल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अग्रवाल कोलार महिला मंडल के द्वारा लहरिया थीम पर मनाया सावन महोत्सव



**भोपाल।** अग्रवाल कोलार महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा गर्ग की अध्यक्षता में सावन महोत्सव मनाया गया, जिसमें कई प्रतियोगिताएं व नाच गाना भी आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण की जोड़ियों ने समा बांधा, तो वहीं लहरिया थीम पर सजी धजी महिलाओं ने कार्यक्रम में नाच-गाकर दिन को इंजॉय किया।

### गौर कॉलेज के विद्यार्थियों ने समझा क्लाउड किचिन कॉन्सेप्ट

**भोपाल।** भेल क्षेत्र स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद, जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. प्रतिभा डेहरिया ने बताया कि इस अवसर पर खाद्य सामग्री, गृहसज्जा सामग्री, कपड़े, साड़ियां, बैग, गृह उद्योग से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें सर्वाधिक लोकप्रिय क्लाउड किचिन कॉन्सेप्ट रहा, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने जाना कि कैसे हम घर पर अच्छी खाद्य सामग्री बनाकर जोमेटो, स्वीगी आदि ऑनलाइन माध्यमों से ग्राहकों तक पहुंचा सकते है।







## चिंतन

# संसद नहीं चलने देने से क्या हासिल हो पाएगा

संसद का मानसून सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। 21 जुलाई से सत्र शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार ने कई विधेयक पास कराने की तैयारी की है, लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई कब तक यूं ही जाया होती रहेगी? संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, ट्रंप के दावे समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग के अनुरूप दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब भी दिया गया, इसके बाद भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। वह अभी भी हंगामा ट्रैक पर है। आज आठ अगस्त को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोहराया कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा कि 'मैं आपसे पुनः आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल चलने दें। यह महत्वपूर्ण समय होता है। नारेबाजी करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। देश की जनता देख रही है कि नियोजित तरीके से सदन को कैसे बाधित किया जा रहा है।' राज्यसभा में भी यही स्थिति रहती है। सदन में चर्चा कम और हंगामा अधिक होता है। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हैं, आसन के नजदीक चले जाते हैं, नियम के विपरीत चर्चा की मांग करने लगते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलने देते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए शुक्रवार को बताया कि 'वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।' उच्च सदन में आज भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस आसन द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक और बारह बजे शुरू होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। वर्तमान सत्र में रास सदस्यों के पास आज तक 195 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत लोक महत्व से जुड़े 195 मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये 195 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर था लेकिन अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत सिर्फ पांच मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये मात्र 17 मुद्दे ही उठाए गए हैं। यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले दो दशक से ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष में जो भी दल रहे हों, संसद सत्र के दौरान व्यवधान उत्पन्न करते रहे हैं। संसद सत्र को अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत है। अब जितने भी दिन सत्र बचे हैं, पक्ष व विपक्ष कोशिश करें कि सत्र चल सकें व जनोपयोगी मुद्दों पर चर्चा हो सके व विधेयक पास हो सकें।



विमर्श
आलोक शुक्ला

# मतदाता सूचियों में पारदर्शिता जरूरी

**विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इस पर निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है।**

सात जुलाई को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इनमें से 11,965 मतदाता डुप्लीकेट थे, 40,009 मतदाताओं के पते फर्जी थे, 10,452 के नाम बड़ी संख्या में किसी एक ही पते पर दिखाए गए थे। 4,132 मतदाताओं की फोटो पहचानना संभव नहीं था और 33,692 मतदाताओं के नाम फार्म 6 का दुरुपयोग करके मतदाता सूची में जोड़े गए थे। राहुल गांधी की इस पत्रकार वार्ता से राजनीतिक भूचाल आ गया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एक राष्ट्रीय बहस भी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के अंतर्गत शपथ के साथ घोषणा पत्र देने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी का पहला आरोप तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मदद करने के लिए महादेवपुरम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों का पंजीकरण जानबूझकर किया गया है। दूसरा आरोप यह है कि इन फर्जी वोटरों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले और इस प्रकार निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने चुनाव को चुरा लिया। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत, राजनीति से प्रेरित और देश के लिए अहितकर बताया है। राजनीतिक दल होने के कारण भाजपा से ऐसी ही राजनीतिक प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी थी। परन्तु निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। नियम 23(3)(बी) के अंतर्गत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का प्रावधान है, जिसके लिए 15 दिन की समय सीमा भी निर्धारित है। साफ है कि न तो इतने दिनों बाद अपील की जा सकती है और न ही राहुल गांधी अपील कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तो एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची का विश्लेषण करते हुए जानबूझकर फर्जी नाम जोड़े जाने के आरोप लगाए हैं। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद पर हैं इसलिए इस आलेख में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा को सही मानते हुए उसका तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह आलेख इस बात का प्रयास करता है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को पक्षपातपूर्ण न मानते हुए मतदाता सूची में राहुल गांधी दिखाई गई विसंगतियां के कारणों को समझा जाए।

मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और फार्म 6 का दुरुपयोग, यह दोनों लगभग एक समान आरोप हैं, इसलिए इन पर एक साथ विचार करेंगे। दरअसल बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में डुप्लीकेट नामों की समस्या



लंबे समय से चली आ रही है। इन शहरों में लोग अक्सर किराये के मकानों में रहते हैं। मकान मालिक अधिकतर 11 महीनों के लिए किरायानामा करते हैं और उसके बाद किरायेदार पर मकान खाली करने का दबाव डालते हैं। मेट्रो शहरो में बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों से आते हैं और जल्दी-जल्दी जॉब बदलने के कारण अपना पता भी बदलते रहते हैं। यह लोग नए पते पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा तो लेते हैं, परन्तु पुराने स्थापन से अपना नाम कटवाते नहीं हैं। जब इनके परिवार साथ में रहते हैं, तो बूढ़े मां-बाप का नाम भी मतदाता सूचियों में 2 स्थानों पर जुड़ जाता है। निर्वाचन आयोग चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के नाम जोड़ने की मुहिम भी चलाता है जिसके कारण भी ऐसे डुप्लीकेट नामों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। हालांकि फार्म-6 में यह घोषणा की जाती है कि नाम जुड़वाने का आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम अन्य किसी स्थान की मतदाता सूची में नहीं है, परन्तु कोई भी इस घोषणा को गंभीरता से नहीं लेता है और लोगों के नाम अनेक स्थानों पर जुड़ते ही जाते हैं। फर्जी पते और एक ही मकान में बहुत अधिक नामों के होने का कारण दरअसल यह है कि निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं जिनका कोई स्थाई पता नहीं है। आयोग का यह फैसला ऐसे गरीब मजदूरों के पक्ष में है जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है और जो फुटपाथ पर भी जीवन काटने के लिए मजबूर हैं। मेट्रो शहरों में लगातार चल रहे निर्माण कार्यों के कारण ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है। इन गरीबों को अक्सर नगर निगम के अधिकारी और पास के गुंडे फुटपाथ पर उनके रहने के स्थान से भगाते रहते हैं। इस कारण वे अपने रहने का स्थान बदलते रहते हैं। ऐसे लोगों के नामों को फर्जी पते वाला कहा गया है। पहचान राहुल गांधी का तीसरा आरोप है कि बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनकी पहचान योग्य फोटो मतदाता सूची में नहीं है। दरअसल कुछ साल पहले तक मतदाता सूचियों में मतदाता की फोटो होती ही नहीं थी। आयोग ने जब फोटो जोड़ने का निर्णय लिया तो अधिकारियों ने फोटो एकत्रित करना प्रारंभ किया। बहुत सी फोटो अच्छी क्वालिटी की नहीं मिलीं। आयोग धीरे-धीरे अच्छी क्वालिटी की फोटो एकत्र करने का कार्य कर रहा है, पर यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। आयोग के पास क्या विकल्प हैं - राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विश्लेषण का आसान स्पष्टीकरण आयोग दे सकता है। न जाने किस कारण से निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की नीति अपनाई है। मेरा मानना तो यह है कि राहुल गांधी ने डुप्लीकेट नामों, फर्जी पते और खराब फोटो की जो सूचियां पत्रकार वार्ता में दिखाई थीं, वह सूचियां उनसे मांगकर निर्वाचन आयोग को उनमें शामिल प्रत्येक नाम की जांच अपने अधिकारियों से करा लेनी चाहिए और प्रत्येतक नाम के संबंध में उचित कारण देते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हर भारतीय की यह अपेक्षा है कि त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली तैयार की जाए। आयोग शायद इसी उद्देश्य से पहले बिहार में और फिर सारे देश में सघन पुनरीक्षण का कार्य करना चाहता है। परन्तु आयोग को यह समझना होगा कि जब तक नई और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक सघन पुनरीक्षण का कोई लाभ नहीं होने वाला है। अच्छा होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों की एक राष्ट्रीय समिति बनाए जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाये। यह समिति मतदाता सूचियों को शुद्ध रूप में बनाने और उनके रखरखाव के संबंध में जो सुझाव दे उन पर आयोग को खुले हृदय से विचार करना चाहिये और उसके बाद देशहित में फैसला लेना चाहिये।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

स्पेस स्टेशन
डॉ. रमेश ठाकुर



# अंतरिक्ष से मिसाइल अटैक की योजना बना रहे देश!

भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलों से अंतरिक्ष में बने 'स्पेस स्टेशनों' से युद्ध की योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं है। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अंतरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वनिर्मित 'अतंराष्ट्रीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे हैं। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाइयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है। अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं।

पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने के अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 साल में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने की जुगत भिड़ा रहे हों? उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्ष से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह 'मिशन गगनयान' को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो अपने आगामी 'गगनयान मिशन' को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियों में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अंतरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**मूल निवासियों के मामले में हमारी तुलना अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ करना गलत और अन्यायपूर्ण**

# भारत में विश्व मूल निवासी दिवस मनाने का औचित्य क्या है ?



डॉ. नीरज पांडेय
मीडिया विशेषज्ञ

9 अगस्त को 'विश्व मूल निवासी दिवस' है । सन 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार विश्व के लगभग 90 देशों में 47.6 करोड़ मूल निवासी रहते हैं जो विश्व की जनसंख्या के 5% के बराबर है किंतु दुनिया भर के गरीबों में मूल निवासियों की संख्या 15% है। ऐसे मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए, उनका जीवन स्तर बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ यह दिवस मनाता है। पर,भारत में इस दिवस का क्या औचित्य है? यहां तो हम सभी मूल निवासी हैं। यहां कुछ विदेशी मुस्लिम आक्रमणकारी आए किंतु उनकी संख्या बहुत कम है। आजकल अपने देश में भी यह दिवस मनाने का चलन प्रारंभ हुआ है। अनेक राज्य इसे 'आदिवासी दिवस' के रूप में मनाते हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश जैसे राज्य तो कुछ वर्ष पहले तक 9 अगस्त को ऐच्छिक अवकाश घोषित करते थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में 'मूल निवासी दिवस' की घोषणा होने के बाद अपने देश में आदिवासी ही इस देश के असली (मूल) नागरिक हैं, और बाकी सारे बाहर से आए हैं, यह विमर्श चल पड़ा। वामपंथी विचारकों द्वारा यह विमर्श खड़ा करना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण था। भारत का संविधान जिस प्रकार के अधिकार जनजाति समाज को दे रहा है वह विश्व के जनजाति समाज के लिए प्रेरणा हो सकता है। 'आर्य बाहर से आए' यह विमर्श अब गलत साबित हुआ। हम सब इसी भारत देश के मूल निवासी हैं। सयुक्त राष्ट्र संघ लगभग पांच सौ से एक हजार वर्षों में जिन देशों में बाहर से आए लोगों ने सत्ता और शासन प्राप्त किया, उन्हीं देशों के मूल निवासियों को 'मूल निवासी' का दर्जा दे रहा है किंतु हमारे देश में तो वेद/उपनिषद/पुराण कई हजार वर्ष पहले से हैं। सारे उदाहरण सारे प्रमाण व सारे तथ्यों से यह सिद्ध होता है कि हम भारत में रहने वाले सभी मूल निवासी हैं। और जिन्हें 'अदिवासी' कहा जाता है, वे 'आदिम युग' में जीने वाले आदिवासी नहीं हैं, अपितु वनों में व ग्रामों में रहने वाला 'जनजातीय समाज' है। ये अत्यंत प्रगत और प्रगल्भ समाज है। मूल निवासियों के मामले में हमारी तुलना अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ करना गलत और अन्यायपूर्ण है। एक गहरी साजिश के तहत भारत में 'मूल निवासी दिवस' को 'आदिवासी दिवस' बनाया गया है। जबकि 15 नवंबर को देश के कई प्रदेश भगवान बिरसा मुंडा जयंती को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मनाते हैं और वास्तव मे उस दिन को जनजाति समाज को अपने वंचित अधिकारों के लिए संकल्पित होना चाहिए एवं समाज के सभी वर्गों को जनजाति गौरव दिवस को मनाना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### लोगों में धन की भूख बढ़ी


आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - विवेक चौधरी, बेमेतरा

## X ट्रेंड

### उज्ज्वला योजना

रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मोदी जी ने देश की करोड़ों बहनों को सौगात देते हुए 12,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### हर घर तिरंगा अभियान

इस बार हर घर तिरंगा अभियान और भी है खास आपरेशन सिंदूर से विजय का अद्भुत है अहसास। "हर घर तिरंगा" अभियान के वालेंटियर बनिए। अपने आसपास देशभक्ति के इस राष्ट्र उत्सव का आनंदित वातावरण बनाइए। अपनी जान-पहचान के नागरिकों को इससे जोड़िए।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री



### अर्थव्यवस्था की रीढ़

खेती-किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। हम मेहनतकश किसानों को खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

-हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड



### भाजपाई भ्रष्टाचार


प्रयागराज के नाम पर 20 हज़ार करोड़ का स्मार्ट सिटी का जो फंड भाजपाई निगल गये, अगर 'महाकुंभ के उस महाकोष' का एक अंश भी सीवर और नाला सफ़ाई में लग जाता तो प्रयागराज का थाना आज तालाब न बनता। ये भाजपाई भ्रष्टाचार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



## करंट अफेयर

# भारत पर शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'



व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा' है, जो नयी दिल्ली के 'रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार' से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नवारो ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि ''भारत पर लगाए गए शुल्क का तर्क पारस्परिक शुल्क से बिलकुल अलग है।'' उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह से एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दा है, जो भारत के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा हुआ है और हर अमेरिकी को इसका गणित समझना चाहिए, क्योंकि यह व्यापारिक स्थिति से संबंधित है।'' नवारो ने कहा, ''आप इस बात से समझिए कि भारत शुल्क का 'महाराजा' है, यह अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क लगाता है और इसके पास ऊंची गैर-शुल्क बाधाएं भी हैं, जिससे हम अपने उत्पाद वहां नहीं पहुंचा पाते।''

## ऑफ बीट

# कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?



खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। संपूर्ण खाद्य पदार्थों को भी पैक किया जा सकता है। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है। ''संपूर्ण खाद्य पदार्थ'' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली। समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर देश से 'माफी' मांगें

## चुनाव आयोग का राहुल पर पलटवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि अगर राहुल अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।

**ईसीआई की कांग्रेस नेता को दो टूक**

ईसी ने कहा कि राहुल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में वही पुरानी बातें दोहराई हैं, जो 2018 में कमलनाथ ने कही थीं। सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की थी

**राहुल के आरोप सही हों तो हस्ताक्षर करें या फिर बेतुके बयान बंद करें**

### शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने का दिया विकल्प



कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था।

### हमेशा की तरह दावे और आपत्तियां चुनाव के बाद ही देंगे राहुल

आयोग ने शुक्रवार को सवाल उठाया कि राहुल ने अभी कोई आपत्ति क्यों नहीं जताई। यह सवाल



बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में नाम जोड़ने या हटाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल की ओर से चुनाव आयोग से संपर्क न करने के बाद किया गया। राहुलर निशाना साधते हुए सकहा कि ऐसा लगता है कि वे दावे और आपत्तियां अभी देने के बजाय चुनाव के बाद ही देंगे।

### 'बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप में 65 लाख नामों का अंतर' बताई वजह

बिहार में 'सर' के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में 65 लाख नामों का अंतर दर्ज किया गया है। आयोग ने इस अंतर की वजह स्पष्ट की। 8करोड़ मतदाताओं के लिए नामांकन प्रपत्र वितरित और डाउनलोड किए गए थे, जिनमें से 7.24 करोड़ प्रपत्र ही बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा संग्रहित किए जा सके। शेष मतदाताओं के फॉर्म इसलिए नहीं मिले क्योंकि वे अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता बन गए थे, या अस्तित्व में नहीं पाए गए। 65 लाख के इस अंतर में 22 लाख मृतक, 36 लाख स्थायी रूप से बिहार से बाहर चले गए या उपलब्ध नहीं हुए,7लाख ऐसे थे जिनके नाम कई स्थानों पर दर्ज थे।

**केंद्रीय मंत्री यादव का राहुल पर तंज**

### जहां से वोट चोरी का दावा, वहीं कांग्रेस की सबसे ज्यादा सीटें



राहुल के आरोप पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उन पर तंज किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल कहते हैं कि वोट चोरी हुए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि राहुल ने जिन जगहों पर वोट बढ़ने की कही है कांग्रेस वहीं पर ज्यादा सीटें जीती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल विपक्ष चुनाव आयोग को लेकर गलत सूचना फैला रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रहे हैं।

**अब खरगे ने राहुल जैसा राग अलापा**

### 2019 में कांग्रेस फर्जी वोटों के चलते हारी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में आयोजित वोट अधिकार रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2019 का लोकसभा चुनाव भी फर्जी वोटों के कारण हारा था। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार चोरी की सरकार है। देश को फर्जी वोटों से रुला रही है। मैंने 2019 में कहा था कि कांग्रेस फर्जी वोटों के चलते हारी।

## खबर संक्षेप

### बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर 5 लोगों की मौत

**बाराबंकी।** जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर



गूलर का पेड़ गिर गया। पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरा। बताया जा रहा कि हादसे में चार महिलाओं समेत 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्राके रूप में हुई है।

### भाजपा सांसद निशिकांत और मनोज पर केस दर्ज

**देवघर।** झारखंड के देवघर स्थित प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने के



आरोप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि दोनों सांसदों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए जबरन गर्भगृह में प्रवेश किया। अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी के खाई में गिर जाने से 6 की मौत

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के भंजराडू-शहवा-भड़कवास मार्ग पर हुए भीषण हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी से



गिरे बड़े पत्थर के कारण गुरुवार रात स्विफ्ट साउआ पधरी के समीप लुढ़क कर करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। मृतकों की पहचान राजेश कुमार, हंसोबाई , आरती, दीपक , राकेश कुमार व चालक हेम पाल के रूप में हुई है।

### दिल्ली सरकार ने पेश किया स्कूल फीस वृद्धि विधेयक

**नई दिल्ली ।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने जो विधेयक लाया है, उसका मुख्य



मकसद यह बताना है कि शिक्षा किसी भी तरह का व्यापार नहीं है। विधेयक के जरिए निजी स्कूलों की फीस बढ़ाने पर लगाम लगाई जाएगी ताकि शिक्षा सभी के लिए सस्ती और उपलब्ध रहे।

## गृहमंत्री शाह ने सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का किया भूमिपूजन

# 'घुसपैठिए' इनका बड़ा वोट बैंक, 'सर' से बचाकर बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी



शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे

**शाह ने लालू यादव, तेजस्वी और राहुल पर साधा निशाना**

एजेंसी ▶▶ सीतामढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। घुसपैठिए आरजेडी और कांग्रेस के वोट बैंक हैं, इसलिए सर के बहाने इन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।

### राहुल... 'सर' का काम नेहरू के जमाने से हो रहा



**आरजेडी और कांग्रेस पर साधा निशाना**

शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

### लालू एंड कंपनी व कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटिबद्ध हैं। एक जमाने में कांग्रेस का शासन था तो देश भर में बम धमाके होते थे। बम धमाके करके पाकिस्तान भाग जाते थे आतंकवादी। कोई पूछने वाला नहीं होता था। मोदीजी की सरकार तो उड़ी हमले के जवाब में हमने सर्जिकल स्ट्राइक किया। पुलवामा में हमला किया तो हमने एयर स्ट्राइक किया। पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। और यह कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है।

### रेल मंत्री रहते लालू ने बिहार को कुछ नहीं दिया

लालू बिहार के रेल के विकास के लिए हर साल 1132 करोड़ रुपए खर्च करते थे। मोदी सरकार में सिर्फ 25-26 में 10 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट सिर्फ बिहार में रेल के विकास के लिए दिया है।

### घुसपैठियों को निकालने से क्यों रोक रहे लालू?

शाह ने कहा कि मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि घुसपैठियों को मतदाता सूची से निकालना चाहिए या नहीं? आयोग को काम करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? मुझे बताएं लालू प्रसाद किसे बचाना चाहते हैं? आज तक चुनाव आयोग को उनकी पार्टी ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं दिया। कांग्रेस ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं दिया। आप बचाना किसको चाहते हो? जो बांग्लादेश से आकर मेरे बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं, उन्हें बचाना चाहते हो? मुझे बताओ मिथिलांचल वालो, सर के जरिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए?

### तेजस्वी ने गुंडई, अपहरण व फिरौती के अलावा क्या किया?

आज यहां से तेजस्वी यादव से पूछने आया हूं कि आपके पिताजी और माताजी का कई साल शासन रहा। गुंडई करने के अलावा, अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया?

**अयोध्या श्री राम मंदिर**

### के बाद अब पुनौरा धाम का ऐश्वर्य दिखेगा

अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिलान्यास के बाद लंबी लड़ाई चली थी। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में जब मंदिर का उद्घाटन हुआ, तभी से इस बात की चर्चा ने जोर पकड़ा था कि अब श्रीराम की अर्द्धांगिनी सीता माता के प्रकट-स्थल बिहार के सीतामढ़ी में भी अब जल्द ही भव्य मंदिर बनेगा। वह दिन आ गया है।

**यह मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरुआत**

शाह ने कहा कि मैं मिथिलांचल के लोगों से कह रहा हूं कि यह सिर्फ मंदिर नहीं है, बल्कि मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरुआत है। इसके साथ ही पूरे बिहार का विकास होगा।

**सीएम नीतीश बोले**

### शाह को हाथ जोड़कर बधाई देनी चाहिए

पुनौरा धाम में भव्य शिलान्यास किया गया। केंद्रीय गृह एवं



सहकारिता मंत्री शाह ने पुनौरा धाम के मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि सभी लोगों को हाथ उठाकर केंद्रीय गृह मंत्री शाह को बधाई देना चाहिए।

**'लोकतंत्र बचाओ, करो या मरो' मिशन पर कांग्रेस**

## 11 को उच्चस्तरीय बैठक, आज होगा राहुल के पीसी का प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी के कथित 'वोट चोरी' खुलासे पर चुनाव आयोग को शपथ पत्र देने के बजाए कांग्रेस ने इस पर राजनीतिक मुलम्मा चढ़ा दिया है। आक्रामक शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्षों को राहुल की प्रेस कांफ्रेंस के सार्वजनिक प्रदर्शन कर जनता को जगाने की मुहिम चलाने का आदेश दिया। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश को 'करो या मरो' का आह्वान दिया था, उसी प्रकार लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को भी एक निर्णायक 'करो या मरो' मिशन पर आगे बढ़ना होगा। राहुल द्वारा उजागरमतदाता सूची में हेराफेरी, चुनावी धोखाधड़ी पर पार्टी देशव्यापी अभियान को और तेज करेगी। 11 को कांग्रेस मुख्यालय में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में उच्च बैठक होगी।

### राज्य स्तर पर कल होगा प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्रसारण

वेणुगोपाल ने बताया कि 9 अगस्त को देशभर की प्रदेश कांग्रेस समितियों के मुख्यालयों में राहुल की 'ऐतिहासिक' प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कथित तौर पर भाजपा–चुनाव आयोग गठजोड़ द्वारा चुनावी फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया गया था। 'भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और चुनाव आयोग उसके इशारों पर काम कर रहा है। मतदाता सूची में हेराफेरी भारतीय लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

**खरगे, राहुल की बेंगलुरु में 'वोट अधिकार रैली'**

## राहुल बोले- डिजिटल वोटर लिस्ट मिले, तो दिखाएंगे 'वोटों का खेल'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित फ्रीडम पार्क में 'वोट अधिकार रैली' कर चुनावों में कथित रूप से भाजपा की मदद के लिए की जा रही धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जमकर आरोप लगाए। खरगे ने कहा महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था और आज हम एक वैसी ही अस्तित्व की लड़ाई का सामना कर रहे हैं। आज हमारे मताधिकार छीने जा रहे हैं। यह हमारे लिए 'करो या मरो' का संघर्ष है। कन्नड़ भाषा में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। राहुल ने लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा 35 हजार से कम वोटों से जीती 25 सीटों का हवाला देते हुए कहा इसी की बदौलत नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार काम कर रही**

## राखियां बंधवा कर शिवराज बोले... दीदियां स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्वसहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाई स्वदेशी राखी बांधी और देशभर की दीदियों को संबोधित करते हुए उन्हें 6महत्वपूर्ण संकल्प दिलवाए।

इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे एवं देशभर से 700 से ज्यादा स्थानों से दीदियों ने वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की। चौहान ने सदीदियों को संकल्प दिलवाते हुए सभी छह संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया।



उन्होंने कहा कि दीदियां पहला संकल्प लें कि वेस्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देंगी, स्वदेशी उत्पाद बनाएंगी व स्वदेशी उत्पाद खरीदेंगी भी, दूसरा संकल्प लें कि गांव में यदि अभी भी कोई महिला स्वसहायता समूह से नहीं जुड़ पाई हैं, तो उन्हें समूह में जोड़ेंगी, तीसरा संकल्प के तहत सभी महिलाएं और बेहतर प्रदर्शन करें।

**संसदीय समिति की सिफारिश**


## ओबीसी 'क्रीमी लेयर' के लिए फिर से आय तय की जाएगी

**नई दिल्ली।** पिछड़ा वर्ग मामलों की संसदीय समिति की शुक्रवार को मीटिंग के बाद समिति ने सिफारिश की है कि ओबीसी की क्रीमी लेयर की लिमिट में संशोधन करने की



जरूरत है। मौजूदा सीमा पात्र ओबीसी वर्ग के परिवारों के एक बड़े वर्ग को आरक्षण के लाभ और कल्याणकारी योजनाओं से वंचित कर रही है। संसद में पेश 8 वीं रिपोर्ट में समिति ने उल्लेख किया कि आय सीमा को 6.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपए प्रति वर्ष करने संबंधी संशोधन 2017 में किया गया था। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अनुसार इस सीमा की समीक्षा हर तीन साल पर या जरूरत पड़ने पर उससे पहले भी की जा सकती है। भाजपा सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने यह बात कही।

## महिला ने साड़ी का टुकड़ा निकाल धामी को बांधी राखी



**धराली।** उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने शुक्रवार को ऐसा दृश्य आया, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। धामी प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे थे, तो अहमदाबाद के ईशनपुर की रहने वाली धनगौरी अपनी कृतज्ञता रोक नहीं सकीं। उनकी आंखों में आंसू थे। वे आगे बढ़ीं, अपनी साड़ी का किनारा फाड़ा और उसका एक टुकड़ा राखी के रूप में मुख्यमंत्री की कलाई पर बांध दिया।

**तमिलनाडु सरकार ने केंद्र की त्रिभाषा शिक्षा नीति को ठुकराया**

## स्टालिन सरकार ने तमिल-अंग्रेजी को ही जारी रखने का लिया निर्णय

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में शिक्षा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने अपनी स्वतंत्र राज्य शिक्षा नीति लागू कर दी है। अन्ना



शताब्दी पुस्तकालय सभागार में सीएम स्टालिन ने इस नीति का औपचारिक विमोचन किया गया। नई नीति का मकसद राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी, छात्र-केंद्रित और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाना है। इसमें परीक्षा प्रणाली से लेकर स्कूल स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों की पढ़ाई तक कई बड़े बदलाव शामिल हैं।

इस नई शिक्षा नीति का ऐलान उस समय हुआ है जब राज्य और केंद्र सरकार के बीच भाषा नीति को लेकर लंबे समय से टकराव जारी है। तमिलनाडु की नीति ने साफ कर दिया है कि राज्य अपने दो-भाषा फार्मूले तमिल और अंग्रेज़ी पर ही कायम रहेगा।

### स्कूल स्तर पर एआई और अंग्रेजी पर जोर

राज्य शिक्षा नीति को सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डी. मुरुगेसन की अध्यक्षता में गठित एक 14-सदस्यीय समिति ने तैयार किया था। इस नीति में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक तकनीकों को स्कूल स्तर पर शामिल करने की सिफारिश की गई है। अंग्रेजी भाषा में दक्षता बढ़ाने पर भी खास जोर है। इसके साथ-साथ ही नीति का मूल उद्देश्य यह है कि राज्य के हर छात्र तक समान और गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा पहुंचे।

**प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला, नया प्रारूप बनेगा**

# केंद्र ने लोकसभा से वापस लिया 'आयकर विधेयक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा हैकि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में नए स्वरूप में पेश किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने आयकर विधेयकको 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनाई गई थी। समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिए



थे। समिति ने 21 जुलाई को रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत कर दी। केंद्र सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली हैं। कुछ सुझाव भी प्राप्त हुए हैं जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है।

### नया विधेयक 11 को किया जाएगा पेश

**समिति ने रिपोर्ट में दिए कई अहम सुझाव**

विधेयक की जांच कर रही 31 सदस्यों वाली संसदीय समिति ने अपने सुझाव में कहा है कि गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ), विशेष रूप से धर्मार्थ और परमार्थ उद्देश्यों वाले संगठनों के लिए गुमनाम दान पर कर लगाने के संबंध में अस्पष्टता को दूर किया जाना चाहिए। समिति ने गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओ) की 'प्राप्तियों' पर कर लगाने का विरोध किया, क्योंकि यह आयकर अधिनियम के तहत वास्तविक आय कराधान के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुझावों में 'आय' शब्द को फिर से लागू करने की सिफारिश की गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल एनपीओ की शुद्ध आय पर ही कर लगाया जाए। पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले 'गुमनाम दान के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर' है, इसे देखते हुए समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक और परमार्थ न्यास (ट्रस्ट), दोनों को ऐसे दान पर छूट दी जानी चाहिए।

### एक स्पष्ट और नया संस्करण लाएंगे

बताया जा रहा है कि कि विधेयक के विभिन्न संस्करणों के कारण भ्रम से बचने तथा सभी परिवर्तनों को शामिल करते हुए एक स्पष्ट और नया संस्करण उपलब्ध कराने के लिए आयकर विधेयक का नया संस्करण सोमवार को सदन में विचार के लिए पेश किया जाएगा।

## ब्रिक्स की एकजुटता का प्रमाण...

# ट्रंप के टैरिफ धमाके के बीच पीएम मोदी की पुतिन से हुई बात

» भारत-रूस ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने जताई प्रतिबद्धता

» ब्राजील के बाद ब्रिक्स के दूसरे राष्ट्राध्यक्ष हैं पुतिन, जिन्होंने पीएम से बातचीत की है

» इस साल रूस के राष्ट्रपति की मेजबानी के लिए उत्सुक है भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती तनातनी के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम को यूक्रेन से जुड़े हुए ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया। जबकि पीएम ने वार्ता के दौरान रूस के राष्ट्रपति को इस साल भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। अमेरिकी टैरिफ पर भारत ने बीते दिनों आधिकारिक रूप से अपनी स्थिति को साफ करते हुए कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। रूस से खुद के द्वारा किए जा रहे व्यापार के मध्य अमेरिका का ये निर्णय पूरी तरह से गलत और अविवेकपूर्ण है।



### नहीं झुकेगा ब्राजील, राष्ट्रपति लूला की दो टूक

*अमेरिका की तरफ से ब्राजील पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के मामले पर ब्राजील के राष्ट्रपति ने कुछ दिन पहले ही अपना रुख साफ करते हुए कह दिया था कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति की बजाय भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत करना पसंद करेंगे। ट्रंप ने लूला को बातचीत का प्रस्ताव देते हुए कहा था कि वो मुझे फोन पर बात कर सकते हैं, कुछ बात बन सकती है। लेकिन ब्राजील के राष्ट्रपति ने इसके लिए साफ तौर पर इंकार कर दिया था। अपने इसी कथन की पुष्टि उन्होंने पीएम मोदी से बीते 7 अगस्त को फोन पर की गई बातचीत से की है। वहीं, चीन ने भी भारत पर लगाए गए अमेरिका के अधिकतम टैरिफ को उसके द्वारा खुलेआम की जा रही गुंडागर्दी करार देते हुए कहा है कि बदमाश को एक इंच दो, तो वो मील भर ले लेगा। चीन पर अमेरिका ने 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति कह चुके हैं कि रूस से व्यापार करने वाले देशों पर वह 100 फीसदी तक टैरिफ लगाएंगे। यहां एक चौंकाने वाली बात ये है कि दुनियाभर के देशों पर रूस से व्यापार के नाम पर भारी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद बड़े पैमाने पर रूस के साथ व्यापार कर रहा है।*

### प्रदर्शित होती ब्रिक्स की एकजुटता

बता दें, रूस के राष्ट्रपति से पहले बीते गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने भी पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की थी। ब्राजील पर भी अमेरिका ने भारत की तरह ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। पीएम ने अपनी एक एक्स पोस्ट में इस बातचीत का जिक्र करते हुए कहा था कि हम दोनों व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच एक मजबूत और जन केंद्रित साझेदारी सभी के लिए लाभप्रद होती है। बातचीत में मैंने ब्राजील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए राष्ट्रपति लूला का धन्यवाद दिया।

### ब्रिक्स की सदस्य संख्या हुई दस

*ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी। इसे उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का संगठन माना जाता है। शुरुआत में ब्राजील, रूस, चीन और भारत जैसे चार देश इसके सदस्य थे। जिसकी वजह से इसे ब्रिक कहा जाता था। लेकिन 2010 में इसमें दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने बाद ये संगठन ब्रिक्स के नाम से दुनिया में जाना जाने लगा। वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या बढ़कर दस तक पहुंच गई है और ब्रिक्स में ईरान, यूएई, इंडोनेशिया, मिस्र और इथोपिया जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। अमेरिका ब्रिक्स का घोर विरोधी है और लगातार इसकी आलोचना करता रहता है।*


### मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी

*पीएम ने एक्स पर पोस्ट में रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए मैंने उनका धन्यवाद किया। हमने अपनी वार्ता में द्विपक्षीय एजेंडे में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा मैंने राष्ट्रपति पुतिन की इस वर्ष के अंत में भारत में मेजबानी के लिए उत्सुकता जाहिर की है। मंत्रालय ने बताया कि पीएम ने बातचीत के दौरान रूस के राष्ट्रपति द्वारा दिए यूक्रेन विवाद को लेकर दिए गए विस्तृत आकलन को लेकर धन्यवाद दिया। साथ ही विवाद को लेकर बनी हुई भारत की दृढ़ स्थिति को लेकर प्रतिबद्धता जताई।*

## खबर संक्षेप

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति को लाओ, 400 करोड़ पाओ

**मियामी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो पर ड्रग माफिया होने का आरोप लगाते हुए ट्रंप प्रशासन ने



उनकी गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर (लगभग 438 करोड़ रुपए) के इनाम की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने पूर्व में घोषित इनाम को दोगुना कर दिया है। ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि मादुरो दुनिया के बड़े मादक पदार्थ तस्करों में एक हैं और अमेरिका में फेंटेनाइल से लैस कोकीन की आपूर्ति करनेवाले कार्टेल से जुड़े हैं। उन पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

### भारतीय छात्रा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**टोरंटो।** कनाडा में 21 वर्षीय भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की हत्याकांड में गोली चलाने वाले



व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। कार्यवाहक डिटेक्टिव सार्जेंट डेरिल रीड के हवाले से बताया गया कि हैमिल्टन पुलिस ने मंगलवार को ओंटारियो के नियाग्रा फॉल्स में 32 वर्षीय जेरडाइन फोस्टर को गिरफ्तार किया था। उस पर हत्या के प्रयास के तीन मामलों में भी आरोप लगाए हैं।

## टैरिफ की धमकियों के बीच बदले अमेरिका के सुर

विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी बोले

# भारत रणनीतिक साझेदार, जिसके साथ यूएस पूर्ण और स्पष्ट बातचीत कर सकता

### साझेदारों के साथ पूर्ण कूटनीतिक संवाद करने के लिए तैयार हर चीज पर हर समय 100 प्रतिशत एकमत नहीं हो सकते

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

टैरिफ की धमकियों को लेकर भारत के सख्त और स्पष्ट रुख को देखते हुए अमेरिका के रुख बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। अमेरिका ने भारत को अपना रणनीतिक साझेदार बताया है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ अमेरिका पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल की खरीद और वॉशिंगटन के साथ व्यापार असंतुलन को लेकर अपनी चिंताओं को लेकर नई दिल्ली के साथ बहुत स्पष्ट रहे हैं।

विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। यह जारी रहेगी। पिगॉट ने कहा कि विदेश नीति में किसी भी चीज की तरह, आप हर चीज पर हर समय 100 प्रतिशत एकमत नहीं हो सकते, लेकिन यह बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इन चिंताओं का समाधान करना महत्वपूर्ण है। यही एक स्पष्ट बातचीत का अर्थ है।



फाइल फोटो

### टैरिफ हटाया गया तो अमेरिका में आएगी 'महामंदी': ट्रंप

*अमेरिकी अदालतों की ओर से टैरिफ के फैसले को पलटे जाने को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर टैरिफ को हटाया जाता है तो अमेरिका में 1929 जैसी महामंदी आ सकती है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि टैरिफ का शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लगभग हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। सैकड़ों अरब डॉलर अमेरिकी खजाने में आ रहे हैं। अगर कोई कट्टरपंथी और वामपंथी अदालत टैरिफ को रद्द करती है तो अमेरिकी फिर 1929 जैसी महामंदी में घिर जाएगा। इतिहास में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जो मेरे जैसे परीक्षणों, कष्टों और अनिश्चितताओं से गुजरा हो। हमारा देश सफलता और महानता का हकदार है, न कि उथल-पुथल, असफलता और अपमान का।*

### ट्रंप को अमेरिकी सांसद ने दी हिदायत

ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए नए आयात शुल्क को लेकर अब अमेरिका में ही घिरते ही नजर आ रहे हैं। एक अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स ने भारत पर बढ़ते टैरिफ को लेकर चिंता जताई है। साथ ही ट्रंप को भारत के साथ संबंधों पर हिदायत भी दी। उन्होंने कहा है कि ट्रंप की यह टैरिफ तानाशाही वर्षों से तैयार की जा रही अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को नुकसान पहुंचा सकती है। मीक्स अमेरिका की हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेटिक रैंकिंग मेंबर हैं।



### सम्मानजनक तरीके से हो समाधान

*मीक्स ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। ऐसे में किसी भी विवाद या चिंता का समाधान लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत आपसी सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने चेताया कि ट्रंप की यह कठोर नीति उन रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकती है, जो वर्षों की मेहनत से बने हैं।*

### दोनों देश जीवंत साझेदारी साझा करते

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता और राष्ट्रपति जो बाइडन के पूर्व सलाहकार अजय भुटोरिया ने भारतीय चीजों पर 50% टैरिफ का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश जीवंत साझेदारी साझा करते हैं, ऐसे में संबंधित चुनौतियों का भी मिलकर सामना करना होगा।



### रिश्ता वैश्विक स्थिरता के लिए अनिवार्य

न्यूयॉर्क के भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और भू-राजनीतिक विश्लेषक अल मेसन ने कहा कि अमेरिका और भारत के रणनीतिक हित एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह रिश्ता अब सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि वैश्विक स्थिरता और लोकतंत्र के लिए एक आवश्यकता बन गया है।



## भारत के सामने दादागीरी फेल

# दावा- मोदी ने ट्रंप से कहा सीजफायर पाक की अपील पर, यूएस का कोई रोल नहीं

पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए। यह दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रंप कनाडा में जी7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रंप के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रंप को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा।

### भारत को मुनीर की मेजबानी से दिक्कत

*रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रंप अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रंप की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है।*

### अमेरिका के रवैए में बदलाव

इसके बाद से ट्रंप और उनके प्रशासन के रवैए में भारत के लिए बड़ा बदलाव देखा गया। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से भारत पर हमला करना शुरू कर दिए। ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद भारत पर पहले 25 और फिर 50% टैरिफ का ऐलान कर दिया। ये तनातनी लगातार जारी है और दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच संवाद नहीं है।

## चीन-पाकिस्तान की सीमाओं पर होगी तैनाती

# टोही व निगरानी के लिए 200 नए हल्के हेलिकॉप्टर खरीदेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को बदलने की तैयारी कर ली है। इसके लिए लगभग 200 नए हल्के हेलिकॉप्टर खरीदे जाएंगे। इन हेलिकॉप्टरों को टोही और निगरानी हेलिकॉप्टर कहा जाता है। ये हेलिकॉप्टर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और वायुसेना दोनों के लिए होंगे। सेना को 120 और वायुसेना को 80 हेलिकॉप्टरों की जरूरत है। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए सूचना का अनुरोध (आरएफआई) जारी किया



है। इसका मकसद तकनीकी जरूरतों को तय करना, खरीद का तरीका तय करना और संभावित सप्लायरों की पहचान करना है। इसमें भारतीय कंपनियां भी शामिल हो सकती हैं जो मूल उपकरण निर्माताओं के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

### ग्राउंड ऑपरेशन में करेंगे मदद

नए हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय कई काम करेंगे। ये टोही और निगरानी करेंगे। छोटे सैनिकों या क्विक रिएक्शन टीमों को स्पेशल मिशन के लिए ले जाएंगे। ये ग्राउंड ऑपरेशन में मदद करेंगे, अंदरूनी और बाहरी सामान ले जाएंगे। ये अटैक हेलिकॉप्टरों के साथ स्काउटिंग करेंगे। घायल लोगों को निकालेंगे, जिसमें खोज और बचाव भी शामिल है। जरूरत पड़ने पर नागरिक अधिकारियों की भी मदद करेंगे।

## अगस्त के अंत में होगी जापान और चीन की यात्रा

# एससीओ सम्मेलन के लिए पीएम की यात्रा का चीन ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की जा रही पीएम नरेंद्र मोदी की तियानजिन की यात्रा को लेकर उनका स्वागत किया है।

साथ ही भारत के पड़ोसी देश द्वारा उम्मीद जताते हुए यह भी कहा गया है कि यह सम्मेलन सद्भावना के समावेश, दोस्ती और लाभदायक परिणामों वाला साबित होगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सभी पक्षों के केंद्रित प्रयासों से तियानजिन में होने वाला एससीओ शिखर सम्मेलन सद्भावना की एकजुटता, मित्रता और फायदेमंद निष्कर्षों वाला आयोजन रहेगा। साथ ही संगठन एक नई तरह की उच्च गुणवत्ता वाले विकास, बढ़ी हुई सद्भावना, समन्वय और उत्पादकता में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। जिसमें सभी सदस्य देश शामिल हैं और उनके अलावा 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी इसमें भागीदारी करेंगे।

## टैरिफ की चुनौतियों पर बोले पीयूष गोयल

# भारत ने कई बदलाव देखे और आपदाओं को अवसर में बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने टैरिफ की चुनौतियों पर कहा कि भारत ने कई बदलाव देखे हैं और हमेशा आपदा को अवसर में बदला है।



आज भी भारत की तरफ दुनिया के देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि ग्लोबल ग्रोथ में 16 फीसदी का योगदान भारत का है, हमारा शेयर मार्केट, करेंसी, विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया आज भारत के 1.4 अरब लोगों के टैलेंट के साथ काम करना चाहती है। भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

### भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा रहा

पीयूष गोयल ने कहा कि ये भारत का समय है, पीएम मोदी भी पूरे देश का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा है। हमारे किसान, उद्यमी, को चिंता करने की जरूरत नहीं है, नए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत आगे रहने वाला है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई इकोनॉमी है और दुनिया ने इसका लोहा माना है।

### किसानों के हितों का ख्याल रखा

*भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर उन्होंने कहा कि वे अपने डेयरी-एग्री प्रोडक्ट्स के लिए हमारे मार्केट को खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमने अब तक जो व्यापार समझौते किए हैं किसी में भी इन्हें नहीं खोला है और भारत सरकार ने हमेशा अपने किसानों के हितों का ख्याल रखा है, इनके साथ कोई समझौता नहीं किया है।*

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला...'अनाथ बच्चों' के जीवन में पहुंचे शिक्षा का उजाला

# आरटीई कानून के तहत अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मिले मुफ्त शिक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वह 2009 के शिक्षा के अधिकार कानून की वंचित श्रेणी में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल कर चार सप्ताह के भीतर उनका निकटतम निजी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन्हें शिक्षा का अवसर मिल सके। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की जनहित याचिका पर यह अहम फैसला सुनाया है। जिसका संबंध देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले अनाथ बच्चों की चिंता से था।



### 4 सप्ताह में राज्य जारी करें अधिसूचना

*कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, राज्यों को चार सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट करना पड़ेगा कि अनाथ बच्चों को आरटीई कानून की धारा 12(1)सी के तहत स्कूलों में दाखिला मिलेगा। पीठ ने उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने के लिए भी कहा है, जिन्हें आरटीई कानून के तहत पहले ही स्कूलों में प्रवेश दिया जा चुका है। इसके अलावा उन बच्चों का भी सर्वेक्षण करना पड़ेगा जो कानून के तहत निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। अदालत ने राज्यों को अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया है कि जो भी अनाथ बच्चे शिक्षा नहीं ले पाए। उसके पीछे की असल वजह क्या है, उसका पता लगाएं? राज्यों को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल करना पड़ेगा।*

### 2027 की जनगणना में शामिल हो आंकड़ा

अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र से 2027 में होने वाली आगामी जनगणना में अनाथ बच्चों के आंकड़े को शामिल करने पर विचार करने के लिए कहा है। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी आया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गुजरात, मेघालय, सिक्किम के साथ ही कई राज्यों ने कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के संबंध में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल करने के लिए पहले ही अधिसूचना जारी कर दी हैं।

### आरटीई कानून का सार

शिक्षा का अधिकार कानून 6 से 14 साल तक की आयु के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। यह कानून संसद में वर्ष 2009 में पारित किया गया था। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को फिर चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। संविधान के 86वें संशोधन द्वारा शिक्षा के अधिकार कानून को प्रभावी बनाया गया है। बच्चों की शिक्षा पर आने वाला वित्तीय बोझ राज्य और केंद्र सरकार के बीच साझा किया जाएगा। कानून के तहत उक्त उम्र के सभी बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। सरकारी स्कूल सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा देंगे। जबकि निजी स्कूल न्यूनतम 25 फीसदी बच्चों को बिना किसी शुल्क के नामांकित करेंगे।

**कोरोना में अनाथ हुए 10 हजार 383 बच्चे:** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान भी राज्यों से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा था। वहीं, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक पूर्व आंकड़े के मुताबिक, कोरोना महामारी में भी देश में बड़े पैमाने पर कई बच्चे अनाथ हो गए थे।

## 'चिकन नेक' के पास चीन एयरबेस सक्रिय करने का मामला

# सरकार बोली- दावे में किसी तरह सच्चाई नहीं, सुरक्षा के लिए उठा रहे सभी कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले दिनों बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में एक पुराने एयरबेस को फिर से सक्रिय करने की खबरें सामने



आई थीं। अब इस मसले पर भारत सरकार ने बांग्लादेश सरकार के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा है कि लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को वर्तमान में सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की कोई योजना नहीं है। एक लिखित सवाल के जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने संसद में ये जानकारी दी। भारत सरकार ने बांग्लादेश के लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स और 26 मई 2025 को बांग्लादेश सेना के सैन्य संचालन निदेशक द्वारा दिए गए प्रेस ब्रीफिंग पर ध्यान दिया है।

### नजर रख रहे

बांग्लादेश ने स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सभी घटनाक्रम पर नजर रख रही है और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। यह एयरबेस भारत के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है, के बेहद करीब है। लालमोनिरहाट एयरबेस बांग्लादेश के रंगपुर डिवीजन में स्थित है।

लाइफStyle



# ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल हुए हिमेश रेशमिया

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और सिंगर हिमेश रेशमिया ने ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर पहली बार भारतीय कलाकार के रूप में इतिहास रच दिया है। यह भारतीय संगीत के लिए गर्व का पल है। इस लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे जैसे कई बड़े पॉप स्टार्स का नाम शामिल है। हिमेश का यह मुकाम उनकी 20 साल से ज्यादा की मेहनत और लोकप्रियता का सबूत है। उनके गाने आज भी दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, एड शीरन और लेडी गागा जैसे सितारों के साथ उनका नाम भारतीय पॉप संस्कृति की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है। ब्लूमबर्ग की इस रैंकिंग के लिए 1.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। दुनिया भर के प्रशंसकों ने वीवर्स प्लेटफॉर्म पर वोट देकर चुना कि कौन इस सूची में रहेगा।

# प्रीति
## किसी को भी डरने की जरूरत नहीं



फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' आखिर शुक्रवार 8 अगस्त को रिलीज हो रही है। कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी यह फिल्म शुरुआत से विवादों में है। अब जब सिनेमाघरों में पहुंच रही है तो इसकी अदाकारा प्रीति झंगियानी ने प्रतिक्रिया दी है। कई बाधाओं का सामना करने के बाद फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' को आखिरकार हरी झंडी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रिलीज से गुरुवार रात मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में विजय राज, प्रीति झंगियानी, कमलेश सावंत और मुश्ताक खान जैसे सितारे हैं। स्क्रीनिंग में शामिल हुईं प्रीति झंगियानी ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। किसी को भी सच बोलने से डरना नहीं चाहिए। मेरा मानना है कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है। इसमें इंसानी स्वभाव और हकीकत को दिखाया गया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किसी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। फिल्म देखें और फिर कोई राय बनाएं'। यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। साल 2022 में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद उनकी दुकान में उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। इस फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है। उदयपुर फाइल्स' को दर्शक दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म को देखकर दर्शक भावुक हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट बेंटन ने अमेरिकी सेना में दी थी सेवा

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने क्रेमर वर्सेज क्रेमर और प्लेसेस इन द हार्ट जैसी फिल्मों के लिए लेखक-निर्देशक रूप में काम किया। रॉबर्ट बेंटन ने टेक्सास विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। इसके बाद वह 1954 से 1956 तक अमेरिकी सेना में रहें। बेंटन ने ग्लोरिया स्टीनम को डेट किया, जो उस समय हास्य पत्रिका हेल्प में कर्मचारी थीं। इसके बाद उन्होंने 1964 में कलाकार सैली रेंडिग्स से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा है। निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने अपने कॅरियर में शानदार काम किया। उन्होंने छह ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। छह में से तीन बार उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसमें क्रेमर वर्सेज क्रेमर लिखने और निर्देशित करने के लिए और प्लेसेस इन द हार्ट लिखने के लिए प्राप्त किया।



# ब्रैड पिट ने पहली फिल्म में की थी गलती, हुए थे शर्मिंदा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को अपनी पहली ही फिल्म के सेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एक्टर ने फिल्म के सेट पर हुए एक वाकये को याद किया। पिट ने बताया कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। साल 1987 में आई फिल्म नो मैन्स लैंड में उन्होंने वेटर की भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्हें बिना क्रेडिट के काम करना था। एक्टर ने बताया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का कार्ड पाने की कोशिश में उन्होंने सीन के दौरान अचानक एक डायलॉग बोल दिया, जिससे सेट पर हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया, 'एक रेस्ट्रॉन्ट का सीन था, जिसमें चार्ली शीन और डीबी, स्वीनी लीड रोल में थे। मैं वेटर था और मुझे सिर्फ शैंपेन लाकर डालना था। मुझे बताया गया कि बोतल को कैसे पकड़ना, खोलना और पोंछना है। लेकिन, मौके का फायदा उठाते हुए मैंने एक्ट्रेस के लिए शैंपेन डालते समय पूछ लिया- क्या आप कुछ और लेना चाहेंगी? ये सुनते ही डायरेक्टर चिल्लाए कट! कट! कट।' ब्रैड पिट ने हंसते हुए कहा, 'पहला असिस्टेंट डायरेक्टर दौड़कर आया और बोला- तुमने फिर से ऐसा किया, तुम बाहर हो जाओ! उस रात मैं बहुत शर्मिंदा हुआ।'



# पति को छपरी कहे जाने पर भड़कीं स्वरा

**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी मुखर हैं। वह अक्सर अपने बेबाक लहजे के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने उस व्यक्ति को खरी-खोटी सुना दी, जिन्होंने एक्स पर उनके पति फहाद अहमद को मजाक में छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कहा। अभिनेत्री फहाद के साथ रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में दिखाई दी थीं। स्वरा भास्कर ने एक्स पर यूजर की प्रोफाइल को हाइलाइट करने के लिए दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। इस पोस्ट में लिखा था 'परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टॉक शो में ले जाते देखकर, स्वरा ने भी ऐसा ही करने का सोचा। वह अपने डोंगरी के छपरी पति को एक रियलिटी शो में ले गईं। पीआर तो छोड़िए, उनके पति डोंगरी के किसी रेहड़ी वाले जैसे लग रहे थे।' जवाब में, स्वरा ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'खुद को गौरवान्वित हिंदू और अंबेडकरवादी बताने वाला यह मूर्ख शायद यह नहीं जानता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है।



# निशानची में निभाएंगे दोहरी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है। निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है। टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि 'बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए?'

टीवी मसाला



# पहले हफ्ते में ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' बना नंबर वन सीरियल

**नई दिल्ली।** 30वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले हफ्ते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से 25 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी की। दर्शकों ने पहले ही हफ्ते में स्मृति ईरानी के इस सीरियल का इतना प्यार दिया कि यह टीआरपी चार्ट में टॉप पर जगह बनाने में कामयाब हो गया। 25 साल बाद भी इस सीरियल का जादू महिला दर्शकों पर बरकरार है। 30वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट में दूसरे नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा है। इसकी टीआरपी भी 2.3 है। लेकिन, इस सीरियल के लिए अब मुश्किलें बढ़ चुकी हैं। दरअसल अनुपमा पिछले कुछ साल से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बन रहता था। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को तीसरा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, दो कॉमेडी सीरियल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शो लाफ्टर शेफ को लिस्ट में चौथा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा को पांचवां स्थान मिला है, इसको 1.9 की टीआरपी मिली है।

# मरने के बाद सजना-संवरना चाहते थे उल्टा चश्मा के नट्टू काका!

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया ने नट्टू काका उर्फ घनश्याम नायक के बारे में कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि नट्टू काका की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद भी उनका



मेकअप किया जाए, जिसे उनके परिवार ने अंतिम संस्कार के समय पूरा किया। पता चलने के बारे में बात की। 3 अक्टूबर, 2021 को कैंसर से इस दिग्गज अभिनेता के निधन की खबर सुनकर कलाकार और क्रू सदमे में आ गए थे। उस समय डेंगू से उबर रहे तन्मय वेकारिया ने कहा, यह खबर सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। घनश्याम नायक की अंतिम इच्छा ने कई लोगों को प्रभावित किया। नट्टू काका अपने व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मरने के बाद भी सजते-संवरते रहने की इच्छा जताई थी। बागा उर्फ तन्मय वेकारिया ने आगे बताया कि कैसे घनश्याम नायक के परिवार ने उनके अंतिम संस्कार के समय इस दिग्गज अभिनेता की अंतिम इच्छा पूरी की।

# भीगी साड़ी गाने में दिखी जान्हवी-सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री



**मुंबई।** जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का आइकॉनिक रेन सीक्वेंस सॉन्ग 'भीगी साड़ी' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में जान्हवी और सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद आ रही है। 'भीगी साड़ी' से अदनान सामी की बॉलीवुड संगीत में वापसी हो रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल की आवाज और अदनान सामी की संगीत में वापसी है। सचिन-जिगर ने संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं। यह गाना बॉलीवुड के क्लासिक बारिश वाले सीन की याद दिलाता है, जिसमें जान्हवी सफेद साड़ी और सिद्धार्थ सूती कमीज में नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और डांस इस गाने को खास बनाते हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का गाना 'भीगी साड़ी' शेयर किया और कैप्शन में लि खा , 'अदनान सामी के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। प्यार और जुनून से भरपूर, अदनान सामी की आवाज में पेश है। परमसुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।

# केरल में रजनीकांत की कुली के लिए दीवाने हैं लोग, ऑफलाइन टिकट लेने लगी भीड़



**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर लोगों में बहुत क्रेज हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसे लेकर क्रेज लोगों में देखने वाला है। कुली में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन, नागार्जुन अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। साथ ही आमिर खान का चौंका देने वाला कैमियो है। विदेशों में तो कुली की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है और केरल में भी ये शुरू हो गई है। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सेल भी जबरदस्त हो रही है। लोग ऑफलाइन फिल्म की टिकट लेने के लिए थिएटर में भीड़ लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस कुली की ऑफलाइन टिकट लेने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। जैसे ही ऑफलाइन बुकिंग ऑन होती है तो लोग थिएटर के अंदर टिकट लेने के लिए भागते हुए लेने आ रहे हैं। इसे देखकर लग रहा है कि लोग पहले दिन ही फिल्म को देख लेना चाहते हैं। लार्ज कैपिसिटी स्क्रीन वाली शोज हाउसफुल हो गए हैं और ऑफलाइन बिक्री में तेजी आ रही है। अभी तमिलनाडु और तेलुगु स्टेट में बुकिंग ओपन नहीं हुई है। वहां पर तो इससे भी ज्यादा देखने को मिलेगा। कुली की बात करें तो लंबे समय के बाद रजनीकांत का एक हटकर अंदाज देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर के बाद से ही रजनीकांत की खूब तारीफ हो रही है। अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार नहीं हो रहा है। कुली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।

### वॉर 2 से होगा क्लैश

रजनीकांत की कुली का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 से होने वाला है। वॉर 2 को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा दोनों में से कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार पाती है।

## रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का है प्रतीक

# भाई-बहन के रिश्ते पर बनीं ये फिल्में देखकर छलक जाएंगी आंखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज रक्षाबंधन का त्योहार है। पूरे देश में ये त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये भाई और बहन का त्योहार है, जिसमें भाई को बहन रक्षा सूत्र बांधती है। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को वचन देते हैं। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है। यह दिन हमें उस प्यार, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव की याद दिलाता है जो भाई और बहन के बीच होता है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बन चुकी हैं। इन सभी फिल्मों में रक्षाबंधन पर गाने भी थे जो आज भी रक्षाबंधन पर बजाए जाते हैं। भाई-बहन के इस प्यार को फिल्मी पर्दे पर बड़ी शिद्दत से दिखाया जाता है। कोई भाई या बहन फिल्म देखे तो उसके आंखों से आंसू निकलना तो पक्का है। क्योंकि, उन फिल्मों की कहानी है ही इतनी इमोशनल।




### सिकंदर

राखी के त्योहार को फिल्मों में दिखाने की शुरुआत 1941 में आई फिल्म सिकंदर से हुई थी। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने सिकंदर की भूमिका निभाई थी। महबूब खान की फिल्म हुमायूं में भी इस त्यौहार को दिखाया गया था। हुमायूं में अशोक कुमार ने हुमायूं और वीना ने कर्णावती की भूमिका निभाई थी। इसके बाद तो फिल्मों में राखी का त्योहार दिखाने का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक कायम है। कहा जाता है राखी की शुरुआत भी हुमायूं और कर्णावती के प्यार के बाद हुई थी।

### रेशम की डोरी

आत्माराम के निर्देशन में बनी 1974 में आई फिल्म रेशम की डोरी में भाई-बहन के बीच प्यार को बखूबी दिखाया गया। इस फिल्म में धर्मेंद्र और उनकी बहन के प्यार ने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए और इस फिल्म का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है..' आज भी बड़ी शिद्दत से सुना जाता है।

### सरबजीत

2016 में आई ये फिल्म भी आप रक्षाबंधन में देख सकते हैं। ये फिल्म भी एक बहन की कहानी पर बनी है, जो अपने भाई को पाकिस्तान के जेल से वापस लाने की लड़ाई लड़ती है। इसे आप ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी देख सकते हैं।

### जिगरा

ये फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म में भाई और बहन के रिश्ते पर आधारित है। एक बहन अपने भाई को किस तरह से रक्षा करती है, इसमें देखने लायक है। आलिया के साथ इसमें वेदांग रैना भी हैं।



### हम साथ-साथ हैं

रिश्तों को बखूबी बयां करती फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' आज भी दर्शकों को खूब पसंद आती है। इस फिल्म में नीलम और उसके तीन भाइयों सलमान, सैफ और मोहनीश बहल के प्रेम को दर्शकों ने बेहद प्यार किया।

**जोश:** समय बदला तो भाई-बहन के प्यार का अंदाज भी बदला। अब फिल्मों में आधुनिकता आने लगी। जोश फिल्म में शाहरुख खान-ऐश्वर्या राय भाई-बहन के रोल में थे। फिल्म में शाहरुख अपनी बहन के प्यार के लिए विलेन बनते नजर आए।

**फिजा :** साल 2000 में आई फिल्म फिजा में ऋतिक और करिश्मा भाई बहन के किरदार में नजर आए। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे दंगों के बीच फिजा का भाई अमान गायब हो जाता है। फिजा अपने भाई की तलाश सालों तक करती है और आखिर में एक बहन का प्यार जीतता है और फिजा अमान को खोज लेती है।



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अकसर ही देखा जा सकता है। अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।


## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला -संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

## देश में बन रहा रेन म्यूजियम




बच्चो, अपने देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व

शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।


**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *




**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर




कहानी

हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा।

अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद




## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर



मानस, राजनांदगांव


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।





# प्रियांश आर्या की विस्फोटक बल्लेबाजी, 52 बॉल पर जड़ा शतक

## आक्रामक पारी में लगाए 7 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग में खिलाड़ी कमाल का खेल दिखा रहे हैं। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले प्रियांश आर्या ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 52 बॉल पर ही अपना शतक पूरा किया। इसमें उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए।

प्रियांश आर्या डीपीएल में आउट दिल्ली वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं। वे अपनी टीम के लिए ओपनिंग करने के लिए उतरे और मैदान पर पहुंचते ही चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद केवल 52 बॉल खेलकर शानदार सैकड़ा पूरा किया। इसके बाद 56 बॉल पर 111 रन बनाकर वे आउट हो गए। अपनी इस आक्रामक पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 198.21 का रहा।



### आईपीएल में की थी शानदार बल्लेबाज

आईपीएल में इसी साल प्रियांश आर्या ने कमाल की बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 17 मैच खेलकर 475 रन बनाए थे। प्रियांश ने एक शतक और दो अर्धशतक अपने नाम किए थे। उनका औसत 27.94 का रहा था। बात अगर डीपीएल की करें तो आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने तीन मैच खेलकर अब तक केवल एक ही जीता है। टीम अभी दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है। देखना होगा कि टीम और खुद प्रियांश आर्या कैसा प्रदर्शन करते हैं।



### करन गर्ग ने 24 बॉल पर बनाए 43 रन

कमाल की बात ये है कि जहां एक ओर प्रियांश आर्या ने शानदार सैकड़ा जड़ा, वहीं टीम का दूसरा कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया। टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर करन गर्ग ने किया, जिन्होंने 24 बॉल पर कमाल के 43 रन बनाए। उन्होंने दो छक्के और पांच चौके लगाने का काम किया। इन्हीं दो बल्लेबाजें की बदौलत टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 231 रन बना दिए।

## खबर संक्षेप




### पंजाब ने जीता सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब

**चेन्नई।** मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया।खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम में दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया। झारखंड के सुखू गुरिया (42वें) ने अपनी टीम को एक बार फिर बढ़त दिलाई। लेकिन पंजाब के मनदीप (45वें, 53वें) के दो गोल ने टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने कांस्य पदक के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 5-3 से हराया।

### नेक्सो चैंपियनशिप : अहलावत 43वें, शुभंकर 77वें स्थान पर

**अबेरडीनशर (स्कॉटलैंड)।** भारत के वीर अहलावत एक ओवर 73 के स्कोर के साथ डीपी विश्व टूर की नेक्सो गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर के बाद 43वें स्थान पर हैं जबकि शुभंकर शर्मा खराब शुरूआत के बाद संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी लगाए, चार बोगी और एक डबल बोगी किया। शर्मा ने पहले दौर में तीन ओवर 75 स्कोर किया। दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने पहले दौर के बाद एक शॉट की बढत बना ली है।



### पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली निलंबित

**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है।



### एशेज में 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया: मैकग्रा

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है।

### 18 साल की एमबोको ने फाइनल में नाओमी को तीन सेट के कड़े मुकाबले में हराया

# नेशनल बैंक ओपन: टेनिस में नई चमक विक्टोरिया और शेल्टन बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

एमबोको और शेल्टन नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के नए चैंपियन बन गए हैं। महिला वर्ग में एमबोको ने ओसाका का मात दी। पुरुष एकल में बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए खाचानोव को हराकर खिताब अपने नाम किया है। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता।

### विक्टोरिया ने लगाई जबर्दस्त छलांग विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंची



### खिताब जीतने वाली बनीं कनाडा की तीसरी खिलाड़ी

इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

### बेन ने जीता तीसरा सबसे बड़ा खिताब



अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

## आईपीएल

# राजस्थान रॉयल्स को अलविदा कह सकते हैं संजू सैमसन?



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने अपनी फ्रेंचाइजी से आग्रह किया है कि उन्हें आईपीएल के अगल सीजन से पहले टीम के रिलीज कर दिया जाए। वहीं कई रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कहा जा रहा है कि अगर संजू को राजस्थान टीम रिलीज कर देती है तो उन्हें सीएसके अपने साथ जोड़ सकती है, लेकिन इन सारी बातों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कुछ अलग ही दावा किया है।

### केकेआर कर सकती है साइन

आकाश चोपड़ा का मानना है कि अगर राजस्थान संजू को रिलीज करने का फैसला करती है तो कोलकाता नाइट राइडर्स उन्हें साइन करने के लिए सबसे ज्यादा उत्सुक हो सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केकेआर को एक भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज और कप्तान की भी जरूरत है साथ ही अगर केकेआर वेंकटेश अय्यर को रिलीज कर देती है तो इस टीम के पर्स में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मेरे दिमाग में सबसे पहला नाम सीएसके का नहीं है। केकेआर इस होड़ में सबसे आगे होनी चाहिए क्योंकि इस टीम के पास कोई भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज नहीं है और इससे इस टीम के हाथ बंधे हुए हैं। दूसरी बार अगर आपको कप्तान भी मिल जाए तो इसमें क्या बुराई है। हालांकि मैं इस बात से इनकार नहीं कर रहा कि अजिंक्य रहाणे ने अच्छी कप्तानी भी की है और रन भी बनाए हैं।

## युवा क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी को मिली जगह

सितंबर में युवा टीम जाएगी आस्ट्रेलिया, वन डे और टेस्ट सीरीज में लेगी हिस्सा





एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और 7 से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर। रिजर्व: जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

### बीसीसीआई ने की खिलाड़ियों के लिए निविदाएं आमंत्रित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है। बोर्ड ने कहा, 'बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।' बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है, जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं। बोर्ड ने कहा, 'एक लाख रुपए की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान प्राप्त होने पर आरएफपी उपलब्ध कराया जाएगा।'

### 22 अगस्त तक चलने वाली प्रो पंजा लीग में आर्म रेसलर्स की हौसला अफजाई करने पहुंचे डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के रेसलर

# प्रो पंजा लीग के शेरों की दहाड़ दूर-दूर तक गूंजेगी: ग्रेट खली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

प्रो पंजा लीग के मुकाबतले शुरू हो चुके हैं, और शेर-ए-लुधियाना आर्म रेसलिंग टीम प्रो पंजा लीग 2025 में अपने फौलादी पंचों के साथ दमदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मुकाबला मध्य प्रदेश के ग्वालियर में होने जा रहा है।

जोश से भरे 32 दमदार खिलाड़ियों की ताकतवर टीम के साथ, शेर-ए-लुधियाना, पंजाब की शक्ति और जुनून का शान से प्रतिनिधित्व कर रही है। इस साल की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों से लेकर नए उभरते सितारों तक का जबरदस्त मेल है, जिसमें पुरुष, महिला और दिव्यांग वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। टीम की कमान संभाल रहे हैं हेड कोच येरकिन अलीमझानोव, जो कजाकिस्तान के एक मशहूर और सम्मानित कोच हैं व दुनिया भर में चैंपियंस तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। कोच पर अपना भरोसा जताते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के रेसलर द ग्रेट खली ने कहा, यह मेरा इस टीम के साथ दूसरा सीजन है और इस बार हमारे हेड कोच येरकिन 7 बार के वर्ल्ड चैंपियन हैं, जो एक मजबूत टीम तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि वे हमें जीत दिलाएंगे।



### बॉक्सर विजेंदर सिंह और राजपाल भी पहुंचे

बेहद बेसब्री से इंतज़ार किए जा रहे इस सीज़न का पहला मुकाबला 5 अगस्त को उद्घाटन समारोह के बाद शुरू हुआ, जिसमें शेर-ए-लुधियाना और कीराक हैदराबाद के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। मुकाबले जबरदस्त रहे और स्टेडियम का जोश भी देखने लायक था, जब द ग्रेट खली खुद लुधियाना शेरों का हौसला बढ़ाने पहुंचे। प्रो पंजा लीग के संस्थापक प्रवीण डबास और प्रीति झिंगियानी के साथ बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव और बॉक्सर विजेंदर सिंह भी इस मौके पर मौजूद थे। फैंस 5 अगस्त से 22 अगस्त तक इस लीग के सभी मुकाबले फैनकोड और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देख सकते हैं। टीम एंबेसडर और महान रेसलर द ग्रेट खली ने कहा, आर्म रेसलिंग सिर्फ ताकत का खेल नहीं है, बल्कि यह अनुशासन और जीतने के जज़्बे का भी खेल है। यही वो मूल्य हैं जिनके साथ मैंने अपने पूरे रेसलिंग करियर में जीया है, और आज वही जज़्बा मैंने हमारी शेरों की टीम में देखा। ये टीम ज़बरदस्त है, एकदम फोकस्ड है और जीत के लिए बनी है। इस पूरे सीज़न में शेरों की दहाड़ ज़ोरदार तरीके से गूंजेगी।

### इस बार हम खिताब जीतने के इरादे से आए: कप्तान तौहीद

टीम के कप्तान और नेशनल चैंपियन तौहीद शेख भी इसी जोश से भरे हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि देश के हर कोने से आने वाली मेहनत और जज़्बे की कहानियां हैं। पिछला सीज़न थोड़ा मिला-जुला रहा, लेकिन इस बार हम खिताब जीतने के इरादे से आए हैं। टीम लगातार अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और अपनी मूल भावनाओं के प्रति समर्पित रहने पर ध्यान दे रही है। हर सीज़न नई चुनौतियाँ और नए मौके लेकर आता है, लेकिन एक चीज़ कभी नहीं बदलती और वह हमारे फैंस का अटूट साथ है। फैंस के इसी समर्थन के साथ टीम इस सीज़न में सिर्फ तैयार ही नहीं, बल्कि पूरी तरह प्रेरित होकर उतर रही है। इस बार दर्शकों को धमाकेदार मुकाबले, जबरदस्त ताकत और बेजोड़ जज़्बा देखने को मिलेगा, जब लुधियाना के शेर ग्वालियर में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। टीम पूरी तरह तैयार है, और जब फैंस का साथ हो, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# मध्य प्रदेश की पुरुष ब्लाइंड फुटबॉल टीम बनी चैंपियन

**भोपाल।** लुधियाना पंजाब में नॉर्थ सेंट्रल मिनी जोनल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मप्र ने मेजबान पंजाब को 2-1 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। मप्र ब्लाइंड फुटबॉल टीम ग्वालियर में पिछले 2 महीने से इसकी तैयारी कर रही थी।



फाइनल में कप्तान फरदीन खान ने दो गोल किए और टीम को जीत दिलाई। ब्लाइंड फुटबॉल एसो.के सचिव मोहम्मद शाहिद ने इसी तरह प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की। मप्र के खिलाड़ियों में कप्तान फरदीन खान, अशोक सिंह, चेतन होतवानी, सुरेन बनेत, राजा चंद्रवंशी, राजकुमार पाल, आमिर आदि शामिल थे।

**समाहरणालय, बाँका**

(मद्यनिषेध शाखा)

अल्पकालीन आम सूचना

फोन–06424–222304(0), 222303 (R), E-Mail Address-dm-banka.bih@nic.in

बिहार सरकार

एतद् द्वारा निम्नांकित वाहन के स्वामियों को सूचित किया जाता है कि मद्य निषेध अभियान के अन्तर्गत पुलिस के विभिन्न थाना जिला बाँका द्वारा जब्त निम्नांकित वाहनों का बिहार मद्य निशेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् **भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बाँका** के द्वारा अधिकृत न्यायालयों में राज्यसात का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यदि वाहन स्वामी प्रपत्र IV आवेदन जमा कर अपना वाहन मुक्त कराना चाहते हो अथवा उन्हें आपत्ति/दावा समर्पित करना हो तो वे अपना पक्ष नीचे कॉलम में अंकित न्यायालय में अंकित तिथि को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से **अपना पक्ष प्रस्तुत** कर सकते है। निर्धारित अवधि तक वाहनों के संबंध में प्रपत्र IV/दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होता है तो एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | कांड सं0/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम व पता | वहन निबंधन संख्या/इंजन संख्या/चेचिस संख्या | न्यायालय का नाम | उपस्थित होने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बौंसी | 347/24/ 10-11-24 | ट्रक | अज्ञात | MP13GB2812 MAT563009M7C05679 33LNGD06BYX506332 | भूमिसुधार उपसमाहर्त्ता, बाँका | 25.08.25 |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 010941 (EXCISE) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

समाहर्त्ता, बाँका

# सैफ सहित अन्य वारिसों के बीच बंटवारे को लेकर नए सिरे से होगी सुनवाई

**भोपाल सहित आसपास के जिलों में पंद्रह हजार करोड़ की प्रॉपर्टी का मामला**

**नवाब प्रॉपर्टी में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फेसले पर लगाई रोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की निजी प्रॉपर्टी को लेकर सैफ अली और अन्य लोगों के बीच चल रहे विवाद में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नवाब के भाई से जुड़े वंशजों के केस में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है। जिसके बाद कहीं न कहीं सैफ अली खान के परिवार को राहत मिली है। हालांकि अब नवाब के वारिसों को लेकर नए सिरे से सुनवाई हो सकती है। दरअसल, नवाब हमीदुल्ला के तीन भाई थे।

नवाब सबसे छोटे बेटे थे। बड़े बेटे नसरुल्ला खान को नवाब बनाया जाना था, लेकिन नहीं बनाया। दरअसल 1925 के आसपास अंग्रेज सरकार ने हमीदुल्ला को नवाब बना दिया। बाद में नसरुल्ला का देहांत हो गया। इसके बाद औबेदुल्ला बचे, इनके वंशज, जहांनुमा वाले हैं। जिसके बाद 1972 में साजिदा सुल्तान के खिलाफ नवाब के दूसरे वंशजों ने केस फाइल किया गया, जिसमें भारत सरकार ने आबिदा के पाकिस्तान जाने के बाद साजिदा सुल्तान को उत्तरदायी बनाया। जिसके तहत नवाब



की सभी प्राइवेट प्रॉपर्टी साजिदा सुल्तान की हो गई। इधर दूसरे वंशजों का कहना था कि इस्लामी लॉ के हिसाब से यह प्रॉपर्टी सभी को मिलना चाहिए। इस केस को लेकर सिविल में केस लगाने की बात कही थी। जबकि सरकारी एक्ट है कि रूलर्स प्रॉपर्टी का बंटवारा नहीं हो सकता। इधर नवाब प्रॉपर्टी के जानकारी अधिवक्ता जगदीश छावानी का कहना है कि अब तक मुझे सुप्रीम कोर्ट के डिसीजन की कॉपी नहीं मिली है। अब तक मिली जानकारी के हिसाब से अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

### पहले यह दिया था आदेश

*मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने भोपाल स्थित सैफ अली खान की पुश्तैनी संपत्ति के विवाद पर ट्रायल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट के 14 फरवरी 2000 को पारित आदेश को दोषपूर्ण पाते हुए निरस्त कर दिया। यह आदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति को लेकर चल रहे उत्तराधिकार विवाद को लेकर सुनाया था।*

### कब क्या हुआ

- निचली अदालत (2000) ने साजिदा सुल्तान एवं परिवार को संपत्ति का विशेष उत्तराधिकारी माना।
- एमपी उच्च न्यायालय ने 30 जून 2025 को यह फैसला रद्द कर पुनर्जीवित सुनवाई का आदेश दिया।
- सर्वोच्च न्यायालय (8 अगस्त 2025) ने उच्च न्यायालय के आदेश को रोकते हुए याचिकाकतार्ओं को नोटिस जारी किए।

# न्यूमार्केट गणेश उत्सव समिति के आयोजक प्रदीप गुप्ता, संयोजक बने संजीव अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति द्वारा न्यू मार्केट में गणेश उत्सव के आयोजन हेतु आयोजन समिति घोषित कर दी गई है। संरक्षण समिति के अध्यक्ष सतीश गंगराड़े ने बताया कि गणेश उत्सव समिति का आयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता एवं संयोजक संजीव अग्रवाल को बनाया गया है।

न्यू मार्केट में धूमधाम से आयोजित होने वाले गणेश उत्सव की झांकी निर्माण का भूमि पूजन 10 अगस्त रविवार दोपहर 2 बजे स्थान गणेश चौक एसबीआई के सामने किया जाएगा। भूमिपूजन समिति के मुख्य संरक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी करेंगे।

**बिना हेलमेट दिया जा रहा था पेट्रोल, पंप सील**

# जाहिदा परवेज के पेट्रोल पंप से दिया जा रहा था 120 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल, टैंकों में मिला कीचड़-पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल ग्राउंड स्थित मेसर्स युसुफ अली एसएच आईओसीएल पेट्रोल पंप पर पंप के नोजल खराब होने से टैंक से निकालकर बांट से पेट्रोल दिया जा रहा था। यहां पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर देने पर टीम ने पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। पंप की संचालक जाहिदा परवेज भी मौके पर मौजूद रहीं।

टीम ने जब पेट्रोल-डीजल के टैंकों की जांच की, तो एक पेट्रोल के टैंक में पानी और डीजल टैंक में कीचड़ मिला। यहां पर बिना हेलमेट पेट्रोल भी दिया जा रहा था, जिसको देखते हुए पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि शहर के पेट्रोल पंपों की लगातार जांच की जा रही है। जिसके तहत शुक्रवार को टीम शाहजहांनाबाद के मॉडल ग्राउंड स्थित जाहिदा अली के पेट्रोल पंप पहुंची थी, जहां बिना नोडल के बाट से पेट्रोल दिया जा रहा था। पंप की डिस्पेंसिंग यूनिट खराब होने की वजह से पंप के सभी नोजल बंद थे। मौके पर कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोल खुले से गाड़ियों में भरा जा रहा था। पंप के डीजल टैंक में 6 डीपीआई पानी मिला, जबकि एक्सपी 95 टैंक में कीचड़ मिलने पर पंप को सील किया गया है।

## श्री हिंदू उत्सव समिति के चुनाव 31 को

**भोपाल।** श्री हिन्दू उत्सव समिति के वर्ष 2025-26 के द्विवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार आज दिनांक तक चुनाव कार्यालय में आई मतदाता सूची संबंधी आपत्तियों को सुना गया और तत्काल निराकरण किया गया। कल शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रशासन कार्यालय में किया जाएगा तथा इसी मतदाता सूची के आधार पर मतदान होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. पीसी कोठारी ने बताया कि नामांकन पत्रों नाम निर्देशन पत्र रविवार 10 अगस्त को दोपहर 12 से 5:30 बजे के मध्य निर्धारित राशि प्राप्त कर मतदाता सूचियां प्रदान की जाएंगी। नामांकन पत्र प्रति सोमवार 11 अगस्त एवं मंगलवार 12 अगस्त को दोपहर प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 अगस्त को कर प्रत्याशियों की सूची घोषित की जाएगी। रविवार 31 अगस्त को गुफा मंदिर लालघाटी स्थित मानस भवन में प्रातः 9 से 5:30 बजे तक मतदान किया जाएगा।

## '120 बहादुर' फिल्म के टीजर पर बवाल, यादव समाज ने फरहान अख्तर को भेजा कानूनी नोटिस

**भोपाल।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' के टीजर लॉन्च होते ही विवादों में घिर गया है। इस फिल्म में रेजांग ला के युद्ध में शहीद मेजर शैतान सिंह पर तो फोकस किया गया, लेकिन उन 120 बहादुर अहीरों का कोई जिक्र नहीं है, जिनके नाम पर यह फिल्म बन रही है। इस पर अहीर समाज ने विरोध जताया है। साथ ही फरहान अख्तर को कानूनी नोटिस भी भेजा है। आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष अभा यादव महासभा के प्रताप सिंह यादव ने बताया कि फिल्म के टीजर में अहीर समाज को उचित प्रतिनिधित्व न दिए जाने पर आज पूरे देश में एक ट्विटर ट्रेंड भी चलाया गया, जो राष्ट्रीय स्तर पर 5वें पायदान पर ट्रेंड कर रहा था। समाज से यह मांग उठाई गई है कि फिल्म में अहीरों के शौर्य और बलिदान को सही तरीके से दर्शाया जाए। समाज ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो फिल्म का विरोध किया जाएगा।

**आटा चक्की संचालक ने की थी सागर लोकायुक्त एसपी को शिकायत**

# बिजली चोरी के केस में बचाने के नाम पर 5 हजार की रिश्वत लेते लाइनमैन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लोकायुक्त पुलिस की सागर इकाई ने दमोह जिले में एक लाइनमैन को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी लाइनमैन ने एक आटा चक्की संचालक से बिजली चोरी के मामले को रफा-दफा करने के लिए 10 हजार की रिश्वत मांगी थी। यह घटना बिजली कंपनी के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के हर्रई दफ़्तर की है। जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी कार्यालय में पदस्थ लाइनमैन गणेश मालवीय ने बिजोरा गांव के एक आटा चक्की संचालक खुमान सिंह को बिजली चोरी के केस से बचाने के लिए 10 हजार रुपए की डिमांड की थी। खुमान सिंह ने इसकी शिकायत सागर लोकायुक्त कार्यालय में की। शिकायत की सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त टीम ने एक ट्रैप प्लान तैयार किया। इसके मुताबिक जैसे ही लाइनमैन गणेश मालवीय ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार लिए, सादे कपड़ों में मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे तुरंत पकड़ लिया। आरोपी लाइनमैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930